




# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित








वर्ष 40 | चंडीगढ़, शुक्रवार, 03 जनवरी, 2025 | पौष शुक्ल पक्ष: चतुर्थी विक्रमी संवत-2081 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 03 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ : 16










# मनु भाकर, गुकेश, हरमनप्रीत और प्रवीण को खेल रत्न, 34 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार

**पांच कोच को द्रोणाचार्य अवॉर्ड से किया जाएगा सम्मानित**

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने गुरुवार को नेशनल स्पोर्ट्स अवॉर्ड 2024 का ऐलान कर दिया है। ओलिंपिक में डबल मेडल जीतने वालीं शूटर मनु भाकर, वर्ल्ड चेस चैंपियन डी गुकेश, हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्लेयर प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इनके अलावा 5 कोच को द्रोणाचार्य अवॉर्ड मिलेगा। इनमें 2 लाइफ टाइम अचीवमेंट के लिए हैं। 34 प्लेयर्स को अर्जुन पुरस्कार दिया जाएगा, इनमें 2 लाइफ टाइम अचीवमेंट के लिए हैं। 17 जनवरी को राष्ट्रपति भवन में अवॉर्ड सेरेमनी होगी।




### पेरिस ओलिंपिक में मनु भाकर ने जीते थे डबल मेडल

मनु भाकर ने अगस्त-सितंबर में पेरिस ओलिंपिक गेम्स में डबल ओलिंपिक मेडल जीते थे। वे 10 मीटर एयर पिस्टल इंडीविजुअल और मिक्स्ड डबल्स में तीसरे स्थान पर रहीं। उनके दो मेडल के दम पर भारत ने पेरिस ओलिंपिक में कुल 6 मेडल जीते थे।




### गुकेश शतरंज के नए वर्ल्ड चैंपियन

18 साल के भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने सिंगापुर में 11 दिसंबर को वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप का खिताब जीता था। उन्होंने चीन के डिफेंडिंग चैंपियन डिंग लिरेन को 7.5-6.5 से फाइनल में हराया।इतनी कम उम्र में खिताब जीतने वाले गुकेश दुनिया के पहले प्लेयर बने हैं। इससे पहले 1985 में रूस के गैरी कैस्परोव ने 22 साल की उम्र में यह खिताब जीता था।




### हरमनप्रीत की कप्तानी में भारत ने पेरिस ओलिंपिक में ब्रॉन्ज जीता

हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलिंपिक 2024 में ब्रॉन्ज और एशियन गेम्स 2022 में गोल्ड मेडल जीता था। वहीं, हरमनप्रीत तीन बार स्न्न्ढ्ढ॥ अवार्ड्स में प्लेयर ऑफ द ईयर का खिताब जीते हैं।




### प्रवीण ने पैरालिंपिक में जीता था गोल्ड

प्रवीण कुमार ने पेरिस पैरालिंपिक 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद में एशियाई रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीतकर सबको चौंका दिया था। टोक्यो पैरालिंपिक में रजत पदक जीतने वाले प्रवीण ने टी64 स्पर्धा में अपने करियर का बेहतरीन प्रदर्शन किया और 2.08 मीटर की ऊंचाई लांघकर इतिहास में नाम दर्ज कराया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### ओएनडीसी से छोटे व्यवसायों को बल, ई-कॉमर्स में क्रांतिः मोदी

**नई दिल्ली (अप्रस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छोटे व्यवसायों को सशक्त बनाने और ई-कॉमर्स में क्रांति लाने में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तत्वावधान में विकसित खुले ऑनलाइन मंच- ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कामर्स (ओएनडीसी) के योगदान का उल्लेख करते हुए गुरुवार को कहा कि यह विकास और समृद्धि को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वणिज्य एवं उद्योगमंत्री पीयूष गोयल की ओएनडीसी के बारे में सोशल मीडिया मंच एक्स पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया ट?यक?त करते हुए श्री मोदी ने लिखा, फ्रओएनडीसी ने छोटे व्यवसायों को सशक्त बनाने और ई-कॉमर्स में क्रांति लाने में योगदान दिया है। इस तरह से विकास और समृद्धि को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पीयूष गोयल ने लिखा कि मोदी सरकार ने भारत में ई-कॉमर्स को लोकतांत्रिक बनाने के उद्देश्य से 2021 में इसे लॉन्च किया था। पिछले तीन वर्षों में, इसने न केवल कई उपलब्धियां हासिल की हैं, बल्कि नेटवर्क पर उनके लिए समान अवसर बनाकर व्यवसायों, विशेष रूप से छोटे उद्यमों को सशक्त भी बनाया है। विक्रेताओं और खरीदारों के बीच की खाई को पाटकर, ओएनडीसी देश के ई-कॉमर्स के क्षेत्र में लगातार क्रांति कर रहा है।




**किसान आंदोलन पर बोले पंजाब के सीएम**

# केंद्र सरकार छोड़े अड़ियल रवैया किसानों से बात करें: सीएम मान

**कहा-हम जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत को लेकर गंभीर है, 50 डॉक्टरों की टीम मौके पर तैनात है**

- **कहा-कृषि मार्केटिंग पॉलिसी का ड्रॉफ्ट नहीं करेंगे लागू**
- **पहले यह पॉलिसी दूसरे राज्यों पर आजमा लें फिर बता देंगे**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब सीएम भगवंत मान ने वीरवार को खनौरी व शंभू बॉर्डर चल रहे किसान आंदोलन को लेकर अहम प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। उन्होंने कहा कि मैं केंद्र सरकार से कहना चाहता हूं अड़ियल रवैया छोड़े दे, रजामंदी से मामले निपट जाते हैं। दुनिया में जंगे चलती हैं, लेकिन मामले टेबल पर बातचीत से निपटते हैं। किसान देश के नागरिक हैं। ऐसे में उनके संगठनों को मीटिंग के लिए बुलाकर इस मामले को निपटाने की कोशिश करें।

सीएम ने कहा कि वह केंद्र सरकार के कृषि मार्केटिंग पॉलिसी के ड्रॉफ्ट को स्वीकार नहीं करते हैं। इस बारे में पंजाब सरकार लिखकर केंद्र सरकार को भेज रही है। हम कह रहे हैं कि किसी अन्य राज्य में तुजुर्बा कर ले, अगर कामयाब होगा तो हमें बता देना। हम सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन करते हैं। सीएम ने कहा कि हम जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत को लेकर गंभीर है। 50 डॉक्टरों की टीम मौके पर तैनात है। साथ ही धरना स्थल के 500 मीटर के दायरे में अस्थाई अस्पताल बनाया गया है। उन्होंने कहा कि अगर कुछ भी होता है तो केंद्र की बीजेपी सरकार की जिम्मेदारी है।

### केंद्र में दोबारा भाजपा आई लेकिन किसानों से बातचीत नहीं की



सीएम मान ने कहा कि केंद्र में दोबारा भाजपा की सरकार बन गई है। लेकिन चुनाव नतीजे आने के बाद किसानों से बातचीत नहीं हुई। जबकि इस दिशा में पहल होनी चाहिए थी। वहीं, अब केंद्र रद्द किए गए तीनों कानूनों को दोबारा किसी अन्य रूप में लागू करने की तैयारी में है। केंद्र सरकार किसानों से बातचीत से घबरा रही है। सीएम ने किसानों को कहा कि पंजाब बंद जैसे फैसले न ले। इस तरह के फैसलों से राज्य का ही नुकसान होता है। पंजाब बंद से पंजाब का सौ करोड़ का नुकसान हुआ है, जबकि लोगों को अलग से परेशानी उठानी पड़ी है।

### किसानों की मांगें सारी केंद्र सरकार से जुड़ी हैं

किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का मरणव्रत 38 वें दिन में दाखिल हो गया। हम कई बार बातचीत का प्रयास कर चुके हैं। किसानों की मांगें सारी केंद्र सरकार से जुड़ी हैं। चाहे इन दोनों फोरम की मांगें हो या अन्य यूनियनों की मांगे हैं। सबकी मांगे एक ही है। जत्थेबंदियों की विचार धारा अलग हो सकती है। बातचीत के लिए न्योता को नहीं देते हैं। अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट में चला गया है। हम डल्लेवाल की सेहत की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। मैंने खुद, परसों डल्लेवाल से बात की है। उन्हें कहा है कि संघर्ष लंबा चलेगा, आपकी सेहत जरूरी है।

### केंद्र चाहता है कि डल्लेवाल को उठाकर अस्पताल ले जाएं

सीएम ने कहा कि केंद्र चाहता है कि डल्लेवाल को उठाकर अस्पताल ले जाए। यह हम कैसे कर सकते हैं। किसान न तो वह हिंसक हो रहे हैं न कोई टकराव की स्थिति है। हमारे पर प्रेशर बनाने की जगह केंद्र सारे स्टेक होल्डर को बुलाकर बातचीत कर ले। भारत को विश्व गुरु बनाना चाहते हैं। बड़े-बड़े देशों के झगड़ों में योगदान दे रहे हैं। यह किसान तो अपने ही देश के हैं, इनसे बातचीत की जाए।

### पंजाब और हरियाणा का मंडीकरण सिस्टम बहुत मजबूत

मान ने कहा कि शिवराज सिंह देश के कृषि मंत्री हैं। वह वहां के मुख्यमंत्री रहे हैं। उन्हें सारे इश्यू पता है। पंजाब और हरियाणा का मंडीकरण सिस्टम बहुत मजबूत है। अब नई एग्रीकल्चर मार्केटिंग पॉलिसी के ड्रॉफ्ट को लागू कर इसे तोड़ने की कोशिश की जा रही है। सीएम ने कहा कि ठीक है आप हरियाणा इलेक्शन जीत गए हैं। जिस तरह के बयान नेताओं के आ रहे है, वह उचित नहीं है। हमारे डीजीपी, एडीजीपी, डीसी सारे अधिकारी किसानों से बातचीत कर रहे हैं। आंसू गैस के गोले व पानी की बौछारें हरियाणा मार रहा है। मामला केंद्र सरकार से जुड़ा है।

# किसानों से कमेटी करेगी बातचीत: सुप्रीम कोर्ट

**कहा- हमने डल्लेवाल को अनशन तोड़ने को नहीं कहा, जानबूझकर हालात बिगाड़े जा रहे**

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** हरियाणा-पंजाब के खनौरी बॉर्डर पर 38 दिन से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत डल्लेवाल को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इसमें कोर्ट ने फिर पंजाब सरकार पर सख्त रुख दिखाया। कोर्ट ने कहा कि जानबूझकर हालात बिगाड़ने की कोशिश हो रही है। हमने कभी अनशन तोड़ने को नहीं कहा। कोर्ट ने पंजाब सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि आपका रवैया ही सुलह करवाने का नहीं है। कुछ तथाकथित किसान नेता गैर-जिम्मेदाराना बयानबाजी कर रहे हैं। इस केस में डल्लेवाल की दोस्त एडवोकेट गुनिंदर कौर गिल ने पार्टी बनने की याचिका दायर की थी। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि कृपया टकराव के बारे में न सोचें, हम किसानों से सीधे बातचीत नहीं कर सकते। कोर्ट ने यह भी कहा कि हमें डल्लेवाल को अस्पताल में भर्ती कराने के आदेश की कंप्लायंस रिपोर्ट चाहिए। सुनवाई के दौरान पंजाब के ष्ठत्रक्क और चीफ सेक्रेटरी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मौजूद रहे। अब 6 जनवरी (सोमवार) को डल्लेवाल मामले और हरियाणा सरकार की शंभू बॉर्डर खोलने के खिलाफ दायर पिटीशन पर भी सुनवाई होगी।






**ठंड** | **लगातार बढ़ रही ठंड ने बढ़ाई लोगों की परेशानी**

# चंडीगढ़, हरियाणा-पंजाब में शीतलहर, हिमाचल में बर्फबारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़, हरियाणा-पंजाब में शीतलहर का प्रकोप जारी है जबकि हिमाचल में बर्फबारी का दौर चल रहा है। मौसम विभाग ने पंजाब-चंडीगढ़, हरियाणा में शीतलहर को लेकर अलर्ट जारी किया है। पंजाब के कई जिलों में कोहरे का असर देखने को मिला है। अमृतसर और पठानकोट में विजिबिलिटी जीरो पर पहुंच गई है। जिसके चलते हवाई और रेल रूट बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मिलान से अमृतसर आने वाली फ्लाइट 2.43 घंटे देरी से लैंड हुई। इसके साथ ही मुंबई से आने वाली इंडिगो की फ्लाइट भी करीब 25 मिनट तक



हवा में चक्कर लगाती रही। वहीं हरियाणा में हिसार, झज्जर, रेवाड़ी, पंचकूला महेंद्रगढ़ और भिवानी समेत कई जगह विजिबिलिटी 10 से 20 मीटर तक रही। मौसम विभाग ने सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, जींद, भिवानी, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी में कोहरे के साथ शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में हिमाचल से भी ज्यादा ठंड पड़ रही है। वहीं हरियाणा के सभी शहरों का तापमान 14 डिग्री से भी नीचे दर्ज किया गया है। हिसार का बालसमंद सबसे ठंडा रहा।

### कल से एक्टिव हो रहा है पश्चिमी विक्षोभ

चार जनवरी को एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसका असर मैदानी इलाकों के साथ-साथ पश्चिमी हिमालय की पहाड़ियों पर भी पड़ेगा। 4 जनवरी को पंजाब के अमृतसर, पठानकोट, गुरदासपुर, तरनतारन और होशियारपुर में हल्की बारिश होने की संभावना है। वहीं, 5-6 जनवरी को भी पंजाब के ज्यादातर इलाकों में बारिश के आसार हैं। अगर यह पश्चिमी विक्षोभ जोर पकड़ता है तो यह साल की पहली बारिश होगी। वहीं, दिसंबर महीने में पंजाब में सामान्य से 126 फीसदी ज्यादा बारिश हुई है। आमतौर पर दिसंबर महीने में 10.9 एमएम बारिश होती है, लेकिन इस साल अब तक 24.7 एमएम बारिश हो चुकी है।

# पंजाब ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तीन तिमाहियों में 30 हजार करोड़ रुपए का राजस्व आंकड़ा पार कर ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया: चीमा

दिसंबर 2024 तक वैट, सी.एस.टी, जी.एस.टी, पी.एस.डी.टी और आबकारी से कुल प्राप्तियों में 3229 करोड़ रुपए की वृद्धि

दिसंबर 2024 में राज्य ने जीएसटी में 28.36 प्रतिशत और आबकारी राजस्व में 21.31 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की

दिसंबर 2024 में वैट, सीएसटी, जीएसटी, पीएसडीटी, और आबकारी से कुल राजस्व प्राप्तियों में 20.19 प्रतिशत की वृद्धि



अर्थ प्रकाश/अक्षित जैन

**चंडीगढ़, 2 जनवरी।** पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी और कर मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज यहां बड़े गर्व के साथ घोषणा की कि राज्य ने पहली बार एक वित्तीय वर्ष के पहले नौ महीनों में वैट, सीएसटी, जीएसटी, पीएसडीटी, और आबकारी से प्राप्त राजस्व में 30,000 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। चालू वित्त वर्ष में दिसंबर तक इन करों से कुल 31156.31 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में इन करों से कुल 27927.31 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था।

यहां जारी प्रेस बयान में यह विचार व्यक्त करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि दिसंबर 2023 की तुलना में दिसंबर 2024 के लिए राज्य में नेट जीएसटी और आबकारी राजस्व में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि जीएसटी राजस्व में 28.36 प्रतिशत और आबकारी राजस्व में 21.31 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वित्त मंत्री ने आगे बताया कि दिसंबर 2024 में अकेले नेट जीएसटी से राजस्व प्राप्ति 2013.20 करोड़ रुपए थी, जो दिसंबर 2023 में 1568.36 करोड़ रुपए की नेट जीएसटी प्राप्ति से 444.84 करोड़ रुपए अधिक है। उन्होंने कहा कि इसी तरह दिसंबर 2024 में आबकारी से राजस्व 154.75 करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ 880.92 करोड़ रुपए रहा जबकि दिसंबर 2023 में यह 726.17 करोड़ रुपए था।

### राज्य की मजबूत आर्थिक नीतियों का प्रतीक हैं ये आंकड़े

वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिसंबर तक वैट, सी.एस.टी., जी.एस.टी., पी.एस.डी.टी. और आबकारी से प्राप्त राजस्व का विस्तार से विवरण देते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि राज्य ने वैट से 5643.81 करोड़ रुपए, सी.एस.टी. से 274.31 करोड़ रुपए, जीएसटी से 17405.99 करोड़ रुपए, पी.एस.डी.टी से 139.10 करोड़ रुपए और आबकारी से 7693.1 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त किया। जबकि, वित्तीय वर्ष 2023-24 में वैट से 5385.24 करोड़ रुपए, सीएसटी से 220.72 करोड़ रुपए, जीएसटी से 15523.74 करोड़ रुपए, पीएसडीटी से 121.6 करोड़ रुपए और आबकारी से 6676.01 करोड़ रुपए प्राप्त हुए थे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार इन करों से वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान 3229 करोड़ रुपए अधिक प्राप्त हुए। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि ये आंकड़े राज्य की मजबूत आर्थिक नीतियों का प्रतीक और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की वित्तीय समझदारी और टिकाऊ विकास को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में राजस्व प्राप्त करने में लगातार हो रही वृद्धि आबकारी और कर विभाग द्वारा कर अनुपालन को बढ़ाने के लिए लागू किए गए उपायों की प्रभावशीलता को दर्शाती है।

# उच्च शिक्षा: रोज़गार के अवसरों के साथ विकास के रास्ते पर बढ़ता पंजाब

बजट में पेशा-प्रमुख और कौशल आधारित प्रोग्राम के लिए 3.25 करोड़ रुपए अलाट किए गए: हरजोत सिंह बैंस



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 2 जनवरी।** मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान के दूरअंदेशी और सहृदय नेतृत्व में पंजाब के उच्च शिक्षा विभाग ने राज्य में उच्च शिक्षा को प्रफुलिल्त करने के मद्देनज़र कई महत्वपूर्ण पहलकदमियां शुरू की है। इन पहलकदमियों का उद्देश्य विद्यार्थियों को पेशा- प्रमुख कोर्स, रोज़गार और स्व-रोज़गार के अवसर प्रदान करना है।

शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहलकदमियों के में बारे बताते हुए उच्च शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि बजट में पेशा-प्रमुख और कौशल आधारित प्रोग्राम के लिए 3.25 करोड़ रुपए अलाट किए गए है। इस प्रोग्राम का उद्देश्य सरकारी कालेजों के विद्यार्थियों को समय के साथी बना कर रोज़गार प्राप्त करने का रास्ता सपाट करना है।

मंत्री ने कहा कि करियर और काउंसलिंग संबंधित यह योजना सरकारी कालेजों के विद्यार्थियों को कॅरियर गाइडैंस और काउंसलिंग प्रदान करना है, जिसके लिए 3.25 करोड़ रुपए का प्रबंध किया गया है।

कैबिनेट मंत्री ने आगे कहा कि इंडस्ट्रियल विजीट एंड एक्सपोजर योजना के बजट में 2 करोड़ रुपए अलाट किए गए है, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को अलग- अलग उद्योगों के साथ रू-ब-रू करवा कर भविष्य के रोज़गार के लिए तैयार किया जाता है। इस योजना के अंतर्गत पहले ही 33. 44 लाख रुपए जारी किए जा चुके है।

स. बैंस ने आगे कहा कि राजीव गांधी नैशनल यूनिवर्सिटी आफ ला, पटियाला के लिए 8.52 करोड़ रुपए का प्रबंध किया गया है, जिसमें से 5 करोड़ रुपए पहले ही जारी किए जा चुके है। उन्होंने कहा कि वित्तीय साल 2023-24 दौरान गुरू नानक देव यूनिवर्सिटी ( जी.एन.डी.यू.) अधीन शहीद भगत सिंह चेयर स्थापित की गई थी, इस पहलकदमी के लिए 1 करोड़ रुपए के बजट की व्यवस्था है।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह पहलकदमियां राज्य में उच्च शिक्षा को बढ़ाने के लिए पंजाब सरकार की वचनबद्धता को दर्शाती है। सरकार का उद्देश्य विद्यार्थियों को करियर-अधारित कोर्स और रोज़गार के अवसर प्रदान करवा कर, युवाओं को समर्थ बनाना और आर्थिक विकास को बढ़ाना है।

# बैंकफिंको की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के लिए लगाए जाएंगे जागरूकता शिविर: चेयरमैन संदीप सैनी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 2 जनवरी।** पंजाब पिछड़ी श्रेणियों, भौतिक विकास और वित्त निगम (बैंकफिंको) ने राज्य की पिछड़ी श्रेणियों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के व्यक्तियों का सामाजिक और आर्थिक स्तर ऊंचा उठाने के लिए स्व-रोजगार योजनाओं के तहत कम ब्याज दरों पर सीधा ऋण योजना, एन.बी.सी. योजना और एन.एम.डी. कल्याण योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुँचाने के लिए जागरूकता शिविर लगाए जाएंगे।

चेयरमैन संदीप सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान और सामाजिक न्याय, अधिकारिता और अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री डॉ. बलजीत कौर के प्रयासों के चलते बैंकफिंको ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 2 करोड़ रुपए शेयर कैपिटल की राशि 23 दिसंबर 2024 को जारी की है। इसके अलावा, वर्ष 2023-24 के दौरान एन.एम.डी. योजना को पुनः शुरू करने के लिए 25 करोड़ रुपए राशि जारी की गई। इस योजना के तहत पंजाब सरकार द्वारा अपने हिस्से की मार्जिन मनी की राशि 1 करोड़ रुपए 26 दिसंबर 2024 को जारी की गई।

श्री सैनी ने बताया कि वित्त विभाग द्वारा एन.बी.सी.एफ.डी.सी. के लिए 30 करोड़ रुपए की रिवॉल्विंग गारंटी पर 2त्न गारंटी शुल्क से छूट दी गई है। ये प्रयास मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की पिछड़े वर्गों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

बैंकफिंको के चेयरमैन संदीप सैनी ने मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर का विशेष धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से एन.एम.डी. योजना और सीधा ऋण योजना पंजाब सरकार के सहयोग से चलाई जा रही हैं। ऋण धारकों को व्यवसाय में दक्षता प्राप्त करने के लिए स्किल डिवेलपमेंट ट्रेनिंग भी दी जाएगी, ताकि वे अपने पारंपरिक व्यवसायों के अलावा कौशल आधारित व्यवसाय अपना सकें।

इस मौके पर बैंकफिंको के वाइस चेयरमैन स. हरजिंदर सिंह सीचेवाल, कार्यकारी निदेशक श्री संदीप हंस और सहायक महाप्रबंधक (अमला) स. अमरजीत सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

पंजाब जेल विभाग का ऐतिहासिक कदम: पहली बार जे.बी.टी. अध्यापकों की नियमित भर्ती

# लालजीत सिंह भुल्लर ने 15 जे.बी.टी. अध्यापकों को नियुक्ति पत्र सौंपे

कहा, जेल विभाग के विभिन्न कैडरों को मज़बूत करने के लिए हो रही है लगातार भर्ती

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 2 जनवरी।** पंजाब के जेल मंत्री स. लालजीत सिंह भुल्लर ने आज जेल विभाग में जे.बी.टी. अध्यापकों के पदों पर पहली बार ऐतिहासिक नियमित भर्ती करते हुए 15 जे.बी.टी. अध्यापकों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

यहां पंजाब भवन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह के दौरान स. भुल्लर ने कहा कि ये अध्यापक कैदियों और उनके बच्चों को शिक्षित करने तथा कैदियों को समाज की मुख्यधारा में शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि पहले इन पदों पर अस्थायी नियुक्तियां की जाती थीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार ने, तीन दशकों के बाद इन पदों पर नियमित भर्ती की है। उन्होंने कहा कि नव-नियुक्त अध्यापकों को उनके घरों के निकट तैनाती दी गई है ताकि वे अपनी ड्यूटी सुगमता से निभा सकें।

जेल मंत्री ने विभाग में भर्ती संबंधी चल रही पहलों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हाल ही में पूरी हुई भर्ती प्रक्रिया के तहत 738 वार्डन और 25 मैट्रन पहले ही अपनी ड्यूटी संभाल चुके हैं। इसके अलावा 175 वार्डन और 4 मैट्रन सहित गार्ड स्टाफ के 179 पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रगति पर है।

विभाग को मज़बूत करने की मान सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए स. भुल्लर ने कहा कि जेल विभाग में विभिन्न कैडरों के 1220 पदों को पुनः सृजित किया जा रहा है, जिनकी भर्ती प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी।

जेलों में चल रही शैक्षिक पहलों के बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया कि विभाग के 'शिक्षा दाता प्रोजेक्ट' के तहत इस समय लगभग 2200 कैदी विभिन्न शैक्षिक कोर्स कर रहे हैं। वहीं, पंजाब कौशल विकास मिशन के तहत जनवरी 2025 से शुरू होने वाले इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर और टेलरिंग समेत विभिन्न कोर्सों में 513 कैदी कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की उपलब्धियों को उजागर करते हुए स. भुल्लर ने बताया कि महज़ 33 महीनों में युवाओं को लगभग 50,000 नियमित सरकारी नौकरियां प्रदान की गई हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल युवाओं के विदेश जाने के रुझान को कम करते हुए उन्हें रोजगार प्राप्त करने के लिए कतार में खड़ा होने के बजाय रोजगार देने वाला बनाने के मुख्यमंत्री के संकल्प को पूरा करने में अहम भूमिका निभा रही है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 2,65,430 उम्मीदवारों को निजी क्षेत्र में रोजगार मुहैया कराया गया है। इस अवसर पर ए.डी.जी.पी. जेल श्री अरुण पाल सिंह, आई.जी. जेल श्री रूप कुमार अरोड़ा और ए.आई.जी. जेल राजीव अरोड़ा भी मौजूद थे।

# मंत्री डा. रवजोत ने सीचेवाल के साथ पंपिंग स्टेशन के लिए चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया

बायोगैस प्लांट स्थापित करने और रंगाई उद्योग सी.ई.टी.पी. और एस.टी.पी. के उचित कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश जारी किए



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लुधियाना, 2 जनवरी।** स्थानीय निकाय मंत्री डा. रवजोत सिंह ने गुरुवार को राज्यसभा सदस्य संत बलबीर सिंह सीचेवाल के साथ 'बुड्ढे दरिया' के गौशाला प्वाइंट के पास एक अस्थाई पंपिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए चल रहे काम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कमिश्नर (डी.सी.)जतिंदर जोरवाल, नगर निगम कमिश्नर आदित्य डेचलवाल, ए.डी.सी रोहित गुप्ता, नगर निगम के अतिरिक्त कमिश्नर परमदीप सिंह सहित नगर निगम और पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पी.पी.सी.बी.) के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

यह अस्थाई पंपिंग स्टेशन राज्यसभा सदस्य संत सीचेवाल द्वारा 'बुड्ढे दरिया' में प्रदूषण कम करने के लिए शुरू की गई 'कार सेवा' के तहत स्थापित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य गौशाला प्वाइंट से एस.टी.पी. जमालपुर तक सीवरेज पानी को पंप करना है जब तक कि गौशाला के स्थान पर एक स्थाई इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन (आई.पी.एस.) स्थापित नहीं हो जाता।

गौशाला आई.पी.एस. स्थापित करने की परियोजना अदालत में चल रहे मामले के कारण लंबित है। इस दौरे के दौरान कैबिनेट मंत्री डा. रवजोत सिंह ने प्रक्रिया को तेज करने के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर भी चर्चा की।

इसके अलावा कैबिनेट मंत्री डा. रवजोत सिंह ने पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पी.पी.सी.बी.) और नगर निगम के अधिकारियों को तत्काल निर्देश जारी किए कि वे यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाएं कि गोबर और औद्योगिक अपशिष्टों को 'बुड्ढे दरिया' में न डाला जाए। डा.रवजोत सिंह ने संबंधित अधिकारियों को हैबोवाल और ताजपुर रोड डेयरी परिसरों में बायोगैस प्लांट स्थापित करने के काम में तेजी लाने का भी निर्देश दिया। इन प्लांटों में गोबर का उपयोग बायोगैस बनाने में किया जाएगा। तब तक, अधिकारियों को डेयरी यूनिट से गोबर इकट्ठा करने और उसे निर्धारित स्थानों पर डंप करने की अस्थाई व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की 'बुड्ढे दरिया' को साफ करने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, स्थानीय निकाय मंत्री डा. रवजोत सिंह ने राज्यसभा सदस्य संत सीचेवाल द्वारा शुरू की गई 'कार सेवा' के तहत उठाए जा रहे कदमों की सराहना की। डा.रवजोत सिंह ने कहा कि इस अस्थायी पंपिंग स्टेशन की स्थापना से निश्चित रूप से दरिया में प्रदूषण को कम करने में मदद मिलेगी क्योंकि इसके तहत सीवरेज पानी को दरिया में जाने से पहले जमालपुर एसटीपी पर उचित ढंग से ट्रीट किया जाएगा।

डा.रवजोत सिंह ने कहा कि 'बुड्ढे दरिया' में प्रदूषण कम करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे है और इस संबंध में संबंधित विभागों को सख्त निर्देश जारी किए गए है।

# 10 हजार रिश्वत लेते पीएसपीसीएल का कर्मचारी विजिलेंस ब्यूरो ने किया काबू

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 2 जनवरी।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) के उमरपुरा सब-डिवीजन कार्यालय, बटाला, जिला गुरदासपुर में तैनात लाइनमैन जगदीश सिंह को 10,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू किया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए राज्य विजिलेंस ब्यूरो के सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उक्त कर्मचारी को तहसील बटाला के गांव फूलका के निवासी गुरविंदर सिंह द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। प्रवक्ता ने आगे बताया कि शिकायतकर्ता ने विजिलेंस ब्यूरो से संपर्क कर आरोप लगाया था कि उक्त लाइनमैन ने जानबूझकर पैसे वसूलने की नीयत से गांव फूलका में स्थित उसकी उपजाऊ जमीन के ऊपर से बिजली की तारें लगाई थीं। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि उक्त लाइनेमैन ने इन तारों को हटाने के बदले पहले 1,500 रुपये लिए थे और अब 10,000 रुपये की और रिश्वत की मांग कर रहा था।

प्रवक्ता ने बताया कि इस शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाया और उक्त कर्मचारी को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 10,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

उन्होंने आगे बताया कि इस मामले में विजिलेंस ब्यूरो थाने, रेंज अमृतसर में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को कल अदालत में पेश किया जाएगा और मामले की आगे की जांच जारी है।

# बच्चों को भिक्षावृत्ति से बचाने के प्रयास जारी: डॉ. बलजीत कौर

## विशेष प्रयासों के तहत वर्ष 2024 में 713 छापेमारी कर 261 बच्चों को रेस्क्यू किया गया

भिक्षावृत्ति कराने पर हो सकती है 5 साल की सजा

अर्थ प्रकाश/अक्षित जैन



**चंडीगढ़, 2 जनवरी।** बच्चों को भिक्षावृत्ति से बचाने के लिए लगातार प्रयास जारी हैं। बच्चों का बचपन सुरक्षित रखने के लिए समर्पित प्रयास किए जा रहे हैं। पंजाब की समाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार बच्चों के कल्याण और सुरक्षा के प्रति वचनबद्ध है।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि विभाग ने वर्ष 2024 में बच्चों को भिक्षावृत्ति से बचाने के लिए 713 छापेमारी कीं, जिनमें कुल 261 बच्चों को रेस्क्यू किया गया। इनमें सबसे अधिक बच्चे बठिंडा, फरीदकोट, लुधियाना, और गुरदासपुर जिलों में रेस्क्यू किए गए।

उन्होंने बताया कि बच्चों की सुरक्षा के लिए जुवेनाइल जस्टिस एक्ट, 2015 की धारा 76 के तहत किसी बच्चे से भिक्षावृत्ति करवाने पर 5 साल की सजा और 1 लाख रुपए का जुर्माना हो सकता है। यदि किसी व्यक्ति द्वारा बच्चे को भिक्षावृत्ति के लिए अंग-भंग किया जाता है, तो उसे 10 साल की सजा और 5 लाख रुपए का जुर्माना हो सकता है। मंत्री ने आगे बताया कि पंजाब भिक्षावृत्ति रोकथाम अधिनियम, 1971 के अनुसार 16 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को 'बच्चा' माना जाएगा। इस अधिनियम के तहत बच्चे को भिक्षावृत्ति में शामिल करने वाले व्यक्ति को 3 साल की सजा हो सकती है, जो 1 साल से कम नहीं हो सकती। बच्चों की सुरक्षा को और प्रभावी बनाने के लिए विभाग द्वारा अधिनियम में संशोधन की प्रक्रिया जारी है।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा बच्चों को भिक्षावृत्ति से बचाने के लिए राज्य सरकार 'जीवनजोत परियोजना' चला रही है। यह सुनिश्चित करने का एक प्रयास है कि किसी भी बच्चे को भिक्षा मांगने के लिए मजबूर न किया जाए। इस परियोजना के तहत विभिन्न विभागों के साथ मिलकर बच्चों को भिक्षावृत्ति से मुक्त कर उनकी शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत 15 अनाथ बच्चों को राज्य में चल रहे बाल गृहों में भेजा गया है, जहां उन्हें शिक्षा, भोजन, और स्वास्थ्य सुविधाएं दी जा रही हैं।

# माता गुजर कौर व चार साहिबजादों की याद में धार्मिक परीक्षा का आयोजन, 419 बच्चों ने भाग लिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**लालड़ू, 2 जनवरी।** माता गुज्जर कौर और चार साहिबजादों की शहादत को समर्पित गुरु मान्यो ग्रंथ निष्काम सेवा सोसायटी लालडू ने स्थानीय जशन पैलेस में धार्मिक परीक्षा आयोजित की, जिसमें पहली कक्षा से बारहवीं कक्षा तक के 419 बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर सोसायटी के अध्यक्ष कुलदीप सिंह सरसीनी ने कहा कि यह उनकी सोसायटी का युवा पीढ़ी को सिखी से जोड़ने का प्रयास है, जिससे बच्चे गुरबाणी और गुरु इतिहास से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि सोसायटी की ओर से गांवों के गुरु घरों में हर सप्ताह धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। अब भी क्षेत्र के गांवों के गुरु घरों में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की सफाई सेवा शुरू की गई है, जिसमें समाज के सभी सदस्य और पदाधिकारी निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोसायटी की ओर से धार्मिक परीक्षा का आयोजन किया गया है, जिसमें परीक्षा देने आए क्षेत्र के बच्चों और उनके अभिभावकों में काफी उत्साह देखा गया। उन्होंने कहा कि सोसायटी की ओर से जरूरतमंद लड़कियों की शादी सहित अन्य सामाजिक कार्य भी किए जा रहे है, ताकि जरूरतमंदों की मदद की जा सके। कार्यक्रम के अंत में अर्शप्रीत कौर पुत्री गुरजीत सिंह, नवनीत कौर पुत्री अमरजीत सिंह, नवतेज सिंह पुत्र मनदीप सिंह ने प्रथम स्थान, जबकि हरसिमरत कौर, जैस्मीन कौर पुत्री अतिंदरपाल सिंह, कृतिका पुत्री बलकार सिंह ने दूसरा और नूरप्रीत कौर पुत्री बलवंत सिंह, मन्नतप्रीत कौर पुत्री हरजिंदर सिंह, रमन कौर पुत्री हरबंस सिंह, सिमरनप्रीत कौर पुत्री हरप्रीत सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह 7वीं से 12वीं कक्षा के बच्चों में सुखमनप्रीत कौर पुत्री कमलजीत सिंह ने पहला, खुशप्रीत कौर पुत्री दलबीर सिंह ने दूसरा और खुशप्रीत कौर पुत्री सुखविंदर सिंह एवं अनमोलजोत कौर पुत्री बलकार सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सुंदर लिखाई के पहले ग्रुप में नवनीत कौर पुत्री अमरजीत सिंह ने पहला तथा दूसरे ग्रुप में अमृत कौर पुत्री गुरध्यान सिंह ने पहला स्थान हासिल किया, जिन्हें सर्टिफिकेट व माता गुजर कौर और चार साहिबजादे की तस्वीर भेंट की गई। परीक्षा में भाग लेने वाले बच्चों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर सोसायटी की ओर से गुरु नानक देव पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल धर्मगढ़, न्यू शिवालिक स्कूल डैहर और डीपीएस किड्स स्कूल लालडू के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन लखोवाल के मनप्रीत सिंह एवं करम सिंह और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों के साथ-साथ सोसायटी सदस्य बख्शीश सिंह भट्टी, जसविंदर सिंह धर्मगढ़, अमरजीत सिंह धर्मगढ़, शेर सिंह सचिव दप्पर, सुखविंदर सिंह डैहर, जसविंदर सिंह झरमडी, गुरपाल सिंह, प्रकाश सिंह रामगढ रूड़की, हरकेश सिंह मलकपुर, हरमेश सिंह सरदारपुरा एवं हरप्रीत सिंह डैहर सहित विभिन्न गांवों से लोग उपस्थित थे।

# हरियाणा और पंजाब में विदेश भेजने के नाम पर बीजा माफिया सक्रिय

## प्रति दिन दर्जनों युवा शिकार होते है ठगी का, सरकार के कानूनों में खामी का फायदा उठा रहा है माफिया

11 जेलों के बाहर पेट्रोल पंप स्वीकृत
जेल कर्मियों को भी हरियाणा राज्य परिवहन की बसों में सुविधा

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 2 जनवरी।** देश के युवाओं में विदेश जाने का मोह जिस तरह से लगातार बढ़ता जा रहा है। डालर कमाने की होड़ में बिदेश जाने क्रेज लोगों में बढ़ा हैं। बारहवीं करते ही बच्चे बिदेश जाने का सपना संजोने लगते हैं। युवाओं की इस मजबूरी का फायदा देश में सपनों के सौदागर उठा रहे हैं।

सरकार ने भी बिदेश भेजने वाले एजेंटों के लिए कोई नियम नहीं बनाए हैं। इसक ा फायदा तथाकथित एजेंट उठा रहे हैं। प्रति दिन दर्जनों मामले विदेश जाने के नाम पर ठगी के मामले समाने आ रहे हैं। पिछले दिनों करनाल के युवकों को बीजा दिलाने के नाम पर बयालीस लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया। इसी तरह में गलत तरीक से बिदेश भेजने के नाम पर धोखा धड़ी के फैर में कई युवा अपने जीवन से हाथ धो बेठे हैं। लोगों में जागरूकता के अभाव का फायदा एजेंट उठा रहे हैं। हरियाणा और पंजाब से हर साल लाखोंलोग बीजा के लिए आवेदन करते हैं। लाखों लोग शिक्षा के लिए बिदेश जाते हैं। युवओं के पसंदीदा देशों में अमरीका कनाडा, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंट, सर्विया, इटली,फ्रास,जर्मनी,दुबई पुर्तगाल, इंगलैंड, सहित तमाम देशों में जाते हैं। लगभग तीस लाख करोड़ रुपया हरियाणा और पंजाब से हर साल बिदेशी संस्थाओं को जाता हैं। बिदेश में जाकर डालर कमाने की होड़ यवाओं में लगी है। करनाल में ही चिरकुटों की तरह इमीग्रेशन की दुकानें खुली हैं। एक जानकारी के अनुसार पूरे हरियाणा में केवल 18 एजेंट ही बिदेश मंत्रालय में पंजीकृत हैं। यदि करनाल की बात करें तो केवल दो ही ऐजेंट पंजीकृत हैं। हर देश की अपनी इमीग्रेशन और बिदेश मंत्रालय का विभाग है। शिक्षा के लिए, बीजा के लिए,नझ़ैरी के लिए तथा अन्य कार्यो के लिए उनके पंजीकृत सलाहकार होते हैं। हर देशकी साइट पर उनके सलाहकारों के नाम अंकित होंतेहैं। हमारे देश का किसान, व्यापारी नौकरी करने वाला अपने बच्चों को बिदेश भेजने के लिए कर्ज लेते हैं जमीन बेच देते हैं। घर गिंरवी रख देते हैं। बाद में पता चलता है कि बिदेश भेजने के नाम पर उनके साथ ठगी हुई हैं। हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र यूपी और पंजाब में इमीग्रेशन माफिया सक्रिय हैं। इनकी हरकतों के कारण सैकड़ों युवा बिदेश में जेलों में सजा काट रहे है। इस तरह के एजेंट हमारे देश की प्रतिष्ठा को दाव पर लगा कर शरणार्थी बीजा लगवा रहे हैं। हरियाणा और पंजाब के कई युवा कनाडा अमरीका, जर्मनी, आस्ट्रेलिया, दुबई न्यूजीलेंड सहित तमाम देशों की जेलों में सजा काट रहे हैं। इस माफिया में स्कूल आइलेट के नाम पर दुकान चलाने वाले लोग शामिल हैं।

संबंधित कार्यालय में जाने पर पहले देखें एजेंट का लाइसैंस , संबंधित देशों की साइट पर मिल जाती हैं सलाहकारों की सूची- इस मुद्दें को लेकर कनाडा सरकार के पंजीकृत सलाहकार अरविंद कादियान ने बताया कि जिस तरही वकील को कानून डाक्टर को मैडीकल की पढ़ाई जरूरी होती हैं। इसी तरह इमीग्रेशन सलाहकार को शिक्षा जरूरी हैं। अधिकृत एजेंट को उस देश की पढ़ाई के बाद परीक्षा देना होती हैं। उन्होंने सवाल किया कि हरियाणा में क्या कोई ऐसा इमीग्रेशन एजेंट हैं जिसने संबंधित देश में परीक्षा देकर सलाहकार की डिग्री ली है। उन्होंने कहा कि सभी देशों की इमीग्रेशन एजेंसियां अपने देश के कानून के हिसाब से परीक्षा लेकर पंजीकरण करती हैं। हरियाणा और पंजाब में ऐसे सलाहकार एक दो हैं। उन्होंने कहा कि जब भी किसी भी एजेंट के पास जाएं तो उनसे लाइसैंस मांगे । अधिकतर लोग दलाली का काम कर रहे हैं।

**हरियाणा में केवल 18 ही हैं पंजीकृत एजेंट, करनाल में दो:** अइमीग्रेशन का काम चार दशक से कर रहे बलजीत साल्यान ने बताया कि भारत सरकार का बिदेश मंत्रालय संबंधित देशें की इमीग्रेशन विभागों की सहायता से सलाहकारों का पंजीकरण करता हैं। पूरे करनाल में उनके अलावा एक और सलाहकार हैं।

**केवल अधिकृत एजेंट के पास ही जाएं:** जब इस मामले में डीसी अनीश यादव से बात की तो उन्होंने बताया कि वह पंजीकृत सलाहकारों की मददलें। किसी के बहकाबे में नहीं आएं। एस पी गंगा राम पूनिया ने बताया कि डंकी बीजा के साथ गलत तरीके से बीजा बनवाने वालों से सावधान रहें। ऐसे लोगों के बारे में पुलिस को सूचना दें।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रेस क्लब समालखा द्वारा मिलन समारोह आयोजित



**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** नेशनल हाइवे स्थित एक निजी होटल में वीरवार को प्रेस क्लब समालखा द्वारा मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया, एसपी लोकेंद्र सिंह आईपीएस, डीएसपी नरेंद्र कादियान, ऊपमंडल अधिकारी अमित कुमार ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुँचने पर मुख्यातिथि और अन्य उपस्थितजनों का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। इसी क?ी में प्रेस क्लब समालखा सदस्यों ने पुष्पगुच्छ से मुख्यातिथि का स्वागत किया। इस दौरान उपायुक्त वीरेंद्र दहिया ने पत्रकारों सहित शहर के समाज सेवियों,शिक्षाविदों साथ हल्के की समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें जल्द हल करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि समालखा से संबंधित जो भी समस्याएं प्राप्त हुई हैं उनके लिए एसडीएम अमित कुमार मौका मुआयना करेंगे और सभी समस्याओं का हल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फ्लाई ओवर के नीचे श्याम चौंक बनाया जाएगा। यहां से रेहड़ी वालों को अनाज मंडी स्थित सब्जी मंडी में शिफ्ट किया जाएगा। यहां से बसें भी नए बस अड्डे पर खड़ी की जाएंगी ताकि जाम से मुक्ति मिले। रेलवे रोड को अतिक्रमण से मुक्त किया जाएगा और नाला भी बनवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो भी समस्याएं हैं उन्हें लिखित में एसडीएम को दें। शहर के विकास में सभी हल्कावासी व सभी दुकानदार इसमें सहयोग करें,ये समस्याएं तभी समाप्त होंगी।


### समाजसेवी डॉ. कुलदीप शर्मा चेयरमैन पद के सबसे मजबूत दावेदार

**बराडा (अप्रस/जयबीर राणा थंबड)।** बराड़ा नगर पालिका चुनाव को लेकर बराड़ा में सरगर्मियां काफी तेज हो गई हैं। ऐसे में चेयरमैन पद के लिए बराड़ा के प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. कुलदीप शर्मा सबसे मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। इसके पीछे लोगों के बीच में उनका लगातार बने रहना है।



उल्लेखनीय है कि डॉ. कुलदीप शर्मा बराड़ा के लोगों को ना केवल स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवा रहे हैं बल्कि लोगों की अनेक समस्याओं को सुलझाने में भी आगे हैं। डॉ. कुलदीप शर्मा का कहना है कि वह बराड़ा के लोगों के लिए समय-समय पर आंखों की फ्री कैंप और हेल्थ चेकअप कैंप लगाकर यहां के लोगों की सेवा कर रहे हैं। अब तक वह कई लोगों की आंखों में फ्री लैंस डलवा चुके हैं। डॉ. कुलदीप शर्मा का कहना है कि वह यह सेवाएं निजीहित में नहीं बल्कि समाजहित में कर रहे हैं। इन सेवाओं का मकसद केवल राजनीतिक फायदा लेना नहीं बल्कि वह वास्तव में लोगों को फ्री स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना चाहते हैं। यही नहीं बराड़ा रेलवे स्टेशन के पास अंडब्रिज में पानी आने पर डॉ. कुलदीप शर्मा के प्रयासों से पानी निकालकर लोगों को राहत दिलाई गई। पिछले दिनों सिंहपुरा मोहल्ला में दहियामाजरा को जाने वाली सड़क को उखाड़ा गया था और यहां बारिश के कारण काफी पानी जमा हो गया। जिससे यहां किचड़ बन गया और लोगों को गुजरने में असुविधा हुई। उस समय डॉ. कुलदीप शर्मा ने यहां से पानी निकलवाकर लोगों को राहत दिलाने का काम किया। डॉ. कुलदीप शर्मा ने जरूरतमंद बच्चों के साथ नववर्ष बनाया, जिससे उनकी छवि लोगों में काफी पसंद की जा रही है। कुलदीप शर्मा का कहना है कि चेयरमैन पद का चुनाव भी वह लोगों के हित में लड़ रहे हैं। यदि यहां की जनता उनपर भरोसा जताती है तो बराड़ा की दशा बदलकर रख देंगे।

### परिश्रम व जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं वॉलिंटियर्सः मुनीश




**पुंडरी (अप्रस/कृष्ण प्रजापति)।** पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फरल में 7 दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन जिला पार्षद मुनीश शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र पाल कौशिक ने की। पार्षद मुनीश शर्मा ने स्वंयसेविकाओं को स्वच्छ भारत मिशन के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने ठंड से बचने के लिए वॉलिंटियर्स को 50 गर्म दस्ताने भेंट किया। उन्होंने कहा कि परिश्रम करने के साथ-साथ लोगों को जागरूक करने के लिए भी एनएसएस वॉलिंटियर्स महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और छुट्टियों के दौरान स्कूलों में कैंप के माध्यम से सफाई और अन्य एक्टिविटी में भाग लेते हैं। मुनीश शर्मा ने कहा कि वॉलंटियर्स समाज में बदलाव लाने की सोच रखते हैं जो काबिले तारीफ है। इस मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी नसीब सिंह, शिव कुमार, महेंद्र सिंह, रेखा देवी, श्रीपाल प्रधान, शेर सिंह, चांदराम, जसवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ

**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समालखा के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया । कैंप का उद्घाटन करते हुए प्रधानाचार्य दुर्गा देवी ने स्वयंसेवकों को समाज सेवा करने के लिए प्रेरित किया तथा अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभवों के बारे में बताया उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई करने के साथ-साथ समाज सेवा करने के लिए भी बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए । एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी राजू राम ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व के बारे में बताया । उन्होंने कहा कि हमें अपने देश और समाज की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए । यशवीर ने कहा कि विद्यार्थियों को इस प्रकार के शिविरों अपने विद्यार्थी जीवन में जरूर भाग लेना चाहिए। इन शिविरों के दौरान विद्यार्थी विभिन्न प्रकार की जानकारी प्राप्त करेंगे।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के खिलाड़ियों की माताओं को किया सम्मानित

# देश को गौरवान्वित करने वाले खिलाड़ियों की माताओं का आशीर्वाद मिलना मेरे लिए सम्मान का क्षण : मुख्यमंत्री

माता जीजाबाई सम्मान समारोह खेल क्षेत्र में माताओं की भूमिका का उत्सव : मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 2 जनवरी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज गुरुग्राम में क्रीड़ा भारती की हरियाणा प्रांतीय ईकाई की ओर से पैरालंपिक व ओलंपिक खेलों में पदक विजेता तथा प्रतिभागी खिलाड़ियों की माताओं के सम्मान में आयोजित वीर माता जीजा बाई प्रांत स्तरीय सम्मान समारोह में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने वर्ष 2024 में पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की माताओं को सम्मानित किया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु द्रोण की नगरी गुरुग्राम में आयोजित माता जीजा बाई सम्मान समारोह खेल के क्षेत्र में माताओं की भूमिका का उत्सव है। देश-दुनिया में परचम लहराने वाले खिलाड़ियों की माताओं का सम्मान गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि यह समारोह न केवल हमारे खिलाड़ियों के प्रति बल्कि उनकी माताओं के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त करने का एक अवसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि हर बड़ी सफलता के पीछे माँ का हाथ होता है। ऐसी माताओं का सम्मान करना समाज की जिम्मेदारी है। इससे नई पीढ़ी को प्रेरित करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने क्रीड़ा भारती की हरियाणा प्रदेश की इकाई को भी इस अनूठी पहल के लिए बधाई दी। साथ ही संस्था को 21 लाख रुपये की सहयोग राशि देने की घोषणा की।

श्री नायब सिंह सैनी ने माताओं के ऐतिहासिक योगदान को याद दिलाते हुए कहा कि माता जीजा बाई, जिनके नाम से समारोह का आयोजन किया गया है, उन्होंने अपने बेटे छत्रपति शिवाजी महाराज को एक सच्चे योद्धा और नेतृत्वकर्ता के रूप में तैयार किया था। उनकी दूरदृष्टि और परिश्रम से देश को शिवाजी महाराज के रूप में ऐसा महान योद्धा मिला, जिसने उस समय स्वराज की नींव रखी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पेरिस ओलंपिक 2024 में 6 में से 5 पदक हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते हैं। पैरालम्पिक में भी देश को मिले 29 पदकों में से 8 पदक हरियाणा के खिलाड़ियों ने हासिल किए। इससे पहले टोक्यो ओलंपिक 2020 में हमारे प्रदेश के 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें भारत ने 7 पदक जीते थे, जिसमें से 4 पदक हरियाणा के खिलाड़ियों ने हासिल किए थे। इसी तरह राष्ट्रमंडल खेलों में भी हरियाणा के खिलाड़ियों ने परचम लहराया। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 के दौरान हरियाणा के 43 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें हरियाणा के खिलाड़ियों ने 20 पदक जीते। यह उपलब्धियां हरियाणा की दूरदर्शी खेल नीतियों का ही परिणाम हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खिलाड़ी को फिजिकल फिटनेस और खेल कौशल के साथ मानसिक संतुलन, अनुशासन और साहस की भी आवश्यकता होती है। इन गुणों को बच्चे में विकसित करने की शुरुआत उसकी मां से ही होती है। खिलाड़ी का पहला कोच उसकी मां होती है और मां से बड़ा कोई कोच नहीं होता है। जो मां सीखा सकती है वो दुनिया में दूसरा और कोई नहीं सिखा सकता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में केंद्र सरकार ने मेजर ध्यानचंद सम्मान सहित अर्जुन अवॉर्ड के लिए प्रदेश के कई खिलाड़ियों का नाम चयनित किया है। इसमें मनु भाकर सहित स्वीटी बूरा व अन्य कई नाम शामिल हैं।



### खेलों में हरियाणा का परचम दूरदर्शी खेल नीतियों का परिणाम

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा खेल क्षेत्र में पूरे देश का गौरव बन चुका है। यहां के खिलाड़ी ओलंपिक, पैरालंपिक, एशियाई और राष्ट्रमंडल स्तर के खेलों में हर जगह अपना परचम लहरा रहे हैं। खिलाड़ी राष्ट्र की धरोहर होता है। हमने इसी सोच के साथ हरियाणा में खिलाड़ियों के लिए स्पोर्ट्स पॉलिसी बनाई है। उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए रोजगार सुनिश्चित करने के लिए 'हरियाणा उत्कृष्ट खिलाड़ी सेवा नियम 2021' बनाये गए हैं। इसके तहत खेल विभाग में 550 नए पद बनाये गये। इसके अलावा, पदक विजेता 224 खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी है। खिलाड़ियों को क्लास-वन से क्लास-टू तक के पदों की सीधी भर्ती में आरक्षण का प्रावधान किया गया है। हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य है, जहां पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सबसे अधिक नकद पुरस्कार दिए जाते हैं। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 298 खिलाड़ियों को मानदेय भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले पदक जीतने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। वर्ष 2014 से अब तक 29 हजार से अधिक छात्रों को 53 करोड़ रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। सरकार ने खिलाड़ियों को बचपन से ही तराशने के लिए खेल नर्सरियां खोली हैं। इस समय प्रदेश में 1,489 खेल नर्सरियां हैं। इनमें 37,225 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। इन नर्सरियों में 8 से 14 वर्ष की आयु के खिलाड़ियों और 15 से 19 वर्ष की आयु के खिलाड़ियों को प्रतिमाह प्रोत्साहन राशि दी जा रही हैं।

### विकसित भारत के संकल्प में महत्वपूर्ण भागीदार बनेगा हरियाणा

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश की आर्थिक उन्नति में औद्योगिक संस्थानों का सहयोग हरियाणा की समृद्धि एवं प्रगति के लिए समावेशी दृष्टिकोण की प्रतिबद्धता को दोहराता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प है उसमें हरियाणा की महत्वपूर्ण भागीदारी रहेगी। मुख्यमंत्री आज गुरुग्राम में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए इंडस्ट्री व मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से संबंधित हितधारकों के साथ आयोजित पूर्व बजट परामर्श बैठक (प्री बजट कंसल्टेशन) की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उद्योग जगत एवं मैन्यूफैक्चरिंग इकाइयों से जुड़े विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने आगामी बजट के लिए अपने सुझाव रखें। बैठक में प्रदेश के उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह, सोहना के विधायक श्री तेजपाल तंवर व गुरुग्राम के विधायक श्री मुकेश शर्मा भी मौजूद रहे।

### दीर्घकालिक लक्ष्यों के लिए करेंगे सार्थक प्रयास

नायब सिंह सैनी ने पूर्व बजट परामर्श बैठक में पहुंचे प्रतिनिधियों के सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना और आगामी बजट में आवश्यक विषयों पर विचार करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने बताया कि आगामी बजट में वर्तमान आवश्यकताओं के साथ साथ दीर्घकालिक लक्ष्यों को पूरा करने के सार्थक प्रयास किए जाएंगे। आगामी बजट हमारी सामूहिक महत्वाकांक्षाओं व प्राथमिकताओं का प्रतिबिंब है। आगामी बजट की तैयारियों के लिए यह आवश्यक है कि हम समाज के सभी वर्गों के साथ संवाद करें ताकि हरियाणा के प्रत्येक नागरिक की जरूरतों व सपनों को पूरा करने के लिए आवश्यक सकारात्मक प्रयास किए जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हरियाणा ने कृषि, उद्योग, शिक्षा की आधारभूत संरचना व प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने, औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन, युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से सशक्त बनाने एवं समाज कल्याण के लिए आप सभी के रचनात्मक सुझावों को प्राथमिकता देते हुए आगामी बजट में उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। उन्होंने प्रतिनिधियों द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं, पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बेहतर करने, इंडस्ट्रियल पालिसी में आवश्यक सुधार को लेकर रखे गए सुझाव पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का भी आश्वासन दिया।

### बजट के लिए ऑनलाइन भी दे सकते हैं सुझावः राजेश

बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, जिनके पास वित्त मंत्रालय का प्रभार भी है, ने इस बार बजट के लिए एक नई पहल की है। हरियाणा के आगामी बजट के लिए इस बार प्रदेश के साथ-साथ अन्य नागरिक भी ऑनलाइन माध्यम से अपने सुझाव दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि https://bamsharyana.nic.in पोर्टल के माध्यम सेक्टर व सब सेक्टर श्रेणी में जाकर अपने सुझाव दिए जा सकते हैं। इस पोर्टल के माध्यम से अब तक एक हजार से अधिक सुझाव प्राप्त हुए हैं।

### पूर्व बजट परामर्श बैठक में मिले सुझावों से बने सफल कार्यक्रम

वित्त, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी ने कहा कि बजट पूर्व परामर्श बैठक के माध्यम से पूर्व में भी अच्छे सुझाव प्राप्त हुए हैं। इन्हीं सुझावों के आधार पर हरहित स्टोर, ड्रोन टेक्नोलॉजी, स्टेम लेब, सुपर 30 जैसे सफल कार्यक्रम बनाए गए। इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रधान सचिव श्री डी सुरेश सहित नैसकॉम हीरो मोटोकॉर्प, आईएमटी मानेसर एसोसिएशन, फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, जीआईए गुरुग्राम, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, रिलायंस लिमिटेड, मेदांता मेडिसिटी, रेवाड़ी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, क्रेडाई, नरेडको, पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, सहित राज्य में कार्यरत विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## वकीलों के सहयोग से केसों का निपटान जल्दी हो पा रहा हैः सेशन जज

**कैथल (अप्रस)।** जिला बार एसोसिएशन की ओर से गुरुवार को बार रूम में नव वर्ष के उपलक्ष में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेशन जज रितु वाईके बहल ने की। कार्यक्रम में एडीजे नंदिता कौशिक, अनूपामिश मोदी, अमित गर्ग, विवेक यादव, एसीजेएम अमनइंद्र इ्क्षसह, सीजेएम विनोद कुमार, सीजेएम लीगल ऐड मैडम ऋ्तु, एसीजेएसडी रेखा चौधरी, सिविल जज संदीप कौर, अंकिता महाजन, जसमीत कौर, प्रिंस कुमार, तुषार शर्मा भी उपस्थित रहे। सबसे पहले जिला बार एसोसिएशन के प्रधान बलजिंदर सिंह मलिक, उप प्रधान विनीत गर्ग, सचिव गौरव वधवा, सह सचिव सुमन ठाकुर और कोषाध्यक्ष इंद्रजीत माटा ने जजों का स्वागत किया। बलजिंदर सिंह मलिक ने सभी को नव वर्ष की शुभ कामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि वे यहां के ज्यूडिशल ऑफिसर्ज से बहुत प्रभावित हैं। सब के कामकाज का तरीका अनोखा व बेहतरीन है। वे पहले की तरह हमेशा बेंच के साथ तालमेल बनाकर रखेंगे। सेशन जज मैडम रितु वाईके बहल ने वकीलों को नए वर्ष पर शुभकामनाएं दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि उन्हें कैथल की बार बहुत पसंद आई है। यहां के वकील सहयोग करने वाले और अच्छे स्वभाव के हैं। वकीलों की बेहरतरीन कार्यशैली के कारण केसों का निपटान जल्दी हो रहा है। उन्होंने कहा कि उनके सभी साथी जज हमेशा बार के साथ सहयोग करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।

## डा. जितेंद्र गिल ने बताए आयुर्वेद पद्धति के लाभ

**कैथल (अप्रस)।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैलरम में एनएसएस शिविर के दूसरे दिन आयुर्वेदाचार्य जितेंद्र गिल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। इस दौरान डॉ. गिल ने स्वयं सेवकों को आयुर्वेद पद्धति के बारे में विस्तार से बताया। उन्हेंने स्वयं सेवकों को भोजन में हल्दी, पानी, दूध, दही इत्यादि आहार के बारे में जानकारी दी। पीपल जैसे धार्मिक वृक्ष लगाने के लिए स्वयं सेवकों को प्रभावित प्रेरित किया। विद्यालय के एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर चंद्रमणि ने स्वयं सेवकों को प्राचीन विज्ञान पद्धति के बारे में बताया।

## नए वर्ष में ज्ञान को अपना मार्गदर्शक बनाएं : श्रीश्री रवि शंकर

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश


**कैथल, 2 जनवरी।** आध्यामिक गुरु श्री श्री रविशंकर द्वारा संचालित संस्था आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा दिव्य भजन संध्या का आयोजन आचार्या कंचन सेठ के निवास पर किया गया। आचार्या डॉ. सीमा भटनागर ने बताया कि नव वर्ष के उपलक्ष्य में दिव्य भजन संध्या का शुभारंभ आर्ट ऑफ लिविंग के आचार्य दीपक सेठ एडवोकेट द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात हर्षिता सेठ द्वारा मंत्रोच्चारण से किया गया। अपने सन्देश में गुरुदेव ने कहा कि इस वर्ष यह सुनिश्चित करें कि हमारी इच्छाएं और योजनाएं ज्ञान से प्रेरित हों। जब हमारी इच्छाओं और कर्मो को ज्ञान की शक्ति मिलती है तो जीवन में केवल आनंद और सुख ही होता है। ज्ञान का अर्थ है आत्मज्ञान, यानि स्वयं को और इस जीवन को समय और स्थान के संदर्भ में समझना। उन्होंने कहा कि ज्ञान को आत्मसात करने के लिए मौन की आवश्यकता होती है। मौन को रचनात्मकता की जननी कहा गया है। वर्ष में दो या तीन बार मौन के लिए समय निकालें। नववर्ष में हम यह संकल्प लें कि हम मैत्री को बढ़ावा देंगे और लोगों को एकजुट रखते हुए हमारे आस-पास के संघर्षों का समाधान करेंगे। इस अवसर पर दीपक सेठ द्वारा गाई गई गुरु-स्तुति ने उपस्थित साधकों को अलौकिक अनुभूति करवाई। डॉ. विकास भटनागर द्वारा दुर्गा स्तुति से वातावरण अध्यात्मिकता की पवित्र खुशबू से महक उठा। शेफाली खुराना द्वारा गाये गए भजन ने प्रत्येक साधक को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## एसएसजीपीसी के 3 वार्डो में कुल 12 उम्मीदवार मैदान में, 19 जनवरी को होगा मतदान

एचएसजीएमसी के वार्ड नंबर 22 कैथल से चार उम्मीदवार, वार्ड नंबर 20 गुहला में पांच, वार्ड नंबर 21 कांगथली में तीन

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 2 जनवरी।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एचएसजीएमसी) के 19 जनवरी को होने वाले चुनाव में जिला कैथल के तीन वार्डो से 12 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। एचएसजीएमसी के वार्ड नंबर 20 गुहला में पांच, वार्ड नंबर 21 कांगथली में तीन, वार्ड नंबर 22 कैथल से चार उम्मीदवार मैदान में है। डीसी प्रीति ने बताया कि वृहस्पतिवार को नाम वापस लेने के अंतिम दिन 8 उम्मीदवारों में अपने नाम वापस ले लिए। सायं 3 बजे तक नामांकन वापस लिए जाने थे। डीसी प्रीति ने




बताया कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा समिति के आम चुनाव हेतु नये मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल के लिए उनके आवेदन 10 जनवरी 2025 तक प्राप्त किए जाएंगे। आवेदन प्राप्त करने के लिए वार्ड नंबर 20 गुहला के लिए टटियाना हलका पटवारी शमशेर सिंह, वार्ड नंबर 21 कांगथली के लिए लैंडर पीरजादा हलका पटवारी मनोज कुमार तथा उप तहसील सीवन व वार्ड नंबर 22 कैथल के लिए हरसौला हलका पटवारी सोहन सिंह की ड्यूटी सदर कानूनगो शाखा उपायुक्त कार्यालय कैथल में लगाई गई है।

**वार्ड नंबर 22 कैथल से चार उम्मीदवार होंगे आमने-सामने:** वार्ड नंबर 22 कैथल में कुल 6 नामांकन दाखिल हुए थे, जिनमें से 2 उम्मीदवार कुलजिंद्र कौर व सतविंद्र सिंह भाटिया ने नामांकन वापस ले लिया है। अब चुनाव मैदान में 4 उम्मीदवार रह गए हैं। जिनमें गुरचरण सिंह, सतिंद्र सिंह, उत्तम सिंह, बलदेव सिंह शामिल हैं। उम्मीदवार बलदेव सिंह को साइकिल, गुरचरण सिंह को उगता सूरज, सतिंद्र सिंह को जहाज, उत्तम सिंह को जीप चुनाव निशान आवंटित किया गया।

**वार्ड नंबर 20 गुहला में पांच उम्मीदवार मैदान में:** वार्ड नंबर 20 गुहला से सतनाम सिंह व बलवंत सिंह ने अपना नामांकन वापस ले लिया। अब वार्ड नंबर 20 गुहला में 5 उम्मीदवार रह गए हैं। जिनमें खजान सिंह, सुखचैन सिंह, गुरमीत सिंह, मेजर सिंह व बलविंद्र सिंह रह गए हैं। उम्मीदवार खजान सिंह को जीप, सुखचैन को उगता सूरज, गुरमीत सिंह को ढ़ोल, मेजर सिंह को साइकिल व बलविंद्र को स्कूटर का चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया गया है।

**वार्ड नंबर 21 कांगथली से चुनाव लड़ेंगे सात उम्मीदवार:** वार्ड नंबर 21 कांगथली में कुल 7 नामांकन दाखिल हुए थे। जिनमें से 4 उम्मीदवार हरभजन सिंह, गज्जन सिंह, बलविंद्र सिंह व जरनैल सिंह ने अपना नामांकन वापस ले लिया। अब चुनाव मैदान में बलविंदर सिंह, गुरमीत सिंह, बूटा सिंह रह गए हैं। उम्मीदवार गुरमीत सिंह को उगता सूरज, बलविंद्र सिंह को जीप तथा बूटा सिंह को जहाज चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए हैं।

# दिल्ली भाजपा ने 'फर्जी वोटर्स से इश्क है' नाम से जारी किया पोस्टर

अर्थ प्रकाश/ नरेश वत्स




**नयी दिल्ली।** दिल्ली भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को नया चुनावी पोस्टर 'फर्जी वोटर्स से इश्क है' जारी किया, जिसमें आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं पर नकली वोट बनाने के आरोप लगाये गये हैं। इस मौके पर भाजपा के दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा, ÷ पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके साथियों के राजनीतिक गुनाह बहुत ज्यादा है और वे लोग दिल्ली को बर्बाद करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप के राज्य सभा सांसद संजय सिंह अपनी पत्नी श्रीमती अनीता सिंह का वोट कटवाने का झूठा आरोप भाजपा पर लगाये हैं, लेकिन वह बताये कि श्रीमती सिंह का वोट कहां- कहां हैं।

संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली भाजपा मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल और दिल्ली भाजपा की चुनाव आयोग सम्पर्क समिति के संयोजक संकेत गुप्ता भी मौजूद थे।

श्री सचदेवा ने कहा कि श्री सिंह 2018 में राज्य सभा चुनाव के दौरान दायर हलफनामा में खुद को हरिनगर विधानसभा का मतदाता बताया था, लेकिन उस वक्त सुल्तानपुर की नगर पालिका परिषद की मतदाता सूची में श्री सिंह और उनकी पत्नी का नाम था। इतना ही नहीं श्री सिंह साल 2024 में नयी दिल्ली विधानसभा में मतदाता हैं और विकासपुरी विधानसभा में भी अपना मत बनवा रखा था।

उन्होंने कहा कि शर्मनाक है कि मतदाता सूची में फर्जीवाड़ा करने वाले श्री सिंह चुनाव आयोग के अधिकारियों को धमका रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब हमने संवाददाता सम्मेलन करके श्री सिंह की पत्नी के फर्जी मत का खुलासा किया, तो श्री सिंह ने आनन-फानन में 30 दिसम्बर को वोट स्थानांतरित करने का आवेदन देकर आते हैं। उन्होंने कहा कि अगर मत था, तो अपनी गलती स्वीकार कर लेनी चाहिये, लेकिन उल्टा मानहानि का दावा करने का एलान कर रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा कि दो मत बनवाना एक आपराधिक गतिविधि है और इसके लिये चुनाव आयोग तथा दिल्ली पुलिस को श्री सिंह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि श्री सिंह अपनी मानहानि की बात कर रहे हैं, लेकिन जो व्यक्ति खुद जमानत पर बाहर है, सांसद रहते दो वोट बनवाता है, उसका क्या मान क्या अपमान? उन्होंने बताया कि श्रीमती सिंह को लेकर श्री सिंह दावा करते हैं, कि चार जनवरी 2024 में उनका नाम सुल्तानपुर की सूची से कट गया है, लेकिन आठ जनवरी 2024 को सांसद नामांकन के साथ जो शपथ पत्र देते हैं, उसमें उनका मत सुल्तानपुर की मतदाता सूची में दर्ज है। उन्होंने कहा कि श्री सिंह बताये कि आखिर उन्होंने लोगों को गुमराह करने का काम क्यों किया। उन्होंने कहा कि श्री सिंह और उनकी पत्नी के मत फर्जी है और देश में फर्जी मत डालने पर सेक्शन 18 के अंतर्गत एक साल की सजा है।

# मूनक नहर में दर्दनाक हादसा: घने कोहरे में ट्रैक्टर ट्रॉली नहर में गिरी, एक बचा दूसरा अब भी लापता

अर्थप्रकाश /रविन्द्र गिरि



**घरौंडा।** करनाल के मूनक गांव में गुरुवार सुबह घने कोहरे के कारण एक बड़ा हादसा हुआ। ट्रैक्टर ट्रॉली, जिसमें कैथल जिले के राजौंद गांव के दो लोग सवार थे, नहर में गिर गई। हादसे में एक व्यक्ति को ग्रामीणों ने बचा लिया, जबकि दूसरा व्यक्ति अब भी लापता है। सुबह करीब 6 बजे हुए इस हादसे की मुख्य वजह घना कोहरा और ट्रॉली का एक्सल टूटना बताया जा रहा है। ट्रैक्टर ट्रॉली का संतुलन बिगड़ने से यह नहर में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और राहत बचाव दल मौके पर पहुंचे। नहर में लापता व्यक्ति को खोजने के लिए गोताखोरों की टीम और भारी मशीनरी लगाई गई। प्रगट सिंह के नेतृत्व में गोताखोरों ने ऑक्सीजन सिलेंडर की मदद से तलाशी अभियान चलाया। ठंड और नहर के पानी के बावजूद राहत कार्य तेजी से जारी है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के रास्तों को बंद कर दिया है ताकि रेस्क्यू ऑपरेशन में कोई बाधा न आए। ग्रामीण और पीड़ित परिवार के लोग भी मदद के लिए मौके पर मौजूद हैं। बताया गया है कि ट्रैक्टर ट्रॉली पानीपत की ओर जा रही थी। दुर्घटना स्थल करनाल से करीब 30 किलोमीटर दूर है। ग्रामीणों के अनुसार, कोहरे और खराब सड़क स्थितियों के कारण इस प्रकार के हादसे आम होते जा रहे हैं। प्रशासन ने जल्द से जल्द लापता व्यक्ति को ढूंढने का आश्वासन दिया है।



इस घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। हादसे ने कोहरे के दौरान सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की आवश्यकता को फिर से उजागर किया है।

# ब्रह्मताल शीतकालीन ट्रैकिंग अभियान: 2024 में उत्तर प्रदेश से आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (रेलवे) का दल हुआ शामिल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लखनऊ।** ''यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया' के तत्वाधान में ''ब्रह्मताल शीतकालीन ट्रैकिंग अभियान''- 2024 का आयोजन लोहाजंग उत्तराखंड में किया गया। इस 9 दिवसीय ट्रैकिंग कार्यक्रम में आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के 10 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने ट्रैकिंग दल को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन रेल कर्मियों के शारीरिक फिटनेस में सुधार, विषम परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता,



आपसी सामंजस्य की भावना एवं मिलजुल कर कार्य करने की शैली विकसित करते हैं। पर्यावरण संरक्षण को प्रेरणा देने वाले ऐसे अभियान राष्ट्रीय एकता की दृष्टि में भी महत्वपूर्ण होते हैं। क्योंकि लोगों को विभिन्न संस्कृति एवं सामाजिक रीति रिवाजों से परिचित होने का आधार मिलता है।

ओरेडिका खेल कूद संघ के सहयोग से उत्तराखण्ड में पड़ने वाले ब्रह्मताल ट्रैकिंग में ओरेडिका के सदस्यों ने उत्तर प्रदेश से 23 दिसंबर को रायबरेली से चलकर 24 दिसंबर 2024 को लोहाजंग में रिपोर्टिंग की तथा 29 दिसम्बर को लोहागंज वापस आये। इस दल का नेतृत्व एवं पर्यवेक्षण अनुभवी ट्रैकर एवं ओरेडिका के सीनियर सेक्शन इंजीनियर अमिय श्रीवास्तव ने किया। ओरेडिका से गये समस्त 10 प्रतिभागियों ने कैंप में उपस्थित कैंप लीडर व उनके समस्त सहयोगियों के साथ मिलकर सामाजिक कार्य एवं पर्यावरण जागरूकता हेतु ट्रैकिंग अभियान के दौरान आस-पास के क्षेत्र को साफ करने का फैसला किया। सदस्यों ने कुल 37 किलोमीटर ट्रैक किया तथा 14000 फीट की ऊँचाई तक पहुँचे।

# डिस्कस थ्रो में सुमन, दौड़ में संजीता और लाजवंती ने मारी बाजी

म्यूजिकल चेयर गेम में चमका इंदिरा देवी का नाम

महिला एवं बाल विकास कार्यालय मोरनी की ओर से खंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



अर्थ प्रकाश /साक्षी जैन

**पंचकूला।** महिला एवं बाल विकास कार्यालय मोरनी की ओर से खंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बेहलों मंदिर परिसर में किया गया। जिसकी अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी मोरनी डॉ. सविता नेहरा द्वारा की गई। 18 से 30 वर्ष की महिलाओं के बीच 300 मीटर, 400 मीटर की दौड़ के साथ 5 किलोमीटर साइकिल रेस कारवाई गई। इसके अतिरिक्त 30 साल से ऊपर की महिलाओं के बीच डिस्कस थ्रो, म्यूजिकल चेयर गेम व 100 मीटर की दौड़ कारवाई गई, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। 18 से 30 आयु वर्ग की 300 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में शीतल (बेहलों) प्रथम, अंजलि (बहलों) द्वितीय और उर्वशी ठाकुर (कोलयों बेनी) तृतीय स्थान पर रहीं। 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में संजीता देवी (टिक्कर) प्रथम, चांदनी (केनण) द्वितीय और पूजा (मांधना) तृतीय स्थान पर रहीं। इसी तरह 5 किमी साइकिल रेस प्रतियोगिता में संगीता (बेहलों) प्रथम, शीतल (बेहलों) द्वितीय और अंजलि (बेहलों)

तृतीय स्थान पर रहीं। 30 से 45 आयु वर्ग की डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में सुमन देवी (डूह) प्रथम, सोमा देवी (बडीशेर) द्वितीय और रेखा (पंडितों का बास)

तृतीय स्थान पर रहीं। म्यूजिकल चेयर गेम में इंदिरा देवी (सेड़ा) प्रथम, चम्पा देवी (सेहत) द्वितीय और नरेश कुमारी (प्लासरा) तृतीय स्थान पर रहीं। 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में लाजवंती (शिलयों) प्रथम, निर्मला देवी (सेहत) द्वितीय और मुरतो देवी (टिकरी) तृतीय स्थान पर रहीं।

### विजेता नकद पुरस्कार से सम्मानित

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाली महिला को 2100 रुपए, द्वितीय को 1100 रुपए व तृतीय स्थान हासिल करने वाली महिला को 750 रुपये नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर आंगनवाड़ी सुपरवाइजर सुनील कुमार, तनुश्री और महिला एवं बाल विकास कार्यालय मोरनी के डीईओ सतपाल शर्मा, पूर्व सरपंच सुरेशपाल राणा, डीपीई सुमन देवी राजकीय माध्यमिक विद्यालय बेहलों, विकास कुमार राजकीय वरिष्ठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल मांधना, एएनएम पूनम सूद सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह 3 जनवरी को खरावड़ स्थित एलपीएस बोसार्ड का करेंगे दौरा: नरेंद्र कुमार



अर्थ प्रकाश /सुकरमपाल

**रोहतक।** उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह 3 जनवरी को जिला के गांव खरावड़ स्थित एलपीएस बोसार्ड परिसर में कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह 3 जनवरी को दोपहर बाद 2 बजे एलपीएस बोसार्ड परिसर में कैंसर मेमोग्राफी बस तथा मशीन सेंटर का उद्घाटन करेंगे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ब्लड डोनेशन बस एवं आंख व सामान्य स्वास्थ्य जांच बस का अवलोकन करने के साथ-साथ मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं का अवलोकन करेंगे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सुशीला देवी सभागार में रोहतक के उद्योगपतियों के साथ बैठक करेंगे।

### मुख्यमंत्री कार्यक्रम के दृष्टिगत अधिकारियों की जिम्मेवारियां तय

मुख्यमंत्री नायब सिंह के कार्यक्रम के दृष्टिगत विभिन्न अधिकारियों की जिम्मेवारियां तय की गई है। मुख्यमंत्री दौरा के दौरान सुरक्षा प्रबंधों के लिए पुलिस अधीक्षक ऑवर ऑल इंचार्ज होंगे। सांपला के उपमंडलाधीश सुभाष चंद्र मुख्यमंत्री के काफिले के साथ ड्यूटी मजिस्ट्रेट व ऑवर ऑल प्रभारी तथा खरावड़ स्थित एलपीएस बोसार्ड के कार्यक्रम स्थलों पर सांपला के नायब तहसीलदार जितेंद्र ड्यूटी मैजिस्ट्रेट होंगे। सिविल सर्जन द्वारा एम्बुलेंस सेवा तथा अन्य आवश्यक चिकित्सा प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे। अग्निशमन अधिकारी द्वारा अग्निशमन वाहन उपलब्ध करवाएं जाएंगे। हरियाणा रोडवेज के महाप्रबंधक द्वारा आवश्यकता अनुसार रिकवरी वैन तैनात की जाएगी। लोक निर्माण, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, नगर निगम, राष्ट्रीय राजमार्ग, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा सभी संबंधित सड़कों की मरम्मत व सफाई सुनिश्चित की जाएगी। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा सभी संबंधित स्थलों पर जनरेटर सेट व थ्री फेस बिजली कनैक्शन की व्यवस्था की जाएगी जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्थाई शौचालयों की व्यवस्था की जाएगी।

# अब छात्राएं बनेंगी जरूरतमंद परिवारों का बेटी की तरह सहारा

अर्थ प्रकाश /कपिल देव रोहिल्ला

**कलायत।** कलायत में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल की एनएनएस के माध्मय से अनूठी पहल

कलायत। कलायत के राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं अब जरूरतमंद महिलाओं के रहन-सहन व स्वास्थ्य की दिशा में न केवल बेटी की तरह सहारा बनेंगी। साथ ही सरकार की विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं से रूबरू करवाने का कार्य करेंगी। राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) शिविर के माध्यम से एक-दूसरे की मदद करने का यह मिशन चलेगा। इस क्रम में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा और जन जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम गतिमान रहेंगे। यह रोड मैप बृहस्पतिवार को सात दिवसीय शिविर के शुभारंभ अवसर पर तैयार किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पार्षद रणबीर धानियां की मौजूदगी में इसके सूत्रधार प्रधानाचार्य राम गोपाल शर्मा व कार्यक्रम अधिकारी राज सिंह बनें। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। आयोजन की शुरुआत मां सरस्वती वंदना



से हुई। स्वयं सेवक छात्राओं में उत्साह और उमंग भरते हुए कार्यक्रम गतिमान किया गया। प्रधानाचार्य और नगर पार्षद ने कहा कि शिविर का लक्ष्य उद्देश्य छात्राओं को समाज की भलाई में योगदान देने के लिए प्रेरित करना है। इसके मद्देनजर वह समाज सेवा की लौ की रोशन करेंगी। उन्हें नेतृत्व, टीम वर्क और सेवा के महत्त से अवगत करवाते हुए बहुआयामी व्यक्ति बनाना है। कार्यक्रम अधिकारी राज सिंह ने छात्राओं को राष्ट्र व समाजहित से जुड़े कार्यों के प्रति जागरूक करते हुए उत्साहवर्धन किया। इस पर एनएसएस शिविर में प्रतिभागी कर रही छात्राओं ने लक्ष्य के प्रति संजीदगी से कार्य करने का विश्वास दिलाया।

# एनएसएस जिला संयोजक विजेंद्र ने सात दिवसीय शिविरों का किया दौरा, वॉलिंटियर्स को किया प्रेरित

अर्थ प्रकाश /कृष्ण प्रजापति

**पुंडरी।** एनएसएस के जिला संयोजक और स्टेट अवार्डी विजेंद्र ने पबनावा, ढांड, फरल और बरोट-बंदराना के विभिन्न स्कूलों में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविरों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने एनएसएस वॉलिंटियर्स और कार्यक्रम अधिकारियों से मुलाकात कर एनएसएस की गतिविधियों और उसके उद्देश्यों पर चर्चा की।

**दौरे की मुख्य झलकियां :** पबनावा के पीएम श्री शहीद कैप्टन जसमोहिंद्र सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ढांड के शहीद केहर सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फरल के पीएम श्री कन्या राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और बरोट-बंदराना के शहीद ए.सी. विकास भारद्वाज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित शिविरों का निरीक्षण करते हुए



विजेंद्र ने एनएसएस की थीम, मोटो, कार्य और उद्देश्यों के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने वॉलिंटियर्स को बताया कि एनएसएस किस तरह से राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन कर रहा है और जिला स्तर पर टीम कैसे योगदान दे रही है। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारियों ने शिविरों की गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।

कार्यक्रम अधिकारियों का योगदान = पबनावा स्कूल में कार्यक्रम अधिकारी रामनिवास, पवन पीटीआई, राकेश, विक्रम और सुलेश ने जिला संयोजक का स्वागत किया। ढांड स्कूल में प्रिंसिपल रेणु बाला, कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र, पिंकी, सुरेंद्र और उपेंद्र राणा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। फरल स्कूल में कार्यक्रम अधिकारी नसीब सिंह और रेखा देवी ने अपने विचार सांझा किए। वहीं, बरोट-बंदराना स्कूल में कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार, राजेश कुमार, गुलशन और गुरुदत्त ने आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

**एनएसएस की थीम पर चर्चा :** विजेंद्र ने शिविर के दौरान वॉलिंटियर्स को प्रेरित करते हुए एनएसएस की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस के जरिए युवा समाज सेवा के साथ-साथ नेतृत्व कौशल भी विकसित कर सकते हैं।विजेंद्र ने कहा कि वॉलिंटियर्स का खुले मन से काम करना व हर प्रकार की गतिविधि में बढ़-चढ़कर भाग लेना, इन कैंपों की विशेषता है। सभी स्कूलों में जिला संयोजक विजेंद्र और उनकी टीम का भव्य स्वागत किया गया।

# दोस्तों की धोखाधड़ी से तंग आकर युवक ने जहर खाकर दी जान

अर्थ प्रकाश/रविन्द्र गिरि

**घरौंडा।** करनाल के अराईपुरा गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां 21 साल के युवक आर्यन राणा ने अपने दोस्तों की धोखाधड़ी से तंग आकर जहर खाकर अपनी जान दे दी।

आर्यन के पिता गोपाल राणा ने बताया कि उनके बेटे को उसके दोस्तों ने शिकार बनाया था। आर्यन के दोस्त देवेंद्र ने उसे 1.40 लाख रुपए दिए थे, जो उसने अपने यूपी वाले दोस्त को दे दिए थे। लेकिन जब आर्यन ने पैसे वापस मांगे तो देवेंद्र ने उसे धमकी देनी शुरू कर दी।

आर्यन के पिता ने बताया कि देवेंद्र ने अपने साले और साले के भाई के साथ मिलकर आर्यन के खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि आर्यन को 3.40 लाख रुपए की धमकी दी जा रही



थी, जबकि असल रकम सिर्फ 1.40 लाख रुपए थी।

आर्यन के पिता ने बताया कि उनके बेटे ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। उन्होंने बताया कि आर्यन की मौत के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया है। पुलिस ने आर्यन के दोस्त देवेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


**आवश्यक सूचना**

नगर परिषद गोहाना के प्रोपर्टी टैक्स रिकार्ड के अनुसार वर्तमान में PUID No. 3FPGRQC6 वार्ड नं. 09 पर श्री दीपक पुत्र श्री जगदीश के नाम पर दर्ज है। अब इस प्रोपर्टी आईडी पर अपना नाम दर्ज करवाने के लिये दीपक पत्र श्री जगदीश निवासी वार्ड नं. 09 गोहाना, जिला सोनीपत मोबाइल नं. 7988118250 ने इस कार्यालय में अपना आवेदन पत्र स्व. श्री/श्रीमती फुलवती पत्नी हुक्मचंद व अन्य का मृत्यु प्रमाण पत्र व तहसीलदार गोहाना द्वारा तसदीक/ सत्यापित वारिसान रिपोर्ट तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज सहित प्रस्तुत किया है। अतः आम जन साधारण को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि यदि इस प्रोपर्टी आई.डी. पर उपरोक्त आवेदक/आवेदकों का नाम दर्ज करने पर कोई एतराज / आपत्ति है तो वह नोटिस प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद कार्यालय गोहाना में अपना एतराज / आपत्ति मय दस्तावेजी / सबूतों सहित प्रस्तुत करें। अन्यथा नोटिस अवधि गुजरने के बाद इस PUID No 3FPGRQC6 पर उपरोक्त आवेदकों के नाम दीपक पुत्र जगदीश दर्ज कर दिया जायेगा। जिसके उपरान्त नगर परिषद गोहाना की किसी प्रकार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**कार्यकारी अधिकारी/सचिव, नगर परिषद गोहाना**

AP7646

**सार्वजनिक सूचना**

इस सूचना के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है। इस कार्यालय में श्री अभिषेक जुनेजा पुत्र श्री बृज मोहन जुनेजा निवासी मकान नं. 511 R, मॉडल टाऊन, करनाल द्वारा सम्पति कर आई.डी.नं. 1EKNAUK0 स्थित 511 R, माडल टाउन, करनाल में नाम दर्ज कराने बारे आवेदन किया है। सम्पत्ति कर रिकार्ड के अनुसार उपरोक्त सम्पत्ति कर आई. डी. नं. 1EKNAUK0 में बिना नाम के दर्ज है, तथा श्रीमती सत्यवती की मृत्यु दिनांक 13.10.2002 को चुकी है। प्रार्थी द्वारा इस कार्यालय में नाम तबदील करने हेतु एक प्रलेख/ वसीयत नं. 953 दिनाक 22.03.21 तथा शपथ पत्र की प्रति प्रस्तुत की है। अत: यदि किसी आमजन या खासजन को उक्त वसीयत अनुसार सम्पति कर आई. डी. नं. 1EKNAUK0 स्थित मकान नं. 511 R, माडल टाउन, करनाल में श्री अभिषेक जुनेजा पुत्र श्री बृज मोहन जुनेजा निवासी मकान नं. 511 R, माडल टाउन, करनाल का नाम तबदील करने हेतु किसी प्रकार की अपत्ति हो तो इस कार्यालय में नोटिस प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के अन्दर-2 अपनी आपत्ति/ एतराज दर्ज करवा सकते है। अन्यथा समयावधि पश्चात माना जायेगा कि उपरोक्त तबदील बारे किसी को कोई आपत्ति नहीं है। परिणाम स्वरूप इस कार्यालय के सम्पति कर में संबंधित युनिक सम्पत्ति कर आई. डी. नं.1EKNAUK0 में आवेदक का नाम दर्ज/तबदील कर दिया जायेगा। समयावधि पश्चात कोई भी क्लेम मान्य नहीं होगा।

**क्षेत्रिय कराधान अधिकारी नगर निगम करनाल।**

AP7659

**पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट एडवोकेट्स कोऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग (प्रथम) सोसाइटी लिमिटेड, सेक्टर 49-ए, चंडीगढ़।**

**सार्वजनिक नोटिस**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री. अभिमन्यु सिंह तंवर पुत्र स्व. सुदर्शन पाल सिंह निवासी हाउस नंबर 161, एडवोकेट सोसाइटी, सेक्टर 49-ए, चंडीगढ़ ने लीजहोल्ड यूनिट/फ्लैट नंबर 274 (पुराना नंबर 154) (तीसरी मंजिल), श्रेणी ए, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय एडवोकेट्स कोऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग (प्रथम) सोसाइटी लिमिटेड, सेक्टर 49-ए, चंडीगढ़ की खरीद के लिए एक समझौता किया है जो की वर्तमान में श्रीमती सुखबंस कौर पत्नी स्व. गुरनाम सिंह निवासी मकान नंबर 274, एडवोकेट एन्क्लेव, सेक्टर 49-ए, चंडीगढ़। के स्वामित्व में है। अब उन्होंने बिक्री के लिए एनओसी जारी करने और लीज राइट्स ट्रांसफर (सेल डीड) के निष्पादन के लिए आवेदन किया है।यदि किसी को बिक्री के लिए एनओसी/अनुमति जारी करने और लीज अधिकार हस्तांतरण (विक्रय विलेख) के निष्पादन के संबंध में कोई आपत्ति है, तो वह प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर नीचे हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित रूप में आपत्तियां,दस्तावेज़ी प्रमाण प्रस्तुत कर सकता है यदि कोई हो, ।

**अध्यक्ष**



**सार्वजनिक नोटिस**

श्री नवीन दानिक्स के समक्ष , सहायक संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़।

**विषय-** आवासीय साइट संख्या 1177 सेक्टर 15-बी, चंडीगढ़ (आरपी 12062) के संबंध में 45.00 प्रतिशत हिस्सेदारी की सीमा तक स्वामित्व का हस्तांतरण। स्वर्गीय श्री बेअंत राज शर्मा की निर्वसीयत मृत्यु के आधार पर .

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार श्री. बेअंत राज शर्मा 45.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक आवासीय साइट नंबर 1177 सेक्टर 15-बी, चंडीगढ़ के मालिक/पट्टेदार हैं।

रीटा शर्मा, राकेश शर्मा, विपुल भारद्वाज द्वारा सूचित किया गया है कि श्री. बेअंत राज शर्मा की मृत्यु 07.08.2009 को हो गई और उन्होंने मृत मालिक/पट्टेदार के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित कर दिया है- - (1) राकेश शर्मा - पुत्र, (2) स्वदेश शर्मा - पत्नी (मृत), (3) विपुल भारद्वाज - बेटा, (4) रीटा शर्मा - बेटी

अब, रीटा शर्मा, राकेश शर्मा, विपुल भारद्वाज ने स्वर्गीय श्री बेअंत राज शर्मा द्वारा धारित 45.00 प्रतिशत हिस्सेदारी की सीमा तक आवासीय साइट नंबर 1177 सेक्टर 15-बी, चंडीगढ़ के स्वामित्व के हस्तांतरण के लिए उनके पक्ष में आवेदन किया है, निर्वसीयत मृत्यु के आधार पर ।

यदि किसी के पास ऊपर उल्लिखित के अलावा मृतक के किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी के बारे में कोई जानकारी है, तो उसे तुरंत संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ को सूचित किया जा सकता है।

यदि किसी को उपरोक्त नामित आवेदकों के पक्ष में उक्त संपत्ति में उक्त हिस्से के उत्परिवर्तन पर कोई आपत्ति है, तो वह इसे लिखित रूप में (मजिस्ट्रेट / नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित शपथ पत्र के साथ) कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें, ऐसा न करने पर उक्त संपत्ति में उक्त हिस्सा उपरोक्त लाभार्थियों के नाम पर तदनुसार परिवर्तित कर दिया जाएगा और बाद के चरण में किसी भी अन्य दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

**नवीन, दानिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए।**

AP 7642

**डॉ. खुशप्रीत कौर, की अदालत में दानिक्स सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट (दक्षिण)-सह-विवाह अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़।**

**श्री अमरज्योत सिंह सिधू पुत्र स्व. जीवनज्योत सिंह, स्थायी एवं अस्थायी निवासी यूनिट 604, 77 रिज स्ट्रीट गॉर्डन, एनएसडब्ल्यू, ऑस्ट्रेलिया।**

**और**

सुश्री मेहर संधू पुत्री स्व. नवदीप सिंह, स्थायी एवं अस्थायी निवासी प्त1593, सेक्टर 36-डी, यूटी, चंडीगढ़ ने विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के तहत तीन कैलेंडर महीनों के भीतर विवाह के पंजीकरण के लिए धारा 5 के तहत नोटिस दिया है। जबकि, उपरोक्त नामित पक्षों ने इस अदालत में तीन कैलेंडर महीनों के भीतर अपनी शादी को संपन्न कराने के लिए एक याचिका दायर की है, इसलिए, इस प्रकाशन के माध्यम से आम जनता को नोटिस जारी किया जाता है कि यदि इस पर कोई आपत्ति है, तो उसे स्वीकार किया जाए। 01/02/25 को या उससे पहले इस अदालत में दायर किया गया, ऐसा न करने पर विवाह विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के तहत कानून के अनुसार संपन्न किया जाएगा।

दिनांक 01.01.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से दिया गया।

**सब डिविजनल मजिस्ट्रेट (एस)-सह-विवाह अधिकारी, विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के तहत, यू.टी., चंडीगढ़**

AP 7642

AP 7642

**पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय एडवोकेट्स को-ऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसाइटी लिमिटेड, चंडीगढ़, सेक्टर 49-ए, चंडीगढ़**

**सार्वजनिक सूचना**

इसके द्वारा आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों/आवेदकों ने शेयर/फ्लैट के हस्तांतरण और लीज के हस्तांतरण के निष्पादन के लिए एनओसी/अनुमति जारी करने के लिए सोसायटी की प्रबंध समिति/रजिस्ट्रार सहकारी समितियाँ, यू.टी., चंडीगढ़-के समक्ष आवेदन किया है। वित्त विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार .

| मूल आवंटी/ ट्रांसफरी | आवेदक का नाम | संपत्ति |
|---|---|---|
| श्रीमती परमिंदर कौर | कुमारी निधि वत्स | फ्लैट नं. 357, दूसरी मंजिल कैट 'बी' सेक्टर 49-ए, चंडीगढ़। |

यदि किसी को आवेदक के पक्ष में सोसायटी के उपर्युक्त फ्लैटों में शीर्षक अधिकार या हित के हस्तांतरण पर कोई आपत्ति है, तो वह प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ लिखित रूप में आपत्ति को इस नोटिस के प्रकाशन से 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत कर सकता है। , ऐसा न होने पर उक्त फ्लैट का स्वामित्व आवेदक के पक्ष में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

बाद में किसी भी तरह से किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

**अध्यक्ष**

AP 7642

PSPCL **पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड**

(कार्यालय अपर एसई/प्रवर्तन-सह-ईए एवं एमएमटीएस-1, जालंधर, पीएसपीसीएल जालंधर)

पता- पहली मंजिल, शक्ति सदन, खालसा कॉलेज के पास, जी. टी. रोड, जालंधर मोबाइल नंबर 96461 18119 ईमेल- xen-enf-jal@pspcl.in

निविदा पूछताछ संख्या 02/ई एनएफ/2024-25/पीएसपीसीएल/ईएनएफ-1/जालंधर दिनांक 03.01.2025

कार्यालय अतिरिक्त एसई प्रवर्तन-सह-ईए और एमएमटीएस -1, जालंधर के लिए एक वर्ष के लिए एक नंबर डीजल/पेट्रोल/सीएनजी वाहन क्वालिस/टवेरा/स्कॉर्पियो या समकक्ष कीमत पर किराए पर लेना।

निविदा दस्तावेजों की बिक्री की अंतिम तिथि 20.01.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे तक

निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि और समय- 20.01.2025 शाम 5:00 बजे तक

निविदाएं खोलना- 21.01.2025 प्रातः 11.00 बजे

निविदा दस्तावेज़ की लागत- रु. 1180/- (जीएसटी सहित)

विस्तृत एनआईटी/विनिर्देश/नियम एवं शर्तें पीएसपीसीएल की वेबसाइट (www.pspcl.in) से डाउनलोड की जा सकती हैं।

यदि कोई शुद्धिपत्र है, तो उसे समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा, इसलिए किसी भी अपडेट के लिए वेबसाइट को नियमित रूप से देखा जा सकता है। सी07/25

AP 7654

# 2025 में बुनियादी ढांचे से गुलजार होगा ट्राईसिटी का एरिया, चंडीगढ़, पंचकूला व मोहाली में बेहतर होगी इंटरकनेक्टीविटी

**कई परियोजनाएं समाप्त होने की कगार पर, लोगों को जल्द मिलेगी अलग तरह की सहूलियत**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 2 जनवरी।** नए साल के आगमन के साथ ट्राईसिटी में कई बुनियादी सुविधाएं मिलने जा रही हैं। विभिन्न परियोजनाओं का एक ऐसा ढांचा लोगों के सामने आने जा रहा है जिससे न केवल उनकी आम जिंदगी में राहत मिलेगी बल्कि व्यापार और इंडस्ट्री को भी इससे फायदा मिलेगा। चंडीगढ़, मोहाली व कुछ परियोजनाएं जल्द समाप्त होने की कगार पर हैं। इनमें एयरपोर्ट रोड पर यातायात को कम करने के लिए लंबित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के पूरा होने, मोहाली पुलिस द्वारा सीसीटीवी स्थापित करने के साथ सुरक्षित सार्वजनिक स्थानों और बेहतर स्वास्थ्य सेवा की लोग उम्मीद कर सकते हैं। ट्राइसिटी मास रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के रूप में मेट्रो चलाने की वित्तीय और आर्थिक व्यवहार्यता का मूल्यांकन करने के लिए नवंबर में गठित आठ सदस्यीय समिति जनवरी 2025 में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। समिति को अन्य समान परियोजनाओं पर रिपोर्ट का विश्लेषण करने का काम सौंपा गया है। शहर के ट्रैफिक को कम करने के लिए इसकी वित्तीय व्यवहार्यता देखने के लिए राइट्स लिमिटेड के साथ प्रशासन समन्वय करेगा।

मंजूरी मिलने पर मार्च में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली जाएगी। 14 लाख पंजीकृत वाहनों और 12 लाख की आबादी के साथ, चंडीगढ़ में प्रति घर वाहनों का घनत्व देश में सबसे अधिक है। इसके अलावा, अंतरराज्यीय मार्गों पर प्रतिदिन दो लाख से अधिक वाहन शहर से गुजरते हैं। पड़ोसी शहर मोहाली में 4.88 लाख पंजीकृत वाहन हैं, जो इसकी जनसंख्या से कहीं अधिक हैं।

### नई चंडीगढ़-कुराली सड़क होगी शुरू

कई समय सीमाओं से चूकने के बाद, कुराली-सिसवान सड़क को मुल्लांपुर (नई चंडीगढ़) में यूटी सीमा से जोड़ने वाली 8.9 किलोमीटर लंबी पीआर 4 सड़क को अपग्रेड करने की ग्रेटर मोहाली क्षेत्र विकास प्राधिकरण परियोजना फरवरी 2025 तक पूरी हो जाएगी। 200 फुट चौड़ी सड़क क्रिकेट स्टेडियम तक मुख्य मार्ग को कवर करती है। रास्ते में तीन पुलों और सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं का निर्माण शुरू किया गया है। मार्च 2024 से पहले परियोजना को पूरा नहीं करने के लिए अधिकारियों को आलोचना का सामना करना पड़ा, जब स्टेडियम ने अपने पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच की मेजबानी की। 115 करोड़ की परियोजना यूटी और न्यू चंडीगढ़ में पंजाब क्रिकेट स्टेडियम (पीसीए) के बीच बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगी, जो जल्द ही अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी करेगा। इससे खरड़ में यातायात की भीड़ कम होगी।

### जीरकपुर रिंग रोड अप्रैल 2025 तक पूरी तरह होगी संचालित

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने अंबाला से शिमला जाने वाले यातायात के लिए एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान करके, 11 वर्षों से रुकी हुई जीरकपुर रिंग रोड परियोजना को पुनर्जीवित कर दिया है। 1,329 करोड़ की परियोजना पर काम पूरो होने की कगार पर है। अप्रैल 2025 में यह शुरू होगा और पूरा प्रोजेक्ट दो साल में पूरा हुआ। 200 फुट चौड़ा, छह लेन वाला बाईपास पटियाला-जीरकपुर लाइट प्वाइंट (हवाई अड्डा जंक्शन) से पुराने पंचकूला ट्रैफिक क्रॉसिंग तक 16.5 किमी तक चलेगा। यह मैकडॉनल्ड्स के पास अंबाला-जीरकपुर राजमार्ग को पार करेगा, पंचकूला में सेक्टर 20 और 21 के बीच विभाजन सड़क के साथ विलय करने से पहले, पीर मुछल्ला, सनोली, गाज़ीपुर और नगला, सभी मोहाली जिले से होकर गुजरेगा। शिमला जाने वाला यातायात जीरकपुर की बाधा को दरकिनार करते हुए इस सड़क से जा सकेगा।



### अगस्त 2025 तक पूरा होगा पिंजौर-बद्दी-नालागढ़ चार लेन

पिंजौर-बद्दी-नालागढ़ चार लेन: 36 किलोमीटर लंबे पिंजौर-बद्दी-नालागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग खंड का चार लेन, हरियाणा को हिमाचल प्रदेश से जोड़ने वाला एक प्रमुख मार्ग, अगस्त 2025 तक पूरा हो जाएगा। राजमार्ग, जो लगभग 20,000 लोगों को देखता है इस पर चलने वाले वाहन, बद्दी और नालागढ़ में उद्योगों के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी है। फोर-लेन परियोजना में 104 पुलिया, 16 छोटे पुल, पांच प्रमुख पुल और एक फ्लाईओवर का निर्माण शामिल है, जिनमें से कई अधूरे हैं। इस परियोजना पर 774.78 करोड़ पहले ही खर्च किए जा चुके हैं, वह भूमि अधिग्रहण मुआवजे के वितरण और मिट्टी निकालने की अनुमति सहित निर्माण-पूर्व देरी के कारण तय समय से पीछे चल रही है। काम करीब तीन साल पहले शुरू हुआ था और सितंबर 2023 तक पूरा होना था।

### हवाई अड्डे के रूट को किया जा रहा कम

एयरपोर्ट रोड (पीआर-7) पर भीड़ कम करने के लिए, गमाडा 125 करोड़ की लागत से एक छोटा मार्ग बना रहा है। 2 सितंबर को एकीकृत महानगरीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक के दौरान, पंजाब के मुख्य सचिव अनुराग वर्मा ने घोषणा की कि हवाई अड्डे के लिए छोटा मार्ग एक साल में तैयार हो जाएगा। नया मार्ग चंडीगढ़ से हवाई अड्डे तक की दूरी 11.6 किमी से घटाकर 8.5 किमी कर देगा। छोटा रास्ता सेक्टर 65-66 (बावा व्हाइट हाउस) के ट्रैफिक जंक्शन से होते हुए सेक्टर 66-बी तक होगा। इस सड़क का प्रस्ताव यूटी प्रशासन और हरियाणा सरकार द्वारा चंडीगढ़ के सेक्टर 48 से हवाई अड्डे तक सीधे लिंक के सुझाव के बाद किया गया था, जो पंजाब के विरोध के कारण अमल में नहीं आया।

### मुल्लांपुर से बद्दी रोड बनेगी

यातायात को कम करने के लिए, एनएचएआई मुल्लांपुर के माजरी चौक से सिसवान के माध्यम से पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश के बद्दी तक चार-लेन रिंग रोड का निर्माण करेगा। निर्माण अप्रैल 2025 में शुरू होगा और 18 महीने में पूरा हो जाएगा। वर्तमान में, मोटर चालक सेक्टर 12 में पोस्ट-ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च तक पहुंचने के लिए बद्दी से नई चंडीगढ़ तक सिंगल रोड का उपयोग करते हैं। 18 किलोमीटर की दूरी चंडीगढ़ के चारों ओर बनाई जाने वाली रिंग रोड का एक हिस्सा है। मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़) डेरा बस्सी, खरड़, मोरिंडा और पिंजौर के उपनगरों में तेजी से विकास के कारण रिंग रोड की आवश्यकता हो गई है।

### एयरपोर्ट रोड पर भीड़ घटेगी, ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट होगा पूरा




एनएचएआई मई 2025 तक मोहाली में एयरपोर्ट रोड पर भीड़भाड़ कम करने के लिए अपने ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट को पूरा कर लेगा। एयरपोर्ट के पास आईटी चौक (पीआर-7) से कुराली-चंडीगढ़ रोड तक 32 किलोमीटर की दूरी ऐसे क्षेत्र में बनाई जा रही है, जहां अभी तक कोई विकास नहीं देखा गया। यह मार्ग दिल्ली से हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर जाने वालों के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में काम करेगा। इसे केंद्र की भारतमाला परियोजना के तहत 1,400 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है। भूमि मुआवजे के लिए 700 करोड़ दिए गए हैं, जबकि शेष 700 करोड़ राजमार्ग निर्माण के लिए रखे गए हैं। एनएचएआई के निदेशक प्रदीप अत्री ने कहा कि अंबाला-चंडीगढ़ ग्रीनफील्ड परियोजना अक्टूबर 2025 तक तैयार हो जाएगी। जीरकपुर और सेक्टर 20-21, पंचकूला, फ्लाईओवर 15 जनवरी तक चालू हो जाएंगे।

### कैपिटल कांप्लेक्स से सेक्टर 56 तक ग्रीन कोरिडोर

चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा नवंबर 2024 में गैर-मोटर चालित परिवहन (एनएमटी) ग्रीन कॉरिडोर पर काम फिर से शुरू करने के साथ, परियोजना मई 2025 तक तैयार हो जाएगी। 8 किलोमीटर का कॉरिडोर, 5 करोड़ की अनुमानित लागत पर बनाया जा रहा है। चंडीगढ़ मास्टर प्लान-2031 के तहत करोड़ रुपये, सेक्टर 1 में कैपिटल कांप्लेक्स को सेक्टर 56 से जोड़ देगा, जो शहर के उत्तरी से दक्षिणी हिस्से तक एन-चो के साथ चल रहा है। यह परियोजना साइकिल चालकों और पैदल चलने वालों के लिए 10 फीट चौड़ा, अच्छी रोशनी वाला और सुरक्षित मार्ग निर्धारित करके कार्बन उत्सर्जन को कम करने और शहर के निवासियों के जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार लाने की दिशा में एक कदम है। यह मास्टर प्लान के तहत योजनाबद्ध 11 ऐसे हिस्सों में से पहला है।

### फरवरी 2025 तक बिजली कंपनी करेगी अधिग्रहण



यूटी प्रशासन फरवरी 2025 तक बिजली सेवाओं की संपत्ति कोलकाता स्थित आरपी-संजीव गोयनका समूह को हस्तांतरित कर देगा। प्रशासन ने 9 नवंबर, 2020 को निजीकरण के लिए बोलियां आमंत्रित की थी और आरपीएसजी 871 करोड़ की सबसे ऊंची बोली लगाने वाली कंपनी बनकर उभरी। हालांकि कर्मचारियों ने इस कदम के खिलाफ पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, लेकिन उनकी याचिका 7 नवंबर को खारिज कर दी गई। असंतुष्ट होकर, उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, जिसने उनकी याचिका को भी खारिज कर दिया, जिससे निजीकरण का रास्ता साफ हो गया। प्रशासन ने दोहराया है कि बिजली दरें संयुक्त बिजली नियामक आयोग (जेईआरसी) द्वारा विनियमित होती रहेंगी। कंपनी और प्रशासन की ओर से ऐसा कहा जा रहा है कि निजीकरण से परिचालन प्रदर्शन, बुनियादी ढांचे के उन्नयन और शिकायत निवारण में सुधार होने की उम्मीद है, जिससे उपभोक्ताओं को लाभ होगा।

---

▲ अधिकतम 17 डिग्री से.
डिग्री से. 09 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 7.20 बजे
सूर्यास्त 5.32 बजे

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 77,710.00 |
| सेंसेक्स | 78,139.01 |
| अमेरिका | 85.65 |
| केनेडियन | 59.60 |
| आस्ट्रेलिया | 53.22 |

## न्यूज ब्रीफ

### डिलीवरी बॉय का मोटर साइकिल स्किट साइन बोर्ड से टकराया, मौत

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना 17 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत डिलीवरी बॉय का मोटर साइकिल स्किट कर साइन बोर्ड से जा टकराने से जख्मी हो गया ।जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस डिलीवरी बॉय को इलाज के लिए सेक्टर 16 के अस्पताल में पहुंचाया ।यहां डाक्टरों से उसकी हालात को गंभीर देखते हुए उसे पीजीआई रेफर कर दिया ।यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक पता चला है कि बाइक पर सवार डिलीवरी बॉय वीरवार को सुबह बाइक पर सवार होकर आ रहा था ।जैसे ही वह सेक्टर 17 / 18 लाइट प्वाइंट के पास पहुंचा तो उसकी मोटरसाइकिल स्किट होकर साइन बोर्ड से जा टकराई ।जिसके चलते हड़कंप मच गया। आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। खबर लिखे जाने तक बाइक सवार की पहचान नहीं हो पाई। उसकी पहचान के लिए पुलिस संपर्क में जुटी हुई है।

### सावित्री बाई फुले की आज मनाई जाएगी जयंती

**पंचकूला, (अप्रस)।** शहीद भगत सिंह जागृति मंच द्वारा समाज सेविका और पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की 197वीं जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन सेक्टर-15 स्थित पी.एम. श्री कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 3 जनवरी को 11 बजे किया जाएगा। जागृति मंच अध्यक्ष जगदीश भगत सिंह ने बताया है कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा की जिला महासचिव परमजीत कौर और विशिष्ट अतिथि वार्ड नंबर- 5 के पार्षद जय कौशिक होंगे। कार्यक्रम में माल्यार्पण, पुष्पांजलि के उपरांत सावित्रीबाई फुले के जीवन एवं उपलब्धियों पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जाएगा।

---

## नए साल की रात पुलिस का रहा कड़ा पहरा, चौकस पुलिस की त्वरित कार्रवाई

# चंडीगढ़-मोहाली और पंचकूला में कटे 741 चालान, कुल 64 गाड़ियां इंपाउंड

**मोहाली में 38 ड्रंक एंड ड्राइव के हुए चालान**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 2 जनवरी।** चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला में नए साल की रात शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पुलिस ने सख्त रवैया अपनाया।

पुलिस ने ट्राईसिटी के इन इलाकों में कुल 741 चालान काटे और 64 गाड़िया इंपाउंड की। सुरक्षा के कड़े प्रबंधों के चलते तीनों शहरों में शांतिपूर्ण तरीके से नया साल मनाया गया। चंडीगढ़ पुलिस ने नये साल के आगाज से पहले हुड़दंग की आशंका को देखते हुए सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किए थे। एसएसपी कंवरदीप कौर खुद रातभर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेती रही। क्लबों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखी गई। पुलिस ने चालान काटे और 39 गाड़ियां इंपाउंड की।



### पंचकूला में 14 चालान काटे, 5 गाड़ियां इंपाउंड

पंचकूला पुलिस ने भी नये साल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर रखे थे। पंचकूला में 8 विशेष नाके लगाए गए। करीब 300 वाहनों की जांच की गई, जिसमें 14 चालान काटे गए और 5 गाड़ियां इंपाउंड की गईं। महिला सुरक्षा के लिए प्रमुख स्थलों पर महिला पुलिसकर्मी तैनात की गईं।

### मोहाली में 600 चालान काटे, 20 गाड़ियां इंपाउंड

मोहाली पुलिस ने कुल 600 चालान किए, जिनमें 38 ड्रंक एंड ड्राइव के थे। 20 गाड़ियां इंपाउंड की गईं। एसपी दीपक पारीक ने खुद मौके पर मौजूद रहकर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया और पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए।

चंडीगढ़ में 13 गजेटेड अफसर, 16 थानेदार और 1450 पुलिसकर्मी तैनात किए गये थे। 44 आंतरिक और 18 बाहरी नाकों पर पुलिस का कड़ा पहरा रहा। सेक्टर-17, एलांते मॉल, अरोमा होटल और इंडस्ट्रियल एरिया में विशेष निगरानी रही। महिलाओं की सुरक्षा के लिए 8 पीसीआर वैन महिला स्टाफ के साथ तैनात रही।

## जस्टिस हरप्रीत बराड़ पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के स्थायी न्यायाधीश नियुक्त

**कानून न्याय मंत्रालय ने की अधिसूचना जारी, 85 में से 33 पद अभी भई खाली**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 2 जनवरी।** केंद्र सरकार ने पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ को स्थायी न्यायाधीश नियुक्त कर दिया है। इस संबंध में कानून और न्याय मंत्रालय की वेबसाइट पर अधिसूचना जारी की गई। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने सबसे पहले जुलाई 2022 में उनके नाम की सिफारिश की थी। मार्च 2023 में जस्टिस बराड़ को नियुक्त करने की सिफारिश को दोहराया गया, जिसके बाद उन्हें हाईकोर्ट का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। अब केंद्र सरकार ने उन्हें स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की। अधिसूचना में कहा गया है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 217 की धारा (1) के तहत प्रदत्त अधिकार का उपयोग करते हुए, राष्ट्रपति ने जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़, जो वर्तमान में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में कार्यरत हैं, को उसी हाईकोर्ट का स्थायी न्यायाधीश नियुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की है। यह नियुक्ति उनके कार्यभार संभालने की तारीख से प्रभावी होगी।

### कुल न्यायाधीशों की संख्या हुई 52

जस्टिस बराड़ के स्थायी न्यायाधीश चुने जाने के बाद कुल संख्या 52 हो गई है। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट वर्तमान में 85 स्वीकृत पद हैं जिनके मुकाबले 52 न्यायाधीश ही काम कर रहे हैं। अभी भी 33 पद खाली पड़े हुए हैं।

---

## मेयर चुनाव को लेकर आप का प्रतिनिधिमंडल डीसी से मिला

# मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी के मेयर चुनाव 19 फरवरी के बाद कराने का किया अनुरोध

**तीनों पदों के लिए हाथ उठाकर कराया जाए चुनाव: मेयर**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



फोटो: अजीत कौशल

**चंडीगढ़, 2 जनवरी।** आम आदमी पार्टी (आप), चंडीगढ़ का एक प्रतिनिधिमंडल वीरवार को नगर निगम, चंडीगढ़ के मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव को लेकर चंडीगढ़ के उपायुक्त निशांत कुमार यादव से मिला। इस प्रतिनिधिमंडल में आप अध्यक्ष डीएसपी विजय पाल, मेयर कुलदीप कुमार और आप के वरिष्ठ नेता डॉ. हरमीत सिंह शामिल थे।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को मांग पत्र देते हुए मांग की कि वर्ष 2024 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में सिविल अपील संख्या 2874/2024 में विशेष अनुमति याचिका (सिविल) संख्या 2998 दिनांक 20.02.2024 के निर्णय के माध्यम से, नगर निगम, चंडीगढ़ के लिए कुलदीप कुमार को मेयर के रूप में योग्य उम्मीदवार के रूप में निर्वाचित घोषित किया था।

पंजाब नगर निगम अधिनियम, 1976 की धारा 38 (1) के तहत चंडीगढ़ नगर निगम में निर्वाचित मेयर का कार्यकाल एक वर्ष है। पंजाब नगर निगम कानून (चंडीगढ़ तक विस्तार) अधिनियम,1994 द्वारा केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ तक विस्तारित किया गया है, इसकी धारा 38 (1) में प्रावधान है कि निगम, हर साल अपनी पहली बैठक में, अपने सदस्यों में से एक का चुनाव करेगा जिसको को महापौर के रूप में जाना जाएगा और ऐसे दो अन्य सदस्यों को वरिष्ठ उप महापौर और उप महापौर के रूप में जाना जाएगा। नगर निगम, चंडीगढ़ अपने तीसरे वर्ष में है और माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से 20.2.2024 को कुलदीप कुमार ने मेयर का पद संभाला। जिसका एक वर्ष का कार्यकाल 19 फरवरी 2025 को पूरा हो जायेगा।

इन परिस्थितियों में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के कारण, इस वर्ष 2025 के लिए नगर निगम की पहली बैठक वर्तमान महापौर का कार्यकाल जो 19 फरवरी 2025 को समाप्त हो रहा है, के पूरा होने के बाद आयोजित की जानी चाहिए। अतः इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए महापौर का चुनाव 19 फरवरी 2025 को महापौर का कार्यकाल पूरा होने के बाद निर्धारित करने की मांग की गई।

आप प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त के ध्यान में लाया कि नगर निगम, चंडीगढ़ के जनरल हाउस की 29 अक्टूबर.2024 को बैठक हुई थी। इस 341वीं बैठक में टेबल एजेंडा आइटम नंबर 3 पर चर्चा करते हुए बहुमत से यह निर्णय लिया गया कि चंडीगढ़ नगर निगम के विनियम 6 (कार्यप्रक्रिया और संचालन) विनियम, 1996 में संशोधन किया जाए और मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव गुप्त मतदान के बजाय हाथ उठाकर कराया जाए, ताकि आने वाले वर्षों के लिए पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित की सके।

प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि 29 अक्टूबर 2024 को आयोजित जनरल हाउस की 341वीं बैठक में पारित प्रस्ताव के अनुसार मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव गुप्त मतदान के बजाय हाथ उठाकर किया जाना चाहिए।

## पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक ने प्रशासन का कैलेंडर 2025 किया जारी

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



फोटो: अजीत कौशल

**चंडीगढ़, 2 दिसंबर।** चंडीगढ़ प्रशासन का कैलेंडर 2025 आज पंजाब के राज्यपाल और यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब राजभवन में आधिकारिक रूप से जारी किया।

इस समारोह में प्रशासक के सलाहकार राजीव वर्मा, डीजीपी चंडीगढ़ सुरेंद्र यादव, गृह सचिव मनदीप सिंह बराड़, जनसंपर्क सचिव सुश्री प्रेरणा पुरी, प्रशासक के विशेष सचिव अभिजीत विजय चौधरी और जनसंपर्क निदेशक राजीव तिवारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

राज्यपाल ने जनसंपर्क विभाग की व्यावहारिक और आकर्षक कैलेंडर बनाने के लिए प्रशंसा की, जिसमें सार्वजनिक जुड़ाव को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

यह कैलेंडर जल्द ही चंडीगढ़ में व्यापक रूप से वितरित किया जाएगा।

## ट्राइसिटी की ठंड और कोहरे में थमी रफ्तार, आज बारिश के संकेत

**सुबह शाम विजिबिल्टी पर पड़ रहा, कई हवाई उड़ानों पर असर**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 2 जनवरी।** नए साल की शुरुआत हाड़ कंपा देने वाली ठंड और कोहरे के साथ हुई है। पहाड़ों में हो रही बर्फबारी ने मैदानी इलाकों पर भी असर डाला है, जिससे ट्राईसिटी की रफ्तार भी थम सी गई है। उधर, हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। कोहरा छाने की वजह से पंजाब और मोहाली के अधिकतर हिस्सों में विजिबिल्टी पर भी खूब असर पड़ा है। बताया जा रहा है कि सुबह और शाम को उड़ानें विलंब से आ जा रही हैं। चंडीगढ़ से दिल्ली, जयपुर, कोलकाता और पुणे जाने वाली उड़ानें भी दिल्ली में कोहरा होने की वजह से विलंब हो रहा हैं। गुरुवार को दिन का तापमान 15 डिग्री के आसपास रिकॉर्ड किया गया जबकि न्यूनतम तापमान लुढकर 9 डिग्री पर पहुंच गया। वहीं शाम को दिन ढलने के साथ ही ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया। अधिकतम तापमान लुढकर 11 डिग्री पर पहुंच गया और न्यूनतम तापमान भी गिरावट के साथ 9 डिग्री रिकार्ड किया गया। जहां एक तरफ अधिकतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है वहीं रेल यात्रा करने वालों को भी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। इसकी वजह यह है कि हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और राजस्थान जाने वाले रेल यात्रियों को गाडियों के समय में यकायक किए जा रहे परिवर्तन की वजह से घंटों स्टेशन पर कड़ाके की ठंड में बैठ कर इंतजार करना पड़ रहा है।

### आज बारिश का अलर्ट, बढ़ेगी ठंड

मौसम विशेषज्ञें ने शुक्रवार को बारिश का अलर्ट जारी किया है। हालांकि पिछले दो दिनों से छा रहे कोहरा सिलसिला यूं ही जारी रहेगा। इसके बाद रविवार को धूप खिल सकती है। इसके बाद अगले हफ्ते की शुरुआत में आसमान में बादल छाएंगे और धूप भी निकलेगी। इसके बाद फिर से बारिश के आसार बनेंगे। विशेषज्ञों की माने तो जनवरी में तापमान गिर कर 4 डिग्री तक भी जा सकता है।

सम्पादकीय

# केंद्र को किसानों से बातचीत की दिखानी चाहिए उदारता

केंद्र सरकार की ओर से नववर्ष के पहले ही दिन किसानों के हित में दो बड़े फैसले लेना जहां धरतीपुत्रों की उम्मीदों को और हरा करता है, वहीं इसकी जरूरत भी समझाता है कि देश में किसानों के आंदोलन को लेकर सरकार संजीदा है। बेशक, पंजाब के किसानों का खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन अनवरत जारी है, और केंद्र सरकार की ओर से की गई घोषणाओं के संबंध में भी आंदोलनकारी किसानों की ओर से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं आई है, जिससे लगता है, जैसे किसानों के एक वर्ग को ये घोषणाएं रास नहीं आई हैं। केंद्र सरकार ने खेती में उपयोग होने वाले डीएपी यानी डाय-अमोनियम फॉस्फेट खाद की खरीद के लिए 3,850 करोड़ रुपये तक के एकमुश्त विशेष पैकेज के विस्तार का ऐलान किया है वहीं फसल बीमा योजना की अवधि को भी एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया है। इसका लाभ यह होगा कि डीएपी की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं होगी और वह उसी कीमत पर उपलब्ध होगी, जिस पर अभी मिल रहा है। अगर यह विशेष पैकेज नहीं दिया जाता तो डीएपी की एक बोरी की कीमत 175 रुपये तक बढ़ सकती थी। निश्चित रूप से इन दोनों योजनाओं से किसानों को काफी लाभ की उम्मीद है। हालांकि इस दौरान उन मांगों पर सरकार की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया गया है, जोकि लंबे समय से की जा रही हैं। सबसे बढक़र यह कि केंद्र सरकार की ओर किसानों से बातचीत के मुद्दे पर कहा गया है कि विभिन्न किसान संगठनों से सरकार की बातचीत होती रहती है।

**केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 से कोविड और कई देशों में युद्ध जैसी समस्याओं के बावजूद सुनिश्चित किया है कि बाजार की अस्थिरता का बोझ किसानों पर न पड़े। साल 2014 से 2023 के बीच सरकार ने खाद पर 1.9 लाख करोड़ रुपये की सब्सिडी दी, वहीं यह 2004-2014 के मुकाबले दोगुने से अधिक है। इसी प्रकार पीएम फसल बीमा योजना के तहत 2023-24 में 4 करोड़ किसानों का बीमा किया गया है। नीतियों के लिहाज से यह देश की सबसे बड़ी योजना और कुल प्रीमियम के आधार पर तीसरी सबसे बड़ी योजना है**

ऐसा तब है, जब खनौरी बार्डर पर आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का जीवन लगातार संकट में पड़ता जा रहा है और सुप्रीम कोर्ट सीधे उनके स्वास्थ्य की रिपोर्ट ले रहा है। अदालत ने पंजाब सरकार को डल्लेवाल को अस्पताल में दाखिल करने के निर्देश दिए हुए हैं और पंजाब सरकार के समक्ष धर्मसंकट है कि वह किसानों का समर्थन करे या फिर डल्लेवाल को अस्पताल में दाखिल करवा कर उनका विरोध झेले। इस बीच यह भी सामने आ रहा है कि केंद्र सरकार की ओर से किसानों से बातचीत के प्रति कोई रुचि न दिखाने से पंजाब सरकार की चुनौती और बढ़ गई हैं। माना यह जा रहा था कि अगर केंद्र बातचीत को तैयार होता है तो किसानों को विश्वास में लेकर डल्लेवाल को अस्पताल में दाखिल कराया जा सकता है, लेकिन अब इस उम्मीद पर भी पानी फिर गया है। ऐसे में एक सवाल यह भी उत्पन्न हो रहा है कि आखिर केंद्र सरकार हड़ताल कर रहे किसानों के साथ बातचीत को तैयार क्यों नहीं हो रही है। क्या यह माना जाए कि किसानों की मांगें वाजिब नहीं हैं और उनको पूरा किया जाना व्यवहारिक नहीं है। या इसकी वजह यह है कि किसानों के आंदोलन में अब वह दम नहीं रहा, जोकि तीन कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन के समय था। गौरतलब यह भी कि इस समय किसान ही एक नहीं हैं। उनके अनेक समूह बने हुए हैं और वे आपस में साथ आने को तैयार नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित हाई पावर कमेटी की बैठक में किसानों के एक समूह संयुक्त किसान मोर्चे ने शामिल होने से इनकार कर दिया है, इसकी वजह यह बताई गई है कि खनौरी और शंभू बॉर्डर पर चल रहे आंदोलन में उसकी कोई भूमिका नहीं रखी गई है।

इस बीच केंद्र सरकार ने यह प्रतीत कराया है कि देश में किसानों के आंदोलन की कोई आवश्यकता नहीं है। क्योंकि केंद्र सरकार साल 2014 से ही किसानों के हित में कदम उठाती आ रही है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 से कोविड और कई देशों में युद्ध जैसी समस्याओं के बावजूद सुनिश्चित किया है कि बाजार की अस्थिरता का बोझ किसानों पर न पड़े। साल 2014 से 2023 के बीच सरकार ने खाद पर 1.9 लाख करोड़ रुपये की सब्सिडी दी, वहीं यह 2004-2014 के मुकाबले दोगुने से अधिक है। इसी प्रकार पीएम फसल बीमा योजना के तहत 2023-24 में 4 करोड़ किसानों का बीमा किया गया है। नीतियों के लिहाज से यह देश की सबसे बड़ी योजना और कुल प्रीमियम के आधार पर तीसरी सबसे बड़ी योजना है। वास्तव में यह सब नीतियां किसानों के व्यापक हित में हैं, लेकिन किसानों की ओर से उठाई जा रही मांगों पर भी विचार जरूरी है। केंद्र सरकार इस समय खुद को किसी दबाव में नहीं दिखाना चाहती, लेकिन किसान नेता डल्लेवाल का स्वास्थ्य लगातार चिंताजनक होता जा रहा है। जाहिर है केंद्र सरकार अगर बातचीत का दौर शुरू करती है तो इससे किसानों को संबल मिलेगा वहीं देश में भी यह संदेश जाएगा कि किसानों की सुनने के लिए कोई है। किसानों की मांगें अदालत पूरा नहीं कर सकती और न ही वह उन्हें पूरा करने का आदेश दे सकती है, यह कार्य सरकार का है। सरकार को किसानों से बातचीत की उदारता दिखानी चाहिए।

# आओ, नववर्ष पर विकसित भारत बनाने का संकल्प लें




आधी रात को, जब दुनिया सोती है, भारत जीवन और स्वतंत्रता के लिए जागेगा। जवाहरलाल नेहरू का यह 'ट्रिस्ट विद डेस्टिनी' भाषण उस सपने का प्रतीक था जिसे हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने पूरा किया था। इसने हमें, भारत के लोगों द्वारा पालन किए जाने वाले अगले सपने का विजन भी दिया।

भारत के बारे में गांधी का दृष्टिकोण हमारे देश के आत्मनिर्भर विकास के लिए घरेलू औद्योगीकरण को बढ़ावा देना था। उनका विचार था कि ग्रामीण भारत भारत के विकास की रीढ़ है। यदि भारत को विकास करना है, तो ग्रामीण क्षेत्र का भी समान विकास होना चाहिए। वह यह भी चाहते थे कि भारत गरीबी, बेरोजगारी, जाति, रंग पंथ, धर्म के आधार पर भेदभाव जैसी सभी सामाजिक बुराइयों से मुक्त हो, और सबसे महत्वपूर्ण रूप से निचली जातियों (दलितों) के खिलाफ अस्पृश्यता को समाप्त करे जिन्हें वह 'हरिजन' कहते हैं।

ये दर्शन भारत के तत्कालीन समाज के सामाजिक स्तर को दर्शाते हैं। स्वतंत्रता के 75 वर्षों के बाद भी हम अभी भी इन सामाजिक मुद्दों को भारत में कायम पाते हैं। हमारे संविधान की प्रस्तावना भारत को संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक और गणतंत्र देश के रूप में निर्दिष्ट करती है। आइए देखें कि इस परिभाषा को सच करने के लिए हमने भारत के नागरिक के रूप में अपने सपने को कैसे पूरा किया है। 100 वर्षों के स्वतंत्रता संग्राम के बाद हम इस सपने को साकार करने में सक्षम हुए हैं। शीत युद्ध के दौर में भी जब दो महाशक्तियां अमेरिका और सोवियत संघ एक-दूसरे का मुकाबला करने के लिए गठबंधन बना रहे थे, हमने अपनी संप्रभुता को बनाए रखने के लिए किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं होने के लिए गुटनिरपेक्षता का विकल्प चुना। यद्यपि संयुक्त राष्ट्र द्वारा उपनिवेशवाद पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, लेकिन नव-उपनिवेशीकरण के समान अंतरराष्ट्रीय दुनिया में अपनी जड़ें जमा रहा है।

नव उपनिवेशीकरण को अन्य राज्यों द्वारा राज्यों की नीतियों पर अप्रत्यक्ष नियंत्रण के रूप में परिभाषित किया गया है। हाल ही में हमने भारत और अन्य अविकसित देशों जैसे अमेरिका द्वारा संयुक्त राष्ट्र में आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) बीजों को पेश करने और विकसित देशों से कृषि आयात के लिए बाजार को उदार बनाने के लिए दबाव देखा है। जीएम बीज कृषि का निजीकरण करते हैं और इस प्रकार मिट्टी की गुणवत्ता के साथ-साथ भारत के किसानों की सामाजिक स्थिति के लिए बहुत बड़ा खतरा पैदा करते हैं। भारतीय मिट्टी के अनुकूल बीजों के विकास में अनुसंधान पर अमेरिका द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत को लगातार निशाना बनाया गया है।

भारत की संप्रभुता के लिए खतरे का अन्य उदाहरण वैश्विक आतंकवाद के माध्यम से है। भारत 26/11 और पठानकोट में उग्रवादियों द्वारा किए गए हमले का गवाह रहा है। बोडोलैंड की मांग के लिए असम अलगाववादी आंदोलन से भारत नक्सलियों और पूर्वोत्तर में उग्रवादियों से उग्रवादी गतिविधियों का भी सामना करता है। इन गतिविधियों से निर्दोष जीवन की हानि होती है और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचता है जिससे देश के विकास में बाधा उत्पन्न होती है। इस सपने को जिंदा रखने के लिए हमें इन गतिविधियों के खिलाफ एकता दिखानी होगी। इंटरनेट पर एकाधिकार करने के लिए फेसबुक के खिलाफ भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के फैसले का उदाहरण भारत के लोगों द्वारा मजबूत सर्वसम्मत अस्वीकृति के कारण था।

हमारे पहले प्रधान मंत्री देश की योजना और विकास में सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका के विचार के थे। उद्योगों का उदारीकरण 1991 के बाद ही हुआ, लाइसेंस राज खत्म हुआ। हाल ही में हमने भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के माध्यम से धन का प्रवाह देखा। अगर हम करीब से देखें तो हमने भारत के अधिकतम क्षेत्रों में 100त्न एफडीआई नहीं खोला है। बाजार का निजीकरण निस्संदेह गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के साथ समाज में सर्वश्रेष्ठ प्रतिस्पर्धा प्रदान करता है। लेकिन अगर हम इसे अपनाते हैं, तो बाजार में केवल उन्हीं उत्पादों की आपूर्ति होगी जिनकी मांग है और जिससे वे अन्य आवश्यक आपूर्तियों की उपेक्षा करते हुए लाभ कमा सकते हैं।

साथ ही समाजवादी समाज का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के लिए समान परिणाम प्राप्त करना, नौकरियों में समान अवसर प्रदान करना, न्यूनतम मजदूरी प्रदान करना और भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि जैसी बुनियादी आवश्यकताओं को प्रदान करना है। वर्तमान में भारत गरीबी, अस्वस्थता, बेरोजगारी, भेदभाव के कारण दुर्व्यवहार, खराब शिक्षा आदि के कारण जागरूकता की कमी आदि से पीड़ित वंचितों की सबसे बड़ी संख्या वाला देश है। इन सामाजिक मुद्दों पर अंकुश लगाने के लिए सक्रिय रूप से संगठनों का गठन करते हुए हमें भारत के नागरिक के रूप में सरकार द्वारा बनाई गई नीतियों को ईमानदारी से लागू करने में सक्रिय होना चाहिए।

भारत अनेकता में अपनी एकता पाता है। आजादी के बाद हुए साम्प्रदायिक दंगों के बाद भारत को यह बात समझ में आ गई कि किसी भी धर्म का पक्ष लेने से भारत को लंबे समय तक नुकसान उठाना पड़ता है। लेकिन आज भी हम समाज में धार्मिक घृणा पाते हैं। इतने सालों में हमने 1984 के सिख दंगों, 2002 के गोधरा कांड, 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों, बाबरी मस्जिद के विध्वंस और कई अन्य के रूप में सांप्रदायिक दंगे देखे हैं। धार्मिक राजनीति ने भारतीय राजनीति में अपनी जड़ें जमा ली हैं। बीफ खाने पर हालिया प्रतिबंध और %घर वापसी%, %लव जेहाद% आदि जैसे आंदोलन धर्मनिरपेक्षता के मूल मूल्यों के खिलाफ हैं।

धर्म के नाम पर कही गई बातों पर आंख मूंदकर विश्वास न करने, विवेक का पालन करने के लिए जागरूकता फैलानी चाहिए। हम इस सपने तक पहुँचने से बहुत दूर हैं लेकिन हमें हार नहीं माननी चाहिए। समाज को इन धार्मिक संस्थाओं द्वारा लगाए गए अतार्किक कटौती का विरोध करना चाहिए।

इस संबंध में हम देख सकते हैं कि लोकतंत्र ने भारतीय समाज में अपनी जड़ें जमा ली हैं। संघों का सक्रिय गठन, चुनाव प्रक्रियाओं में भागीदारी में वृद्धि, विवादित परिदृश्यों का शांतिपूर्ण समाधान देश के दूर-दराज के हिस्सों में भी सक्रिय रूप से देखा जाता है।

असहिष्णुता को लेकर हाल के परिदृश्य ने एक बार फिर हमारे लोकतांत्रिक विश्वास की अटकलों को हवा दे दी है। हम लगातार ऐसी स्थिति देखते रहे हैं जहां हम पाते हैं कि लेखक के विचारों के लेखन के खिलाफ धर्म द्वारा फतवा जारी किया जाता है। फेसबुक पर पोस्ट के कारण लोगों को जेल में डाला जा रहा है। साथ ही हम अपने देश में जाति आधारित राजनीति, धर्म आधारित राजनीति देखते हैं। राष्ट्रीय दल लोकतंत्र का कुरूप चेहरा दिखाते हुए लगातार गंदी राजनीति कर रहे हैं।

लोकतंत्र वह शक्ति है जो लंबे ऐतिहासिक संघर्ष के बाद मिली है। हमें समाज की अज्ञानता को स्वतंत्रता के रूप में हमें मिले सर्वोत्तम उपहार को छीनने नहीं देना चाहिए। गणतंत्र भारत के नागरिक के रूप में हम अपने संविधान में सर्वोच्चता मानते हैं। 1976 के आपातकाल के समय हमारे संविधान को चुनौती का सामना करना पड़ा। प्राधिकरण द्वारा उनके व्यक्तिगत भविष्य के हित के लिए इसमें बड़े पैमाने पर संशोधन किया गया है। लेकिन जल्द ही सरकार ने देश के नागरिकों के कड़े विरोध को देखा और संविधान में निहित शक्ति को महसूस किया।

इतने सालों के बाद हमने 105 बार संविधान में संशोधन किया है। प्राधिकारियों में निहित कई शक्तियों की फिर से जाँच की गई है और शासन के कई नए प्रावधान जोड़े गए हैं, उदाहरण के लिए पंचायती राज आदि। न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका और स्वतंत्र निकायों में निहित संतुलित शक्ति ने नागरिकों को प्रभावी ढंग से शासन में योगदान करने में मदद की है। संविधान द्वारा प्रदत्त न्याय की इस भावना को कभी नहीं भूलना चाहिए। इस मशीनरी के प्रभावी ढंग से प्रसंस्करण में विश्वास रखना चाहिए।

हमने कई मौकों पर अपने सपने को टूटते हुए देखा है लेकिन फिर भी हम हर मुसीबत की स्थिति से मजबूत और आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। स्वराज के महत्व को समझना चाहिए और इन सपनों को आगे बढ़ाने के लिए आक्रामक रूप से शुरुआत करनी चाहिए ताकि हम अपनी आने वाली पीढ़ी को भी बेहतर भविष्य प्रदान कर सकें। मैं डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के बेहतरीन उद्धरणों पर समाप्त करना चाहता हूं 'सपने वह नहीं हैं जो आप नींद में देखते हैं, बल्कि वह हैं जो आपको सोने नहीं देते'।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### जाली लॉटरी टिकटों सहित 2 गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** स्थानीय पुलिस ने नगर से विभिन्न घटनाओं में लॉटरी की जाली टिकटों सहित 9 लोग गिरफ्तार किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पटियाला निवासी अनिल गुप्ता व ज्ञानचंद को पुलिस ने एयरपोर्ट के निकट से जाली लॉटरी की टिकटों सहित गिरफ्तार किया है।

इसी दौरान गुरनाम सिंह लुधियाना निवासी को बस स्टैंड से 10 बोतल शराब सहित व नया गांव के निवासी गोपाल राठौर को बीआरडी के निकट से कमानीदार चाकू सहित गिरफ्तार किया है।

भगवती प्रसाद, बलवंत सिंह, अवध व ब्रज को जुआ खेलने के आरोप में गिरफ्तार किया है जबकि सेक्टर 18 के मकान नं. 2668 के निवासी राजेश कुमार को सेक्टर 31 से लड़कियों से छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किया है।

### तेज रफ्तार वाहन चालकों से विवाहित तलाक लें: गुप्ता

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ पुलिस द्वारा मनाये जा रहे सड़क सुरक्षा एवं तेल बचाओ सप्ताह समारोह की अध्यक्षता करते हुए ट्रिब्यून के संपादक श्री वी.एन. नारायण ने कहा है कि भारत में सड़कों के नियमों का कोई भी पालन नहीं करता, जिससे दुर्घटनाएं होती हैं। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह के दौरान लोगों को अच्छी तरह से सड़क के नियमों के बारे समझाया आये तथा लोगों से भी आग्रह किया कि वे भी पुलिस के साथ मिलकर चलें।

उन्होंने यह भी कहा कि ड्राईविंग लाईसेंस बनाते वक्त मैरिट पर कार्य करना चाहिए। इस मौके पर पुलिस के महानिदेशक श्री राधेश्याम गुप्ता ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में हर वर्ष 100 लोगों की मौत होती है। जबकि हर रोज एक व्यक्ति दुर्घटना में घायल होता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1991 के दौरान 107 मौतें हुईं जबकि वर्ष 1992 में 72 मौतें हुईं। जबकि जुल्म से मरने वालों यह संख्या 20 है। उन्होंने महिलाओं से कहा कि तेज रफ्तार चलाने वाले वाहन चालकों से वे तलाक ले लें। तथा लोगों का ध्यान हैलमेट पहनने की ओर दिलाया और महिलाओं से भी हैलमेट पहनने का आग्रह किया। इसके अलावा हिंदुस्तान पेट्रोलियम के सीनियर रिजनल मैनेजर एस.पी. चौधरी ने बताया कि उनके जो पेट्रोल हैं वह आगामी 20 वर्षों में खत्म हो जायेगा और संसार के पास जो पेट्रोल हैं वह 33 सालों में खत्म हो जायेगा।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1894-रवीन्द्र नाथ टैगोर ने 'शांति निकेतन' में 'पौष मेला' का उद्घाटन किया।
1901-'शांति निकेतन' में ब्रह्मचर्य आश्रम खुला।
1903-भारतीय हॉकी के प्रसिद्ध खिलाड़ियों में से एक जयपाल सिंह का जन्म।
1929-महात्मा गांधी लॉर्ड इरविन से मिले।
1936-मैथिली भाषा के प्रसिद्ध उपन्यासकार केदारनाथ चौधरी का जन्म।
1941-बॉलीवुड अभिनेता संजय खान का जन्म।
1943-टेलीविजन पर पहली बार गुमशुदा लोगों के बारे में सूचना का प्रसारण किया गया।
1957-अमेरिका के पेनसिल्वेनिया में पहली बार बिजली घड़ी प्रदर्शित की गयी।
1959-अलास्का को अमेरिका का 49वां राज्य घोषित किया गया।
1974-बर्मा (अब म्यांमार) में संविधान को अंगीकार किया गया।
1984-पद्म श्री और पद्म भूषण से सम्मानित भारतीय वैज्ञानिक डॉ. ब्रह्म प्रकाश का निधन।
1991-इजरायल ने 23 साल बाद सोवियत संघ में वाणिज्य दूतावास को दोबारा खोला।
1993-अमेरिका और रूस ने अपने परमाणु हथियारों की संख्या को आधा करने पर सहमति जतायी।
1995-हरियाणा के डबवाली में एक स्कूल में लगी भीषण आग में 360 लोगों की मौत।
1998-अल्जीरियाई इस्लामी विद्रोह में 412 लोगों की हत्या।
2000-कलकत्ता का नाम आधिकारिक रूप से कोलकाता रखा गया।
2002-भारत के प्रसिद्ध रॉकेट वैज्ञानिक सतीश धवन का निधन।
2004-12वें सार्क सम्मेलन में भाग लेने प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी इस्लामाबाद पहुँचे।
2005-यूएसए ने तमिलनाडु में सुनामी पीड़ितों को साफ़ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 6.2 करोड़ रुपये की सहायता की घोषणा की।
2007-चीन की मारग्रेट चान ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक पद की कमान सम्भाली।
2008-बिजली उपकरण बनाने वाली 'इंडो एशियन फ्युजगीयर लिमिटेड' ने उत्तराखण्ड में हरिद्वार में 40 करोड़ रुपये के निवेश से नया अत्याधुनिक विचारगियर संयंत्र खोलने की घोषणा की।
2009-राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सभा में विश्वास मत हासिल किया।
2013-भारत के प्रसिद्ध वायलिन वादक एम. एस. गोपालकृष्णन का निधन।
2015-नाइजीरिया के पूर्वोत्तर शहर बागा में आतंकवादी संगठन बोको हराम का हमला, लगभग 2000 लोगों की मौत।
2020-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु में भारतीय विज्ञान कांग्रेस के 107वें सत्र का उद्घाटन किया। भारतीय विज्ञान कांग्रेस-2020 की थीम 'ग्रामीण विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी' थी।

## बोल ब्यूटीफुल

**समीर चौगांवकर:** वर्ष चाहे कोई हो,



आने वाला या फिर जाने वाला, निश्छल ही होता है। उसके अपने कोई आग्रह नहीं होते। यह हम पर निर्भर है कि हम उसका उपयोग कैसे करते हैं।

**मनीष श्रीवास्तव:** कुछ दलों की यही उम्मीद है कि मनमोहन सिंह जी जाते-जाते कुछ सिख वोट दिलवा जाएं, दिल्ली के विधानसभा चुनाव में।


**डब्ल्यूवी रमन:** भारतीय टीम के पास अभी भी बार्डर गावस्कर ट्राफी को ड्रा कराने का अवसर है। इसके लिए सभी खिलाड़ियों को अपनी भूमिका के साथ न्याय करना होगा। ऐसे में टीम से जुड़ी कुछ जानकारियों का बाहर आना सही नहीं। इससे माहौल खराब होगा।

**एक्स क्रिकेटर:** मात्र, 19.43 की औसत से 203 टेस्ट विकेट। जसप्रीत बुमराह ने वह करिश्मा किया है, जो मैल्कम मार्शल भी न कर पाए थे। एक ऐसा कोहिनूर सा हीरा जो भारतीय क्रिकेट को सौभाग्य से मिला है। इसे सहेज कर रखना होगा। बेशकीमती है गुमराह।

## सतरंगी पर्दा

# बड़े पर्दे पर 10 जनवरी को रिलीज होगी सोनू सूद की फिल्म 'फतेह'

### 'फतेह' की कमाई दान देंगे सोनू



**फिल्म** अभिनेता सोनू सूद रविवार को स्वर्ण मंदिर में माथा टेकने अमृतसर पहुंचे। उन्होंने कहा कि वे अपनी आने वाली नई फिल्म 'फतेह' को लेकर स्वर्ण मंदिर में आशीर्वाद लेने आए हैं। यह फिल्म 10 जनवरी को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। फिल्म को खुद सोनू सूद ने निर्देशित किया है।

खास बात यह है कि फिल्म से जो भी कमाई होगी, वह गरीबों के कल्याण के लिए इस्तेमाल की जाएगी। सोनू सूद ने कहा कि 'फतेह' एक साइबर क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जो साइबर से जुड़े विभिन्न पहलुओं को उजागर करेगी। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह और जैकलीन फर्नांडीज लीड रोल में नजर आएंगी। सोनू सूद के साथ फिल्म में विलेन की टोली में सूरज जुमानी का नाम शामिल है। जुमानी इस फिल्म से बॉलीवुड फिल्मों में डेब्यू कर रहे हैं।

स्वर्ण मंदिर में माथा टेकने के बाद उन्होंने बताया कि फिल्म की शुरुआती शूटिंग अमृतसर में की गई है। सोनू सूद खुद पंजाब से हैं। इस फिल्म में पंजाब की कहानी है। सूद ने कहा कि 'फतेह' फिल्म से जो भी कमाई होगी उसे किसानों, जरूरतमंद बच्चों और नशे से पीड़ितों के इलाज पर खर्च किया जाएगा।

### टिस्का ने की कश्मीर की तारीफ़



**फिल्म** अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा को कश्मीर बहुत भाया है। कड़ाके की ठंड में कश्मीर आई टिस्का ने अपने इंस्टाग्राम पर पहलगाम का वीडियो साझा किया है। वीडियो के साथ लिखे अपने नोट में टिस्का ने कश्मीर की जमकर तारीफ की है।

इस दौरान जम्मू-कश्मीर सरकार ने भद्रवाह के पांच पर्यटन स्थलों गुलदांडा, जाई, पादरी, सेज और छत्रगला को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने का फैसला किया है। भद्रवाह, जम्मू-कश्मीर के उन चार स्थलों में शामिल है, जिन्हें सरकार ने विश्व बैंक की वित्तीय और तकनीकी मदद से विश्व स्तरीय पर्यटक बुनियादी ढांचे के साथ विकसित करने के लिए चुना है।

भद्रवाह विकास प्राधिकरण के सीईओ बालकृष्ण ने बताया कि विश्व बैंक के प्रतिनिधिमंडल ने इन स्थलों को चुना है। भद्रवाह में पर्यटन के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि इस परियोजना को विश्व बैंक, जम्मू-कश्मीर सरकार और केंद्र के बीच एक संयुक्त उद्यम के रूप में विकसित किया जा रहा है। एडवेंचर टूर के आयोजक विकास शर्मा का कहना है कि हमें भद्रवाह के पर्यटन उद्योग में बड़ा उछाल आने की उम्मीद है।

### नहीं मिली कोई शिकायत



**हरियाणा** के गुरुग्राम में फंदे से लटकी मिली रेडियो जॉकी सिमरन के आत्महत्या मामले की पुलिस जांच जारी है। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने कहा कि सिमरन सिंह अपने कुछ दोस्तों के साथ कोठी में किराए पर रहती थी।

सिमरन के आत्महत्या करने को लेकर उसके माता-पिता की तरफ से कोई शिकायत नहीं की गई है। पोस्टमॉर्टम के बाद सिमरन का शव परिजनों को सौंप दिया गया। मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ है। परिजनों का कहना था कि पिछले कुछ समय से किसी बात को लेकर वह परेशान चल रही थी। सिमरन के प्रशंसक उन्हें 'जम्मू की धड़कन' कहकर बुलाते थे।

सिमरन सोशल मीडिया पर काफी मशहूर थी। इंस्टाग्राम पर उनके करीब 6.82 लाख फॉलोअर्स हैं। जांच से पता चला है कि सिमरन ने 13 दिसंबर को आखिरी बार एक रील पोस्ट की थी। अपनी आखिरी पोस्ट में उसने समुद्र तट पर डांस करते हुए वीडियो डाला था। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सिमरन की दुखद और असामयिक मृत्यु पर दुख व्यक्त किया है।

### विवादों में दिलजीत दोसांझ



**पंजाबी** गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ अपने लुधियाना कॉन्सर्ट कानूनी विवाद को लेकर चर्चा में आ गए है। नए साल से पहले लुधियाना कॉन्सर्ट में चंडीगढ़ के सहायक प्रोफेसर पंडितराव धरेनवर ने गायक की शिकायत दर्ज कराई है। इसके बाद से दिलजीत दोसांझ को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। कॉन्सर्ट में दिलजीत ने ऐसे गाने गाए कि वे चर्चा में आ गए।

दोसांझ के पास पंजाब सरकार के महिला व बाल विभाग के उपनिदेशक ने लुधियाना के जिला आयुक्त ओर से औपचारिक नोटिस आया है। इस नोटिस में गायक से 31 दिसंबर को लाइव शो में कुछ गाने न गाने का आग्रह किया गया।

इस नोटिस में '5 तारा ठेके', 'केस', 'पटियाला पेग' जैसे गाने न गाने का आग्रह किया है। शिकायत में दिलजीत दोसांझ से ऐसे विवादित न गाने का आग्रह किया गया। इन चेतावनियों के बावजूद गायक ने कथित तौर पर गीतों में थोड़े बदलाव के साथ उन्हें गाना जारी रखा है।

शिकायत में सहायक प्रोफेसर पंडितराव धरेनवर ने बताया कि पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के फैसले में साल 2019 में पुलिस को निर्देश दिए गए थे। इसमें सार्वजनिक कार्यक्रमों में शराब, ड्रग्स या हिंसा के बढ़ावा देने वाले गाने नहीं बजाए जाएं।

दिलजीत के कॉन्सर्ट के बाद नगर निगम ने 'ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2018' के उल्लंघन का हवाला देते हुए आयोजकों को चालान जारी किया गया।

### नए साल की शुभकामनाएं



**पंजाबी** जट्ट फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र ने सोशल मीडिया पर अपना नए साल का वीडियो साझा किया है। इसमें वे कह रहे हैं, 'हैलो फ्रेंड्स, हैप्पी न्यू ईयर टू यू, अपना ध्यान रखें। खुश रहें।' धर्मेंद्र के इस वीडियो को फैंस ने खूब पसंद किया है।

हिमाचली ब्यूटी प्रीति जिंटा ने अपने पति के साथ अपनी तस्वीरें साझा की हैं। उन्होंने पोस्ट पर लिखा, 'साल 2025 में साथ जाते हुए। आप सभी को न्यू ईयर की शुभकामनाएं।'

हरियाणवी शान अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने भी सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें साझा की हैं। वे पति राघव चड्ढा के साथ आग का मजा लेती नजर आ रही हैं। उन्होंने लिखा, 'हमारी तरफ से सबको प्यार भरी शुभकामनाएं।'

-प्रस्तुति : सुमित्रा

# आज करें लक्ष्मी की पूजा, घर में होगी धन धान्य की वृद्धि

**शास्त्रों** में पूजा के लिए शुक्रवार का दिन मां लक्ष्मी को समर्पित होता है। इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा करने से वो शीघ्र प्रसन्न होती हैं। सुखी जीवन, तरक्की और सुख-समृद्धि के लिए शुक्रवार के दिन लक्ष्मी जी की पूजा घर पर जरूर करें।

मां लक्ष्मी को धन-वैभव की देवी कहा जाता है। मान्यता है कि जिस घर पर उनकी पूजा होती है, वहां सुखों का अभाव नहीं रहता और आर्थिक परेशानियों का भी सामना नहीं करना पड़ता है। वहीं शुक्रवार के दिन कुछ विशेष उपायों को करने से मां लक्ष्मी शीघ्र प्रसन्न होती हैं और उनकी कृपा सदैव बनी रहती है। जानते हैं शुक्रवार की पूजा विधि और उपायों के बारे में।

शुक्रवार के दिन मां लक्ष्मी की पूजा के लिए सुबह जल्दी उठकर स्नानादि करें और इसके बाद साफ-सुथरे कपड़े पहनें। इस दिन लाल रंग के कपड़े पहनना शुभ माना जाता है। इसके बाद पूजा की तैयारी करें। पूजा के लिए एक चौकी तैयार करें और इस पर लाल रंग का कपड़ा बिछाकर मां लक्ष्मी की फोटो या मूर्ति स्थापित करें। अब मां लक्ष्मी को लाल रंग का तिलक लगाकर फूल, रोली, लाल बिंदी, चुनरी, चूड़ी आदि श्रृगांर का सामान अर्पित करें। इसके बाद मिष्ठान या खीर का भोग लगाएं। फिर धूप-दीप दिखाकर मां लक्ष्मी की आरती करें। अगर आप शुक्रवार के दिन व्रत रख रहे हैं तो व्रत कथा जरूर पढ़ें।

**शुक्रवार के उपाय:** शुक्रवार के दिन सफेद रंग की वस्तुओं का दान करने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

शुक्रवार की पूजा में मां लक्ष्मी को सुहाग से जुड़े सामान जरूर अर्पित करें। इससे भी मां प्रसन्न होती हैं।

शुक्रवार के दिन यदि आप काली



चींटियों को चीनी खिलाते हैं तो इससे आर्थिक समस्या दूर होती है और धन आवक में वृद्धि होती है।

यदि पैसा ठहरता नहीं और हमेशा पैसों की तंगी बनी रहती है तो इसके लिए शुक्रवार के दिन मां लक्ष्मी के चरणों में कमल का फूल, मखाना और बताशेअर्पित करें।

शुक्रवार के दिन घर की अच्छे से साफ-सफाई करें और पूरे घर पर गंगाजल का छिड़काव करें। संध्या में घर के मुख्य द्वार पर घी का दीपक जलाएं। इससे सकारात्मकता बढ़ती है और घर पर मां लक्ष्मी का आगमन होता है।

**महालक्ष्मी व्रत कथा:** एक गांव में एक गरीब ब्राह्मण रहता था। वह दिन प्रतिदिन भगवान विष्णु की आराधना करती थी। भगवान विष्णु उसकी भक्ती से बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने अपनी प्रिय भक्त को दर्शन दिए। साथ ही ब्राह्मणी ने कहा कि तुम्हें जो वरदान मांगना है तुम मांग सकते हो। जब ब्राह्मणी ने इच्छा जाहिर करते हुए कहा कि वह चाहती है कि उसके घर में मां लक्ष्मी का वास हो जाए।

इसके बाद भगवान विष्णु ने उस ब्राह्मणी को अपने घर में मां लक्ष्मी को बुलाने की तरीका बताया। भगवान विष्णु ने बताया कि तुम्हारे घर से कुछ ही दूरी पर जो मंदिर है वहां एक स्त्री आती है और वहां आकर वह उपले थापती है। तो तुम्हें उसे अपने घर आने का आमंत्रण देना होगा। वहीं, मां लक्ष्मी है। ब्राह्मणी ने भगवान विष्णु के कहें अनुसार ही किया। ब्राह्मणी ने उस स्त्री को अपने घरा आने का निमंत्रण दिया। तब मां लक्ष्मी ने उस ब्राह्मणी से कहा कि वह 16 दिन के लिए मां लक्ष्मी की पूजा करें। मां लक्ष्मी के कहे अनुसार, ब्राह्मणी ने 16 दिन तक मां लक्ष्मी की उपासना की। मां लक्ष्मी ने फिर उस ब्राह्मणी को आशीर्वाद दिया और उसके घर में निवास किया। तभी से जो व्यक्ति भाद्रपद महीने में महालक्ष्मी की इन 16 दिनों तक उपासना करता है मां लक्ष्मी उससे प्रसन्न होकर उसे सुख समृद्धि का आशीर्वाद देती हैं।

**महालक्ष्मी व्रत पूजा विधि:** सबसे पहले एक चौकी पर मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की मूर्ति की स्थापना करें। ध्यान रखें की मूर्ति का मुख पूर्व या पश्चिम दिशा में रखें। इसके बाद थोड़ा से चावल डालकर लक्ष्मी जी के पास कलश की स्थापना करें। कलश के ऊपर एक नारियल में कपड़ा बांधकर रखें।

इसके बाद गणेशजी की और चावल की सोलह ढेरियां बनाएं। ये सोलह मातृका की प्रतीक हैं। नवग्रह और षोडश मातृका के बीच स्वास्तिक का चिन्ह बनाएं। साथ ही ग्यारह दीपक, खील, बताशे, मिठाई, वस्त्र, आभूषण, चंदन का लेप, सिंदूर, कुमकुम, सुपारी, पान, फूल,,,, दूर्वा, चावल, लौंग, इलायची, केसर, कपूर, हल्दी, धूप, अगरबत्ती। इसके बाद विधा विधान के साथ पूजन करें। सबसे पहले कथा का पाठ करें अंत में भगवान गणेश और मां लक्ष्मी की आरती करें।

श्री सूक्त का पाठ: हे माँ लक्ष्मी आप अपने भक्तो की समस्त मनोकामनाओं को पूर्ण करने की कृपा करें , उन्हें धन, यश, सुख-समृद्धि, ऐश्वर्य और कार्यो में श्रेष्ठ सफलता प्राप्त हो। हे माँ आपकी सदा जी जय हो।

हे माँ लक्ष्मी आप अपने भक्तो की समस्त मनोकामनाओं को पूर्ण करने की कृपा करें , उन्हें धन, यश, सुख-समृद्धि, ऐश्वर्य और कार्यो में श्रेष्ठ सफलता प्राप्त हो। हे माँ आपकी सदा जी जय हो।

श्री सूक्त ऋवेद से लिया गया है। शास्त्रो के अनुसार नित्य श्री सूक्त का पाठ करने वाले जातक को इस संसार में समस्त सुखो की प्राप्ति होती है उसे धन यश की कोई भी कमी नहीं होती है ।

श्री सूक्त का पाठ करने वाला जातक को जन्म जन्मान्तर तक भी धन का अभाव नहीं होता है । श्री सूक्तम की रचना संस्कृत में हुई है लेकिन आज चूँकि संस्कृत भाषा का चलन नहीं रह गया है अत: अशुद्धियों से बचने के लिए इसका हिंदी में पाठ भी कर सकते है । प्रश्न आपकी श्रद्धा आपके भाव का है ।

**श्री सूक्तं**

हिरण्यवर्णां हरिणीं सुवर्णरजतस्त्रजाम्।
चन्द्रां हिरण्मयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आ वह॥ (1)

तां म आ वह जातवेदो लक्ष्मीमनपगामिनीम् ।
यस्यां हिरण्यं विन्देयं गामश्वं पुरुषानहम॥ (2 )

अश्वपूर्वां रथमध्यां हस्तिनाद्प्रमोदिनिम।
श्रियं देविमुप हव्ये श्रीर्मा देवी जुषताम ॥ (3)

कां सोस्मितां हिरण्य्राकारामार्द्रां ज्वलन्तीं तृप्तां तर्पयन्तीम्।
पद्मेस्थितां पदमवर्णां तामिहोप हवये श्रियम्॥ (4 )

चन्द्रां प्रभासां यशसा ज्वलन्ती श्रियं लोके देवजुष्टामुदाराम्।
तां पद्मिनीमी शरणं प्रपधे अलक्ष्मीर्मे नश्यतां त्वां वृणे॥ (5 )

आदित्यवर्णे तप्सोअधि जातो वनस्पतिस्तव वृक्षोह्यथ बिल्व:।
तस्य फलानि तपसा नुदन्तु या अन्तरा याष्च बाह्य अलक्ष्मी:॥ (6)

उपैतु मां देवसख: कीर्तिश्च मणिना सह।
प्रदुर्भूतोह्यस्मि राष्ट्रेह्यस्मिन कीर्तिमृद्धिं ददातु में ॥ (7 )

क्षुत्पिपासामलां ज्येष्टमलक्ष्मीं नाशयाम्यहम्।
अभूतिमसमृद्धिं च सर्वां निर्णुद में गृहात्॥ (8 )

गन्धद्वारां दुराधर्षां नित्यापुष्टां करीषिणीम्।
ईश्वरीं सर्वभूतानां तामिहोप हवये श्रियम्। (9 )

मनस: काममाकूतिं वाच: सत्यमशीमहि।
पशुनां रूपमन्नस्य मयि श्रियं श्रयतां यश:॥ (10 )

कर्दमेन प्रजा भूता मयि संभव कर्दम।
श्रियम वास्य मे कुले मातरं पद्ममालिनीम्॥ (11 )

आप: सृजन्तु स्निग्धानि चिक्लीत वस् मे गृहे।
नि च देवीं मातरं श्रियं वासय मे कुले ॥ (12)

आर्द्रां पुष्करिणीं पुष्टिं पिंगलां पदमालिनीम्।
चन्द्रां हिरण्मयीं लक्ष्मी जातवेदो म आ वह॥ (13)

आद्रां य: करिणीं यष्टिं सुवर्णां हेममालिनीम्।
सूर्यां हिरण्मयीं लक्ष्मी जातवेदो म आ वह॥ (14 )

तां म आवह जातवेदो लक्ष्मी मनपगामिनीम् ।
यस्यां हिरण्यं प्रभूतं गावो दास्योह्यश्रान विन्देयं पुरुषानहम्॥ (15 )

य: शुचि: प्रयतो भूत्वा जुहुयादाज्यमन्वहम्।
सूक्तं पञ्चदशर्च च श्रीकाम: सततं जपेत्॥ (16 )

## नववर्ष के आगमन पर 48 मंत्रों के साथ प्रभु को अर्पित किये 48 दीपक

# भक्तामर पाठ ध्यान व भक्ति से करने पर होता है कष्टों का निवारण: जैन

अर्थ प्रकाश/डा. आरके जैन





**यमुनानगर, 2 जनवरी।** रैस्ट हाऊस रोड श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर कन्हैया चौंक व दिगम्बर जैन मंदिर जैन नगर के प्रांगण में नव वर्ष के शुभ आगमन पर 48 दीपों का भक्तामर अर्चना का विधान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान अजय जैन व संचालक आनंद जैन ने की तथा संचालन पं. शील चंद जैन व चक्रेश जैन ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ णमोकार महामंत्र के गुन्जन व दीप प्रवज्जलन कर किया गया। आनंद जैन ने बताया कि स्वास्तिक माण्डले पर 48 दीपों से भक्तामर अर्चना व अराधना की गई। उन्होंने बताया कि प्रत्येक श्लोक-मंत्रों के साथ भिन्न-भिन्न परिवारों के द्वारा प्रभु जी को दीपक अर्पित किया गया। इसमें सर्वविघ्न विनाशक, सर्व सिद्धि दायक, जल-जन्तु भयमोचक, नेत्र रोग संहारक, सरस्वती विद्या प्रसारक, सर्व संकट निवारक, सिर्वारिष्टि योग निवारक, भय-पाप नाषक, कूकर विष निवाकर, वांछित रूप प्रदायक, लक्ष्मी सुखदायक, आधि-व्याधि नाशक, सम्मान-सौभग्य संवर्धक, दिव्य ध्वनि प्रतिहार्य, लक्ष्मी प्रदायक, जलोदरादि रोग विनाशक आदि काव्यों के साथ आराधना की गई। संजय जैन ने संबोधित करते हुये कहा कि भक्तामर विधान एक अनोखी विधा है, जिसको भिन्न-भिन्न रंग रूप में पाया जाता है। इसके अध्ययन व पाठ से इसका चमत्कार देखने को मिलता है। भक्तामर का पाठ ध्यान व भक्ति से करने पर कष्टें का निवारण होता है, दुखों की समाप्ती होती है। इसका प्रभाव सभी कष्टें को मिटा जीवन को सुखमय व शांतिमय बनाता है। उन्होंने आगे कहा कि भगवान किसी को कुछ नहीं देते, परंतु भगवान की भक्ति सब कुछ दे देती है। पुण्य रूपी सुगंध से भक्तों के मन खिल जाते है। आत्मा रूपी वृक्ष से लिपटे हुये कर्म रूपी बंधन खुल जाते है। आदिनाथ स्त्रोत जो भक्ति रस का अद्वितीय महाकाव्य है उसकी रचना उस समय हुई जब राजा भोज के दरबार में कवि कालिदास तथा वररुचि ने साम्प्रदायिकता वश आचार्य प्रवर मानतंगु को राजा की आज्ञानुसार पकड़वा कर 48 तालों के अंदर कोठरियों में बंद करवा दिया उस समय आचार्य श्री ने आदिनाथ स्त्रोत की रचना की। स्त्रोत के प्रभाव से ताले व जंजीरे अपने आप टूट गये और वह मुक्त हो गए। अंत में राजा ने हार स्वीकार कर आचार्य से क्षमा मांगी और आचार्य श्री से प्रभावित होकर जैन धर्म अपना लिया। उन्होंने आगे बताया कि स्वास्तिक चिन्ह पर 48 दीपों से भक्तामर अर्चना की गई, और प्रत्येक श्लोक के साथ परिवारों द्वारा दीप जला करा प्रभु का अर्पित किया गया। पाठ के उपरांत आरती की गई। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पंचांग

**शुक्रवार, जनवरी 3, 2025**

सूर्योदय 07:21 ए एम सूर्यास्त 05:34 पी एम चन्द्रोदय 10:00 ए एम चन्द्रास्त 09:08 पी एमशक सम्वत 1946 क्रोधी विक्रम सम्वत 2081 पिङ्गल गुजराती सम्वत 2081 नल अमान्त महीना पौष पूर्णिमान्त महीना पौष वार शुक्रवार पक्ष शुक्ल पक्ष तिथि चतुर्थी - 11:39 पी एम तक नक्षत्र धनिष्ठा - 10:22 पी एम तक योग वज्र - 12:38 पी एम तक करण वणिज - 12:25 पी एम तक द्वितीय करण विष्टि - 11:39 पी एम तक सूर्य राशि धनु चन्द्र राशि मकर - 10:47 ए एम तक राहुकाल 11:11 ए एम से 12:28 पी एम गुलिक काल 08:38 ए एम से 09:54 ए एम यमगण्ड 03:01 पी एम से 04:17 पी एम अभिजित मुहूर्त 12:07 पी एम से 12:48 पी एम दुर्मुहूर्त 09:24 ए एम से 10:04 ए एम दुर्मुहूर्त 12:48 पी एम से 01:29 पी एम अमृत काल 12:19 पी एम से 01:51 पी एम वर्ज्य 05:16 ए एम, जनवरी 04 से 06:48 ए एम, जनवरी 04

## भविष्य फल



**मेष:** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको बेवजह क्रोध करने से बचना होगा, नहीं तो परिवार के सदस्यों को आपकी यह आदत पसंद नहीं आएगी।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए समस्याओं से निजात दिलाने वाला रहेगा। आपको रुपए पैसे से संबंधित मामलों में भी ज्यादा टेंशन नहीं रहेगी।

**मिथुन:** आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। ऑनलाइन काम कर रहे लोगों को कोई बड़ा ऑर्डर मिल सकता है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति भी बेहतर रहेगी।

**कर्क:** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपके बॉस आपसे किसी बात को लेकर नाराज रहेंगे, क्योंकि आपसे कामों में कोई गड़बड़ी हो सकती है।

**सिंह:** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको अपने धन को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। फिजूल के खर्चे आपको समस्या दे सकते है।

**कन्या:** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान देंगे, जिसका उन्हें पूरा फल भी अवश्य मिलेगा। आप किसी की कही सुनी बातों में न आएं।

**तुला:** आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों का रिश्ता बेहतर रहेगा, जिससे वह भविष्य को लेकर सपने देखेंगे।

**वृश्चिक:** आज का दिन आपके लिए टेंशन भरा रहने वाला है। बिजनेस मे भी कुछ उतार-चढ़ाव बना रहेगा, जो आपकी समस्याओं को बढ़ाएगा, लेकिन आपको अपनी योजनाओं में कोई बदलाव करने से बचना होगा।

**धनु:** आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आप यदि किसी से कोई मदद मांगेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगी।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। ऑफिस में आप कामों को लेकर बेवजह परेशान रहेंगे। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा।

**कुंभ:** आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। आपका कोई काम धन को लेकर यदि रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है।

**मीन:** आज का दिन आपके लिए सेहत के मामले में उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है। कोई पुरानी बीमारी बढ़ सकती है। यदि आप किसी घर मकान दुकान आदि की खरीदारी के बारे में सोच विचार कर रहे थे, तो आपको कुछ समय रुकना बेहतर रहेगा।

# दीवारें रहित संसार बनायें



सद्‌गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

सागर और कतरे (बुंद) की मिसाल अक्सर दी जाती है कि अगर कतरे ने कभी सागर ही नहीं देखा हे तो वो अपने आपको उस मायने में नहीं समझ पायेगा । इसी तरह से ये आत्मा अपने मूल परमात्मा की जब तक पहचान करती है तो अपने आप की भी पहचान हो जाती है और फिर वास्तविकता में इसके भ्रम मिट जाते हैं । आत्मा शरीरों में रह-रह कर अपने आपको शरीर मान लेती है और शरीर के साथ जुड़े हुए सब सिलसिलों को अपनी पहचान बनाती चली जाती है । होती नहीं है वही मानती चली जाती है, उसी के साथ अपने आप को ढ्ढस्त्रद्गठ्ठह्लद्बद्ध4 (पहचान) करती चली जाती है कि मैं सिख, मैं ईसाई, मैं ब्राह्मण, मैं क्षत्रिय, मैं वैश्य, मैं शूद्र, मैं राजस्थानी, मैं गुजराती, में पंजाबी, मैं अमेरिकी, मैं कनेडियन, मैं चायनीज, मैं अरबी, मैं यूरोपियन इत्यादि । तो इस तरह की पहचानें बनती चली जाती है । महापुरुषों-सन्तजनों ने इसलिये इन्सान को ये समझाने के प्रयास किये कि अगर स्वयं की पहचान मिल जाती है तो ये बाहरी पहचान हमारे लिये झगड़ों के कारण नहीं बनेंगे, जिसके कारण हम झगड़ पड़ते हैं । मेरी पगड़ी, तेरी टोपी तू भी पगड़ी पहन ले नहीं तो गर्दन उड़ादूंगा । मैं जिस पैगम्बर की इबादत करता हूँ तू भी कर ले नहीं तो तू काफिर तो हो ही गया और इसी के कारण तुझे जिन्दा जला दिया जायेगा । मेरी जाति उँची तू नीची जाति वाला और इसी के कारण उस पर जुल्म । जिस कुएँ से पानी मैं भरता हूँ, तू उसके नज़दीक भी नहीं आ सकता है, यानि कि कैसी-कैसी पहचानें जो हमारी बाहरी बनीं उसी के कारण हम ऐसे उलझाव में आ गये कि हम वैर ईर्ष्या, नफरत, हिंसा ही करते चले गये । स्वयं की पहचान मूल की पहचान से हुई और मूल क्या सिख है, परमात्मा क्या सिख है, क्या ईसाइ है, यहूदी है, ब्राह्मण है या वैश्य है? या हरिजन है, पंजाबी है या सिंधी है या गुजराती है? परमात्मा की कोई ऐसी पहचान नहीं है ।

परमात्मा एक ऐसी निर्मल परमसत्ता है जैसे सूर्य और सूर्य की किरणें । जब सूर्य की कोई जाति नहीं तो किरणों की जाति कहां से आ गई? इसी तरह से जब मूल परमात्मा की कोई जाति नहीं है तो फिर आत्मा की जाति कहाँ से आगई? तो ये जानना बहुत जरुरी है, इसीसे दीवारें गिरेंगी । यहाँ पर भी आप देख रहे हैं मिशन का ये नारा लगातार चल रहा है कि World without walls कि दीवार रहित संसार, ये दीवारें यहीं है जिसका दास ने अभी जिक्र किया । जाति रुपी दीवारें, संस्कृतियों की दीवारें भाषाओं की दीवारें, प्रांतवाद की दीवारें, मल्कों की दीवारें, ऐसी-ऐसी ये दीवारें इसी इन्सान के द्वारा खड़ी की गई हैं, परमात्मा के द्वारा नहीं ।

अगर जन्म मालिक देता है तो पहले ही कोई हमारा सिख होने का चिन्ह लगाकर साथ भेजता, तो कोई ख्रिश्चियन होने का क्रॉस लगा करा साथ भेजता, कोई और पहचानें जो हमने बना रखी है वो पहचान साथ ही लगाकर देता, लेकिन मालिक ने तो हमें इन्सान बनाया है कि-

**मालिक ने तो हमें केवल इन्सान बनाया ।**
**हमने कहीं हिन्दू, कहीं मुसलमान बनाया ।**
**कदरत ने हमें बख्शी थी एक ही धरती ।**
**हमने ही कहीं भारत कहीं ईरान बनाया ।**

वास्तविकता में ये धरती भी मालिक ने एक ही बख्शी थी लेकिन हम इसे टुकड़ें में बाँटते चले गये और ये जितनी रेखाएं खींची गई, उतने विभाजन होते चले गये । उतनी दूरियां भी बढ़ती चली गई और उन्हीं के कारण हम इन्सान होकर अपने ही योनि वाले यानि कि अपने ही (सहयोगियों) के साथ नफरत, उन्हीं के साथ जुल्म ढाना शुरु कर दिया । यही एक कारण है जो आज हम संसार की दुर्दशा देख रहे हैं ।

## विद्यार्थियों को इस तनाव से बचने के बारे में उपाय भी बताए गए

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** आज के जीवन में विद्यार्थियों में तनाव खत्म करना जरूरी है। तनाव मुक्त होकर ही बेहतर शिक्षा हासिल की जा सकती है। इसी उद्देश्य के साथ राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 7 दिवसीय एन.एस.एस. शिविर का शुभारंभ किया गया। इस शिविर का शुभारम्भ प्रधानाचार्य अश्विनी कौशिक ने पूजन के साथ किया। इस मौके पर मुख्य वक्ता के तौर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संगीत विभाग में कार्यरत डा. वीर विकास भी मौजूद रहे। कार्यक्रम अधिकारी भावना और प्रवक्ता प्रीति जी ने शिविर में प्रधानाचार्य एवं मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम अधिकारी के अनुसार इस शिविर में पहले दिन 50 स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। प्रधानाचार्य अश्विनी कौशिक ने स्वयं सेविकाओं को शिविर की गतिविधियों के महत्व और उद्देश्यों से अवगत कराया। शिविर के दूसरे सत्र में मुख्य वक्ता डा. वीर विकास ने आधुनिक जीवन में संगीत के माध्यम से तनाव प्रबंधन विषय पर अपने विचार रहे तथा सभी विद्यार्थियों को इस तनाव से बचने के बारे में उपाय भी बताए। डा. वीर विकास ने कुछ ऐसी बातें बताई जो शायद आम व्यक्ति को ज्ञात नहीं हैं। उन्होंने सभी छात्राओं को समझाया कि किस तरह से संगीत सुनने पर तनाव अपने आप जल्द से जल्द खत्म हो जाता है।

# हमारा अचेतन मन कितना शक्तिशाली है ?- मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार आलोक



अपनी लाइफ में हम जो भी करते है वो सब अवचेतन मन की वजह से ही करते है। अपने अवचेतन मन का इस्तेमाल करके हम जो कुछ भी सीखते है वही हम ज़िन्दगी भर करते रहते है। जिंदगी में व्यक्ति जो भी बड़ा काम करता है वो सिर्फ और सिर्फ अपने अवचेतन मन के कारण करता है। जिस भी इंसान ने अपने अवचेतन मन पर काबू कर लिया उसके लिए कोई भी बड़ा काम मुश्किल नहीं होता। ये शब्द मनीषीसंतमुनिश्रीविनयकुमारजीआलोक ने सैक्टर 24सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार मे कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा कोई भी बड़े काम की हम प्लानिंग तो कर लेते है लेकिन जब उसी काम की शुरुआत करते है तो बड़ी मुश्किलें आती है। लेकिन उस स्तिथि में अगर हमने कोशिश करनी छोड़ दी तो हमने अपने अवचेतन मन को प्राप्त ही नहीं किया। लेकिन उस मुश्किल परिस्तिथि में अगर हम फुल फीलिंग्स के साथ लगे रहते है तो हम अपने अवचेन मन को प्राप्त कर लेते है। धीरे धीरे वही चीज़ हमें आसान लगने लगती है और एक दिन हम उसे पा ही लेते है। हमारा सामान्य जीवन क्रम मन की चेतन अवस्था से संबंधित होता है। हमारी दिनचर्या से जुड़े सभी कार्य चेतन मन से संचालित होते हैं। हमारी नींद व सपनों का संबंध अचेतन मन से है जब हम सो जाते हैं तब हमारा अचेतन मन जाग्रत रहता है। मन का अवचेतन स्तर अत्यधिक सूक्ष्म है जिसका संबंध ध्यान, आंनद और निस्वार्थ भावना से होता है। मन की संरचना काफी हद तक समुद्र में डूबी हुई विशालकाय बर्फ की चट्टान के जैसी होती है जिसका कुछ हिस्सा सतह के ऊपर होता है जिसे हम देख पाते हैं हालांकि यह संपूर्ण चट्टान का बहुत छोटा हिस्सा होता है इसे हम चेतन मन कह सकते हैं। जब हम कोई कार्य को बिना डर या झिझक के कर लेते हैं या करते हैं जिसमें किसी प्रकार का कोई दबाव या झिझक नहीं होता है यही अवचेतन मन होता है। उदाहरण के तौर पर जब आप गाड़ी चलाना सीख जाते है तो बिना डर, भय के कोई भी रास्ते में चला लेते हैं उस समय कोई झिझक नहीं होती हैं यही अवचेतन मन हैं।

मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया बर्फीली चट्टान का शेष भाग पानी में डूबा रहता है। इसे हम तब तक नहीं देख पाते हैं जब तक हम स्वयं गहराई में न जाएं। चट्टान के इस हिस्से की तुलना अचेतन मन से की जा सकती है। कठिन होता है अचेतन तक पहुंच पाना। इन दो हिस्सों के अतिरिक्त बर्फीली चट्टान का एक हिस्सा वाष्प बन जाता है और आकाश में छोटे-छोटे बादल बनकर मंडराने लगता है। यही अवचेतन मन है। उस बादल तक पहुंच पाना करीब - करीब असंभव है यही कारण है कि ध्यान कठिन है और समाधि दुसाध्य है। जागरण व चिंतन की घटनाएं चेतन मन में सम्पन्न होती रहती हैं। जब हम गहरी नींद में होते हैं और चेतन मन शांत होता है जाता है तब अचेतन मन क्रियाशील होता है। जब अवचेतन मन भी शून्य हो जाता है तब अतिचेतन में प्रवेश मिलता है हालांकि यह अवस्था बिरलों को ही प्राप्त हो पाती है।

# पर्पल फ्रॉग के जनरल मैनेजर की कार को टक्कर मारी, फिर किया हमला

## शालीमार चौक पर हादसे के बाद पलटी कार, चालक को युवकों ने पीटा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** शालीमार चौक सेक्टर 7 के नजदीक दो कारों में आमने-सामने टक्कर हुई। टक्कर के बाद कार पलट गई। कार में सवार युवकों ने पीड़ित चालक पर हमला कर उसे बुरी तरह जख्मी कर दिया। वारदात के समय सेक्टर 9 स्थित पर्पल फ्रॉग क्लब में जनरल मैनेजर आकाश शर्मा मनीमाजरा स्थित टाउन में अपने घर लौट रहे थे। उन्होंने सेक्टर 7 थाना पुलिस को शिकायत देकर बताया कि 30 और 31 दिसंबर की रात को करीब 12.30 बजे अपनी गाड़ी में मनीमाजरा की तरफ जा रहे थे। शालीमार चौक से सेक्टर 7 मुड़ते ही तेज रफ्तार वैगनआर कार ने उनकी गाड़ी के आगे टक्कर मारी। टक्कर लगते ही गाड़ी कुछ दूर जाकर पलट गई। वैगनआर गाड़ी का चालक टक्कर मार कर वहां से भागने की कोशिश कर रहा था। वह अपनी गाड़ी से उतर कर वैगनार गाड़ी के पास गया गाड़ी को सीधा करवाया।

उन्होंने चालक से कहा कि गाड़ी लापरवाही से चला रहा हो। तब गाड़ी में बैठे करीब 7 लड़कों ने उनके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। एक युवक ने उनके सिर पर पत्थर मारा तो वह लहूलुहान हो गए।उनका सिर फट गया। इसके बाद सभी हमलावर वहां से फरार हो गए। इस बीच किसी ने डायल 112 पर वारदात की सूचना दी। पुलिस ने उन्हें सिविल अस्पताल सेक्टर 6 में दाखिल कराया। वहां से उन्हें पीजीआई रेफर कर दिया। वहां सही इलाज नहीं होने के चलते उन्होंने सेक्टर 21 पंचकूला के प्राइवेट अस्पताल में अपना इलाज कराया। पुलिस के मुताबिक हमले में आकाश शर्मा के सिर पर गहरी चोटें आई। यह देखते हुए अज्ञात हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 190, 281, 115 (2) 351 (2) के तहत केस दर्ज कर हमलावरों की पड़ताल शुरू कर दी।

# 2 युवकों को रोक कर तेजधार हथियार से किया हमला

महिला सहित 4 लोग नामजद, पुलिस कर रही तफ्तीश

न्यू इंदिरा कालोनी के साथ लगती हरियाणा की सड़क पर बीती रात को 2 युवकों पर कुछ युवकों ने रंजिशन हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। दोनों को गंभीर चोटें आने पर सेक्टर 6 सिविल अस्तपाल में दाखिल कराया। अस्पताल से प्राप्त एमएलआर के आधार पर पुलिस ने महिला सहित चार लोगों को मारपीट, धमकी देने और तेज हथियार से हमला कर चोट पहुंचाने के आरोप में केस दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी। बंटी ने थाना मनसा देवी में शिकायत देकर आरोप लगाया कि बीती 31 दिसंबर की रात को वह अपने दोस्त शिवा के साथ घर जा रहा था। बीच रास्ते में मौलीजागरां में रह रहा भूपिंदर, विक्रम और गुरमीत वहां शराब पी रहे थे। जब वे उनके नजदीक से गुजरे तब भूपिंदर ने अपने भाई विक्रम के कहने पर बैटरी रिक्शा से उसे टक्कर मार दी। जब उसने विरोध किया तब सभी उन पर हमला कर दिया। बंटी ने कहा कि उसे तीनों ने मिल कर खूब पीटा। उन पर कांच की बोतल से हमला किया। उसके दोस्त शिवा भी जख्मी हो गया। बंटी ने बताया कि हमले में आरोपियों ने तेजधार हथियार से पेट में भी हमला किया, जिससे उसे चोट आई। जब वह लहूलुहान होकर गिर गया तब विक्रम की बेटी और उसका बेटा भी आ गए तब उन्होंने भी उस पर हमला कर दिया। वह मदद के लिए चिल्लाया तब कालोनी में झुग्गी से उसका भाई, पिता और अन्य दोस्त पहुंच गए। सभी ने हमलावरों से उसे बचाया। जब वे पुलिस थाना पहुंचे तब हमलावरों ने वहां भी उनका विरोध किया और झगड़ा करना शुरू कर दिया। वहां से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया।

# प्रशासक की सलाहकार समिति का कई दिग्गजों ने किया विरोध

अर्थ प्रकाश /खुशविंदर धालीवाल

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रशासन के गृह विभाग द्वारा गठित प्रशासक की सलाहकार समिति के गठन की औपचारिक घोषणा 31 /12 / 2024 को कर दी गई। सलाहकार समिति के सदस्यों की सूची मीडिया के हाथों में आते ही चर्चा का विषय बन गई और शहर के कई वर्गों के दिग्गजो द्वारा कमियाँ निकाली जाने लगी वजह थी उन गणमन्यों को प्रशासन द्वारा अनदेखा किया जाना जिनका इस शहर के विकास में अहम योगदान रहा है इसके अलावा इस सूची में कई नाम ऐसे भी देखेंगे जिनके चंडीगढ़ शहर से कोई लेना-देना ही नहीं है। प्रशासक की अध्यक्षता में 54 सदस्यीय परिषद का काम शहर के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के लिए अपनी सलाह देना होता है।

परिषद का कार्यकाल 1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2026 तक दो साल का होगा। इस बार परिषद में सदस्यों की संख्या 59 से घटाकर 54 कर दी गई है। शहर की पेरी फेरी और शहर के तीसरे फेस के रूप में बसी यह रिहैबिलिटेशन टेनामेंट कॉलोनिया जो समुचित विकास केअभाव के कारण अभी भी पिछड़ी हुई है के किसी भी नुमाइंदे को इस समिति में शामिल न करना प्रशासन की भूल कहे या अनदेखा करना।



समाचार पत्रों के माध्यम से मुझे भी पता चला कि यह जो सलाहकार समिति उसका चयन हो चुका है तो मैं उसकी सूची प्राप्त की और सूची देखने के बाद मेरे को बड़ी हैरानी हुई। क्योंकि इसमें कई वर्गों को अनदेखा किया गया है सबसे पहले हम बात करते हैं जो कि चंडीगढ़ शहर की पेरी फेरी में 22 के लगभग गांव है। उसका कोई भी पूर्व सरपंच नहीं लिया गया फिर शहर में इतनी कालोनियां है7 वहां का कोई निवासी इन्होंने नहीं लिया। सूची में कई नाम ऐसे भी हैं जिनका शहर से कोई नाता नहीं है जब मैं अपने परिचितों से जो शहर के विकास के प्रति जागरूक है उनसे चर्चा की तो उन्होंने भी इन दो तीन पॉइंट्स पर इस से असहमति जाहिर की और सबसे बड़ी बात प्रशासन के राजस्व में 30 से लेकर 35 प्रतिशत तक हिस्सा डालने वाली शहर की लगभग 20 से 22 रेहडी मार्केट और पुनर्वासित बूथ मार्केट का एक भी नुमाइंदा इसमें नहीं है।

**मुकेश कुमार गोयल प्रेसिडेंट बूथ मार्केट एसोसिएशन चंडीगढ़**



यह कैसी एडवाइजरी काउंसिल जिसमें शहर का ऐसा कोई बंदा तो है ही नहीं जिसको शहर के बारे में पता हो। यह लिस्ट सिर्फ भाई भतीजा वाद को दर्शाती है जो स्टेटस सिंबल के लिए उसका भी डाल लो अपना बंदा है उसका नाम डाल लो वो मेरा बंदा है की तर्ज पर बनाई गई है। हंसी आ रही है लिस्ट को देखकर उन बंदों को एडवाइजरी काउंसिल में रखा गया जिनका चंडीगढ़ शहर से कोई लेना देना ही नहीं है। मैं इस शहर में 1967 से हूं या 22 सेक्टर के रहने मिस्टर अरुण जैन है जो इस शहर के सबसे पुराने बशिंदे है जिन्होंने शहर को बसते हुए देखा है। सबसे बड़ी बात जो चंडीगढ़ शहर का गठन हुआ था यह विभिन्न गांवों को मिला कर किया गया था। अभी भी चंडीगढ़ की पेरीफेरी में लगभग 22 गांव है उनमें से कोई भी पूर्व पँच या सरपंच नहीं लिया गया। गाँव के विकास को वहाँ का निवासी समझेगा या दो कनाल को कोठी में रहने वाला द्य अब हम क्या कर सकते हैं हम इसको स्वीकारते हैं।

**सुरेंद्र शर्मा प्रेसिडेंट रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 15 चंडीगढ़**



प्रशासन द्वारा गठित इस एडवाइजरी काउंसिल को मैं सिरे से नकारती हूं। इसकी वजह है कि शहर में लगभग दर्जन भर से ऊपर रिहैबिलिटेशन कॉलोनीयाँ है। जिनकी अपनी समस्याएँ जस की तस है जबकि शहर में नगर निगम बने हुए भी एक अरसा हो चुका है। गृह विभाग चंडीगढ़ ने इस समिति का चयन करते वक्त इन कॉलोनी को बिल्कुल ही अनदेखा किया है ना तो पिछली बार इस कॉलोनी का कोई नुमायेंदा था ना ही इस बार है। दलित समुदाय को भी अनदेखा किया गया है उनका एक नुमायेंदा तो होना चाहिए था। दलित समुदाय का इस शहर के विकास में अहम योगदान है।

**कमलेश बनारसी दास पूर्व मेयर**



समिति का चयन बहुत सोच समझ कर किया गया है और बड़ी साफ सुथरी कमेटी का गठन हुआ है बड़ी अच्छी बात है कि जिस व्यक्ति को एक बार मौका मिल गया। अब उसकी जगह कोई नया व्यक्ति आना चाहिए नए विचारों के साथ ताकि शहर का विकास सुचारु रूप से हो सके। इस समिति का चयन करने वाले कोई आम व्यक्ति तो है नहीं पढ़े-लिखे बुद्धिजीवी व्यक्ति हैं।

सुखविंदर सिंह सराओ, पूर्व वायु सेना अधिकारी

# वार्ड नंबर-1 कालका के लिए चार और वार्ड नंबर - 2 पंचकूला के लिए 6 प्रत्याशियों को मिले चुनाव चिन्ह



वार्ड नंबर-1 कालका में 4 प्रत्याशियों और वार्ड नंबर-2 पंचकूला में 6 प्रत्याशियों को बांटे चुनाव चिन्ह

अर्थ प्रकाश /जग्गी

**कालका।** हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी आम चुनाव-2024 के तहत आज वार्ड नंबर-1 कालका के लिए 4 प्रत्याशियों और वार्ड नंबर - 2 पंचकूला के लिए 6 प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटन किए गए। हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम कालका राजेश पुनिया ने बताया कि चुनाव में नामांकन प्रक्रिया में 20 दिसम्बर 2024 से 28 दिसम्बर 2024 तक तय समय सीमा में 8 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे, इनमें उजागर सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह, हरप्रीत सिंह पुत्र शरणजीत सिंह, गुरमीत सिंह पुत्र गुरबचन सिंह, गुरदेव सिंह पुत्र हरभजन सिंह, सुजिंदर सिंह पुत्र नरैण सिंह, सिंगारा सिंह पुत्र बलदेव सिंह, रणजीत कौर, हरमेश सिंह पुत्र निहाल सिंह शामिल रहे थे।

उन्होंने बताया कि गुरदेव सिंह पुत्र हरभजन सिंह, सिंगारा सिंह पुत्र बलदेव सिंह, हरमेश सिंह पुत्र निहाल सिंह ने अपने नामांकन पत्रों को वापिस ले लिया। आज 3 बजे के बाद प्रत्याशी उजागर सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह, हरप्रीत सिंह पुत्र शरणजीत सिंह, गुरमीत सिंह पुत्र गुरबचन सिंह, सुजिंदर सिंह पुत्र नरैण सिंह को चुनाव चिन्ह आबंटन किया गया।

वार्ड नंबर-2 पंचकूला के रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम पंचकूला चंद्रकांत कटारिया ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान वार्ड नंबर-2 पंचकूला के लिए आठ आवेदन प्राप्त हुए थे, इनमें प्यारा सिंह पुत्र चतर सिंह, गुरसेवक सिंह पुत्र रत्तन सिंह, कुलदीप सिंह पुत्र गुरदेव सिंह, जगजीत सिंह पुत्र टेहल सिंह, सवरन सिंह पुत्र भाग सिंह, जगमोहन सिंह पुत्र संतोख सिंह, मुख्तयार सिंह पुत्र राम सिंह और गुरचरण सिंह पुत्र जोगिन्द्र सिंह शामिल थे। उन्होंने बताया कि मुख्तयार सिंह पुत्र राम सिंह ने आज अपना नामांकन पत्र वापिस ले लिया। आज 3 बजे के बाद प्रत्याशी प्यारा सिंह पुत्र चतर सिंह, गुरसेवक सिंह पुत्र रत्तन सिंह, जगजीत सिंह पुत्र टेहल सिंह, सवरन सिंह पुत्र भाग सिंह, जगमोहन सिंह पुत्र संतोख सिंह और गुरचरण सिंह पुत्र जोगिन्द्र सिंह को चुनाव चिन्ह आबंटन किए गए। उन्होंने बताया कि 19 जनवरी को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। मतदान प्रक्रिया पूरी होने के तुरन्त बाद ही मतगणना का कार्य किया जाएगा।

# अपहरण की कोशिश, मारपीट और जान से मारने की धमकियां देने के आरोप में छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश /राजेश गर्ग

**जीरकपुर ।** पुलिस एक व्यक्ति की शिकायत पर उसके साथ घेरकर हथियारों से मारपीट करने, गाड़ी में बिठाकर किडनैप करने की कोशिश और जान से मारने की धमकियां देने के आरोप में छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जिनमें से तीन लोगों को नामजद किया है। पुलिस सभी आरोपियों के खिलाफ 115(2), 126(2), 351(3), 109, 191(3), 190 के तहत केस दर्ज किया है। नामजद आरोपियों की पहचान सतविंदर सिंह ऊर्फ सोढी निवासी लोहगढ , राणा निवासी लोहगढ व साहिल निवासी चंडीगड़ सैक्टर 36 के रूप में हुई है। फिलहाल सभी आरोपी फरार चल रहे हैं। पुलिस को दी गई शिकायत में शिकायकर्ता नवीन बंसल (48) निवासी पंचकुला ने बताया कि वह पटियाला रोड पर स्थित स्वास्तिक विहार सोसायटी में अपने नए बन रहे घर के बाहर शाम करीब पांच बजे अपने दोस्त जगतार सिंह निवासी मोली जागरां, गुरप्रीत सिंह निवासी खुशहाल एंकलेव जीरकपुर और अमित शर्मा निवासी स्वास्तिक विहार जीरकपुर के साथ घूम रहा था तो अचानक उनके सामने एक स्वीफ्ट गाड़ी में 6 व्यक्ति सवार होकर आए और जिन में सतविंदर सिंह सोढी निवासी लोहगढ, राणा निवासी लोहागड़ और साहिल निवासी चंडीगड़ व तीन अन्य साथियों के साथ लोहे के रॉड, मुसलला, डंडे जिस पर ग्रारी लगी हुई थी के साथ आते ही उनपर हमला कर दिया। जिनसे जांच बचाने के लिए वह सब इधर उधर भागने लगे तो हमलावरों ने उसे घेर लिया और ग्रारी वाले डंडे से उसपर वार करने शुरू कर दिए, जबकि उसके बादी दोस्त मौके से भाग गए थे। जब उसने हमलावारों के चुंगल से छूटकर भागकर एक घर में घुसा तो हमलावारों ने उसे बाहर निकाल कर दुबारा मारपीट की। इस दौरान एक व्यक्ति ने सीधी गंडासी उसके सर पर मारी तो उसने हाथ आगे कर दिया। इस दौरान हाथ पर काफी चोट लगी और इसके इलावा उसे काफी चोटे लगी। जब हमलावारों ने उसे मारना बंद नही किया तो उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग इकठा हो गए और हमलवार उसे जान से मारने की धमकियां देते हुए मौके से हथियारों के साथ फरार हो गए। जिसके बाद शिकायकर्ता का बेटा मौके पर पहुंचा और उसे निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया। जहां से डाक्टरों ने उसे पंचकुला के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया। जहां इलाज करवाने के बाद उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस को दी तो पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को नामजद कर कुल छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। शिकायकर्ता ने पुलिस को बताया कि जगतार सिंह और ग्रुपरीत सिंह के साथ सतविंदर सोढी का पैसों का लेनदेन का विवाद है। जिसके चलते यह हमला किया गया है।

# बुजुर्ग महिला को लूटने वाला आरोपी काबू, डिटेक्टिव स्टाफ ने की कार्रवाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** रायपुररानी में एक 63 साल की महिला से लूटपाट करने वाले आरोपी को डिटेक्टिव स्टाफ ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई डिटेक्टिव स्टाफ ने गुप्त सूचना के आधार पर की। बीती 24 दिसंबर को नटवाल की रहने वाली शीला देवी पत्नी खरीदारी करने के लिए बाजार गई थी। जब वह वापिस जाने के लिए बस स्टैण्ड रायपुररानी में खड़ी थी तब बरवाला का रहने वाला जॉनी मोटरसाइकिल पर वहां पहुंचा। उसने खुद को परिचित बताकर महिला को घर पर छोड़ने की बात कही। महिला युवक पर विश्वास कर उसके साथ मोटरसाइकिल पर बैठ गई। इस बीच महिला को वह सुनसान जगह पर ले गया शीला देवी के कानों से सोने की बालियां निकाल ली और वहां से फरार हो गया। महिला डरी सहमी अपने घर पहुंची और थाना रायपुररानी में अज्ञात शख्स के खिलाफ शिकायत दी। मामले की जांच डिटेक्टिव ब्रांच को सौंप दी। टीम ने 1 जनवरी को एएसआई गोपाल चंद की अगुवाई में गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को बस अड्डा श्यामपुर से काबू करने में



सफलता हासिल की। पुलिस ने आरोपी को जिला अदालत में पेश कर 1 दिन का पुलिस रिमांड लेकर पूछताछ की। पुलिस रायपुररानी में हुई अन्य वारदातों के बारे आरोपी से पूछताछ कर रही है। साथ ही लूटी गई बालियों की बरामदगी के लिए पुलिस आरोपी जॉनी की निशानदेही पर पड़ताल कर रही है।

# वार्ड 4 के पार्कों में लालटेन लाइटें लगना शुरू, बाउंड्री वाल का निर्माण कार्य जारी

पार्षद सोनिया सूद और उमेश सूद ने दो पार्कों में लालटेन टॉप लाइटों का किया शुभारंभ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** वार्ड 4 के अंतर्गत आते सेक्टर 10 स्थित पार्कों के जीणोद्धार की शुरुआत होते ही यहां के बाशिंदों में खुशी की लहर दौड़ गई है। मकान नंबर 740 और 91 के सामने बने पार्कों में आज नगर निगम पार्षद सोनिया सूद और पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष उमेश सूद ने सनातन विधिविधान और मंत्रोच्चारण के साथ नारियल फोड़कर लालटेन टॉप लाइटों का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में बीएम कौशिक, राकेश सागर, सतीश गोयल, तरसेम गर्ग, राकेश कपूर, कुसुम अरोड़ा, फूलसिंह सैनी, शिवजी कौशल, तरुण गौड़, जीडी बत्रा, टीसी सिंगला, रवि भारद्वाज, रश्मि कपूर, स्नेहा दास, रोशन लाल खंडूजा, गोपाल शर्मा, केसी जिंदल, भुवनेश लट्टावा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सेक्टर 10 हाउस ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत हितैषी ने वार्ड नंबर 4 के तीनों सेक्टरों में हो रहे विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से सेक्टर वासियों को आधुनिक सुविधाएं मिल रही हैं।



### पार्कों का ट्रैक चौड़ा करने, और बाउंड्रीवाल के निर्माण कार्य जारी

पार्षद सोनिया सूद ने बताया कि मकान नंबर 740 के सामने बने पार्क में ट्रैक को चौड़ा करने, नई दीवारें बनाने और बच्चों के लिए झूले लगवाने के कारण सेक्टर वासियों में खुशी की लहर है। वहीं, मकान नंबर 91 के सामने बने पार्क में लालटेन टॉप लाइटें लगने से पार्क की सुंदरता में और इजाफा हुआ है। समाजसेवी आर.के. जैन ने कहा कि लालटेन टॉप लाइटों की वजह से पार्क में ऐसी रोशनी हो गई है जैसे हम क्रिकेट स्टेडियम में बैठे हों। इस मौके पर उमेश सूद ने बताया कि सेक्टर 8 के दो पार्कों और सेक्टर 9 के एक पार्क में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाए जा रहे हैं। ये सुविधाएं खासतौर पर बच्चों और युवाओं के मनोरंजन और व्यायाम के लिए लाभकारी होंगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि वार्ड नंबर 4 के तीनों सेक्टरों की सड़कों की रिकॉरपेटिंग का काम जल्द शुरू होगा।

# अंत्योदय महिलाओं को सरकार देगी 500 रुपए में गैस सिलेंडर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से संचालित हर गृह-हर गृहिणी योजना अंत्योदय परिवारों की महिलाओं को रसोई में धुआं रहित स्वच्छ वातावरण देने में कारगर साबित होगी। इस योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवार की महिलाओं को 500 रुपए की रियायती दरों पर एलपीजी सिलेंडर हर महीने दिया जाएगा है।

उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार ने बीपीएल परिवार की महिलाओं को प्रति माह 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने की हर घर-हर गृहिणी योजना शुरू कर दी है। अंत्योदय परिवारों की महिलाएं योजना के आधिकारिक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवा सकती हैं। उन्होंने बताया कि बीपीएल परिवारों को स्वच्छ ईंधन मिले और महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हो, इसी उद्देश्य से हर गृह-हर गृहिणी योजना का शुभारम्भ किया गया है। कम आमदनी वाले घर, जो फुल प्राइस पर एलपीजी नहीं खरीद सकते और खाना पकाने के लिए पारम्परिक संसाधनों पर निर्भर करते थे, उन्हें इस योजना से खासकर फायदा होगा। उपायुक्त ने बताया कि सरकार द्वारा एलपीजी कनेक्शन देने के लिए उज्जवला योजना पहले से शुरू की हुई थी जिसमें 500 रुपए में गैस कनेक्शन मिल जाता है। अब जिन परिवारों की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपए या इससे कम है, वे महिला उपभोक्ता के नाम से हर घर - हर गृहिणी योजना का लाभ ले सकते हैं। इस स्कीम के तहत हर महीने 500 रुपए में एलपीजी रिफिल मिलेगा।

## सूने घर से नकदी, मोबाइल और बर्तन चोरी

**पंचकूला, (अप्रस)।** कालका की बाबा भंडारी वाली गली में एक सूने घर में चोरों ने सेंध लगा कर वहां से 80 हजार रुपए की नकदी, तीन मोबाइल और बर्तन चोरी कर लिए। जिस समय चोर घर में ताला तोड?र अंदर दाखिल हुए तब घर में दो बच्चों के साथ रह रही महिला चर्च गई हुई थी। वहां से लौटने पर चोरी की वारदात का खुलासा हुआ। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की और महिला की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया। किराए के मकान में रह रही बृजिट ने पुलिस को बताया कि पति से तलाक होने के बाद वह पिछले 20 दिनों से यहां रह रही है। बीती शाम को वह चर्च गई थी। उसके पीछे से चोरों ने घर की अलमालियों के लॉक तोड?र 80 हजार रूपए, तीन मोबाइल और कुछ बर्तन चोरी कर लिए।



**मनी माजरा में सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों की शहादत को याद करते हुए चंडीगढ़ यूथ क्लब के युवाओं ने चाय और ब्रेड पकोड़ो का लंगर लगाया। छाया : अजीत कौशल**

# प्रदूषण कंट्रोल विभाग विभाग ने किया एसएलएफ पाउंड का निरीक्षण

जल्द हो सकती है बड़ी कार्यवाही

अर्थ प्रकाश /राजेश गर्ग

**जीरकपुर ।** नगर परिषद जीरकपुर के सेनिटेशन विभाग द्वारा डंपिंग ग्राउंड में बनाए एसएलएफ पाउंड का सही ढंग से इस्तेमाल ना करने और सेनेटरी पैड्स व डायपर को खुले में गिराए जाने के मामले में वीरवार को प्रदूषण कंट्रोल विभाग द्वारा मौके का दौरा किया गया है। इस दौरान टीम द्वारा हालात का निरीक्षण करने के बाद सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। फिलहाल प्रदूषण कंट्रोल विभाग की एसडीओ मैडम तानया द्वारा मौके का दौरा करने के बाद जल्द कार्रवाई करने के आदेश दिए है। जिसे जल्द ही अमल में लाया जाएगा। इस दौरान बात करते हुए एसडीओ मैडम तानया ने बताया कि एसएफएल पाउंड के हालत देखकर लगता है कि यह काफी समय से इस्तेमाल नही किया गया है। उन्होंने बताया की डंपिंग ग्राउंड में मवेशियों का घूमना और प्रदूषित पानी खुल्हे में छोड़ना और सुखना चो में गिराना भी गलत है। उन्होंने बताया कि इस डंपिंग ग्राउंड में कई काम नियमों के विपरीत हो रहे हैं। जोकि ठीक नही है और जिसके चलते ही उन्होंने जल्द एक्शन करते हुए कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।



### सेनेटरी पैड्स व डायपर का खुले में गिराया जाना कितना घातक

नगर परिषद के सेनिटेशन विभाग द्वारा एसएफएल पाउंड का लंबे समय से इस्तेमाल नही किया जा रहा है और सेनेटरी पैड्स व बच्चों व बजुर्गों के डायपरस को खुले में गिराया जा रहा है। जिसका कितना बुरा प्रभाव हमारे पर्यावरण पर पड़ रहा है, इसका अंदाजा नही लगाया जा सकता। क्योंकि सेनेटरी पैड्स व डायपर में इस्तेमाल किए जाने वाला कैमिकल व प्लास्टिक हमारे पर्यावरण के लिए बेहद खतरनाक है। बता दें कि यदि सेनेटरी पैड को मिट्टी में दबाया जाए तो इस में मौजूद केमिकल मिट्टी के सूक्ष्म जीवों को खत्म कर देते हैं जिसके कारण धरती की पैदावार करने की ताकत खत्म होने लगती है। वहीं ज्यादातर सेनेटरी पैड्स में गलू व सुपर ऑब्जर्वेट पालिमर होते हैं, जिन्हे नष्ट होने में सालों लग जाते हैं। इस लिए एसएलएफ पिट (पाउंड) बनाकर साइंटफिक तरीके से ही इन्हे नष्ट किया जाना चाहिए। लेकिन नगर परिषद द्वारा ऐसा नही किया जा रहा है। जिसके कारण हमारे पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई अनिवार्य है।

हमने आज जो मौके का दौरा किया है डंपिंग ग्राउंड में काफी वायलेशन पाई गई है। जिसके खिलाफ कार्रवाई बनती है। जिसकी रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को पेश करने के बाद जल्द एक्शन लिया जाएगा।

**तान्या, एसडीओ प्रदूषण कंट्रोल विभाग, जीरकपुर।**

# प्रदेश सरकार 22 नई जल विद्युत परियोजनाओं का करेगी आबंटन : सीएम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां बताया कि प्रदेश सरकार 22 नई जल विद्युत परियोजनाओं का आबंटन करने जा रही है, जिनकी कुल विद्युत क्षमता 828 मेगावाट है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं में 6.5 मेगावाट से लेकर 400 मेगावाट तक की परियोजनाएं शामिल है। उन्होंने कहा कि यह परियोजनाएं प्रदेश के कुल्लू, चम्बा, किन्नौर, लाहौल-स्पीति और शिमला जिलों में चिन्हित की गई हैं, जिनमें सबसे अधिक 595 मेगावाट क्षमता की नौ परियोजनाएं चिनाव नदी बेसिन, 169 मेगावाट क्षमता की आठ परियोजनाएं सतलुज नदी बेसिन, 55 मेगावाट की क्षमता की चार परियोजनाएं रावी व एक परियोजना नौ मेगावाट क्षमता की ब्यास बेसिन में लगाना प्रस्तावित है। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पहली बार इन परियोजनाओं को देश के अन्य राज्यों एवं केन्द्र शसित प्रदेशों व अन्य राज्य व केन्द्रीय उपक्रमों को 10 लाख प्रति मेगावाट अपफ्रंट प्रीमियम के आधार पर 40 वर्ष के लिए आबंटित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में ऊर्जा निदेशालय द्वारा सभी राज्य के सचिवों व केन्द्रीय उपक्रमों को पत्र भी भेजा गया है। उन्होंने कहा इन परियोजनाओ के आबंटन के लिए अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार के लिए विज्ञापन भी जारी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं के लगने से बिजली की आपूर्ति, मुफ्त बिजली के रूप में राजस्व में ब?ोतरी, स्थानीय लोगों को रोजगार व स्थानीय क्षेत्रों का विकास सुनिश्चित होगा। हिमाचल प्रदेश देश के एक समृद्धतम राज्य के रूप में उभरेगा।

## मुख्यमंत्री ने चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के पहले दल को 13 दिवसीय भ्रमण पर किया रवाना




**चंडीगढ़।** दिल्ली और गोवा का भ्रमण करेंगे 22 अनाथ बच्चे मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां 22 चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के पहले दल को 13 दिवसीय भ्रमण पर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों की वोल्वो बस को हरी झंडी दिखाई और उन्हें इस टूअर के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने प्रदेश के 6000 अनाथ बच्चों को कानून बनाकर चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में अपनाया है। उनका कल्याण सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना लागू की है, जिसके अन्तर्गत अनाथ बच्चों की देखभाल, उन्हें शिक्षा प्रदान करने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रावधान किए गए हैं। इन 22 बच्चों को इसी योजना के अन्तर्गत चंडीगढ़, दिल्ली और गोवा के भ्रमण पर भेजा गया। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि भ्रमण पर निकले 22 बच्चों में 16 लड़कियां और छह लड़के शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ये बच्चे 2 जनवरी से 4 जनवरी तक का चंडीगढ़ भ्रमण करेंगे और हिमाचल भवन चंडीगढ़ में ठहरेंगे। इसके बाद 5 जनवरी को ये शताब्दी टेज्ञ से दिल्ली जाएंगे और 8 जनवरी तक दिल्ली में ठहरेंगे वहां विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि 9 जनवरी को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट हवाई जहाज से गोवा के लिए रवाना होंगे और 13 जनवरी तक गोवा में एक थ्री स्टार होटल में ठहरेंगे और वहां के विभिन्न पर्यटन और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। उन्होंने कहा कि 14 जनवरी को ये सभी बच्चे गोवा से हवाई जहाज के माध्यम से चंडीगढ़ पहुंचेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन अनाथ बच्चों का हिमाचल की सम्पदा पर अधिकार है। इन बच्चों की सरकार ही माता है और सरकार ही पिता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम अपने परिवार के सदस्यों के साथ घूमने जाते हैं उसी तरह से राज्य सरकार ने इन्हें भ्रमण पर भेजा है। उन्होंने कहा कि भ्रमण करने से ज्ञान बड़ता है और इसका लाभ बच्चों को आने वाले समय में मिलेगा। उन्होंने कहा कि ये बच्चे आने वाले समय में देश सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने कहा कि राज्य सरकार की यह सराहनीय पहल है और अनाथ बच्चों की देखभाल राज्य सरकार कर रही है। पहले इन बच्चों की कोई सुनवाई नहीं होती थी, लेकिन अब वर्तमान राज्य सरकार उनकी हर जरूरत का परिवार की तरह ध्यान रख रही है। इस अवसर पर कृषि मंत्री प्रो. चन्द्र कुमार, उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक हरीश जनारथा, नगर निगम शिमला के महापौर सुरेन्द्र चौहान, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान, उपायुक्त अनुपम कश्यप और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## ठियोग में पानी घोटाले पर विधायक कुलदीप राठौर बोले-दोषियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** जिला शिमला के ठियोग विधानसभा क्षेत्र में सामने आए पेयजल आपूर्ति घोटाले ने तूल पकड़ लिया है। इस कड़ी में मामले का कड़ा संज्ञान लेते हुए स्थानीय विधायक एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुलदीप सिंह राठौर ने दोटूक कहा है कि प्रदेश में भ्रष्टाचार के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि घोटाले में जिस-जिस की संलिप्तता पाई जाएगी, उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी तथा दोषियों को किसी भी सूरत में नहीं बख्शा जाएगा। कुलदीप राठौर ने वीरवार को शिमला में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि मामले को लेकर जिला उपायुक्त व स्थानीय एसडीएम के साथ जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए गए हैं।

**दाल में कुछ न कुछ तो काला है**

कुलदीप राठौर ने कहा कि जिस तरह के आरोप लगे हैं और तथ्य सामने आए हैं, उससे स्पष्ट है कि दाल में कुछ न कुछ तो काला है। हालांकि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक कुछ नहीं कहा जा सकता है। राठौर ने जांच दायरे में आए ठेकेदारों के लाइसैंस रद्द किए जाने को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में कुछ कहा जा सकता है।

**क्या है मामला:** ठियोग उपमंडल में पिछले वर्ष फरवरी से जून माह के दौरान सूखे के चलते पानी की आपूर्ति टैंकरों से करने का काम ठेके पर दिया गया। आरोप है कि कई जगह पानी की आपूर्ति ही नहीं हुई और भुगतान कर दिया। वर्ष 2024 में करीब 1.13 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। पूर्व विधायक राकेश सिंघा ने आरोप लगाया है कि पेयजल आपूर्ति करने वाले टैंकरों (वाहनों) के जो नंबर दिए गए, उनमें मोटरसाइकिल एवं कारों के नंबर शामिल हैं।

**इन मामलों की भी चल रही जांच**

विधायक राठौर ने कहा कि ठियोग छात्रावास और अस्पताल के निर्माण में भी कई तरह की अनियमितताएं पाई गई हैं और दोनों की जांच चल रही है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### अढ़ाई वर्षीय बच्ची की वेस्ट वाटर टैंक में डूबने से मौत

**कांगड़ा (अप्रस)।** गग्गल पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आते एक गांव में अढ़ाई वर्षीय बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। घटना उस समय घटी जब बच्ची खेलते-खेलते घर के आंगन से बाहर निकल गई और वेस्ट वाटर टैंक में गई। परिवार के सदस्यों ने जब बच्ची की तलाश की तो उसे वेस्ट वाटर टैंक में गिरा हुआ पाया। परिवार वालों ने बच्ची को तुरंत बाहर निकाला और डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा ले गए। हालांकि अस्पताल में पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद कांगड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने इस मामले में उचित कार्रवाई करने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने का निर्णय लिया। शुक्रवार को बच्ची का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया कि पुलिस ने इस मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली है और जांच जारी है।

### 10 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा वन रेंज अधिकारी

**अम्ब (अप्रस)।** नए साल के पहले दिन विजीलैंस टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वन रेंज अधिकारी अम्ब को 10,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार आरओ एक ठेकेदार से कार्य में सुविधा प्रदान करने के बदले रिश्वत की मांग कर रहा था। शिकायतकर्त्ता ने इस संबंध में विजीलैंस विभाग को सूचित किया, जिसके बाद एक ट्रैप ऑप्रेशन की योजना बनाई गई। बुधवार सायं विजीलैंस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए वन अधिकारी को 10 हजार की रिश्वत लेते हुए उसके दफ्तर में ही पकड़ लिया। विजीलैंस डीएसपी ऊना फिरोज खान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि विजीलैंस टीम ने मौके पर कार्रवाई के बाद आरोपी अविनाश कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

### हरियाणा पुलिस की वर्दी पहनकर घूम रहा व्यक्ति गिरफ्तार

**सोलन (अप्रस)** हरियाणा पुलिस की वर्दी पहनकर नैशनल हाईवे पर गाड़ी लेकर जा रहे एक व्यक्ति के खिलाफ सोलन पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार इस व्यक्ति ने वर्दी एएसआई रैंक की पहनी थी लेकिन इसके बाद पहचान पत्र इंस्पैक्टर का था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। एसपी गौरव सिंह ने मामले की पुष्टि की है। पुलिस के अनुसार यातायात पुलिस में तैनात महिला आरक्षी सोनल कुमारी की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया है। शिकायत में कहा गया है कि वह वीआईपी मूवमैंट ड्यूटी पर एसआरटीसी वर्कशॉप बाइफरकेशन पर मौजूद थी। इस दौरान चंडीगढ़ की तरफ से एक कार आई और उसी समय पीछे से वीआईपी की गाड़ी भी आ गई। उसने कार चालक को साइड में रुकने का इशारा किया लेकिन कार चालक मोहित निवासी पानीपत हरियाणा ने कार को बीच सड़क पर ही रोक दिया। कार में 3 युवक बैठे थे। चालक से कार बीच सड़क पर रोकने का कारण पूछा तो उसने अपने आप को पुलिस में होने व शिमला घूमने जाने की बात कही। वर्दी पहने युवक ने अपना आई कार्ड दिखाया जिस पर इंस्पैक्टर रैंक अंकित था। आई कार्ड देखने के बाद उसे शक हुआ कि यह व्यक्ति पुलिस में नहीं है और फर्जी पुलिस वाला बनकर यहां आया है। मामले की सूचना पुलिस चौकी शहर सोलन में दी। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## तांदी अग्निकांड : 20 घंटे सुलगती रही आग, 10 करोड़ का नुकसान; आशियाने राख

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**कुल्लू।** कुल्लू जिले की बंजार घाटी का तांदी गांव दूसरे दिन भी शाम तक सुलगता रहा। गांव के बेबस लोग नम आंखों से अपने जले हुए आशियाने निहारते रहे। अग्निकांड से प्रभावित 136 से अधिक लोगों को अब सर्द रातों में ठंड से बचने की चिंता सताने लगी है। भीषण अग्निकांड में आधा गांव चपेट में आने से माहौल गमगीन है।

वहीं वीरवार सुबह स्थानीय विधायक सुरेंद्र शौरी भी मौके पर पहुंचे और अग्निकांड से प्रभावित लोगों से मिलकर उनको हरसंभव सहायता करने का भरोसा दिया है। अग्निशमन विभाग बंजार के प्रभारी लेखराज ने कहा कि उन्हें आग को पूरी तरह से बुझाने में 20 घंटे का समय लगा है। पहले दिन उनकी टीम रात चार बजे तक डटी रही और वीरवार को फिर मौके पर पहुंचे और सुलगती रही और शाम 5.00 बजे आग को पूरी तरह से काबू पाया गया। वहीं आग से हुए नुकसान का आकलन करीब दस करोड़ रुपये किया गया है।

पूरी तरह से काष्ठकुणी शैली में बने मकानों के जलने के बाद सबकुछ राख के ढेर में तब्दील नजर आया। अग्निशमन विभाग बंजार और लारजी की टीम दूसरे दिन सुबह 8.00 बजे लेकर शाम 4.00 बजे तक पानी की बौछार डालती रही। इससे पहले भी अग्निशमन विभाग कुल्लू, बंजार व लारजी से तीन दमकल वाहन बुधवार शाम से लेकर वीरवार सुबह तड़के 4.00 बजे तक आग को बुझाने में लगे रहे। इसके बाद सुबह 8.00 बजे फिर अग्निशमन विभाग के दो वाहन और पहुंचे और सुलगती आग को बुझाया। प्रभावित हेत राम ठाकुर, दलीप सिंह, दुनी चंद तथा यज्ञ चंद ने कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि यह सब कुछ कैसे हो गया।

## दिव्यांग महिला टीम टी-20 कप जीता; प्रतियोगिता के फाइनल में दिल्ली को हराया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश की दिव्यांग महिला टीम ने राष्ट्रीय टी-20 प्रतियोगिता जीतकर इतिहास रच दिया है। हिमाचल की टीम ने फाइनल मुकाबले में दिल्ली की टीम को मात दी। हिमाचल ने दिल्ली को 9 रन से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। दिव्यांगों के लिए कार्य कर रही संस्था दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के तत्वावधान में झारखंड के रामगढ़ शहर में छावनी फुटबाल ग्राउंड में तीसरी दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें हिमाचल ने निर्धारित 12 ओवर में दिल्ली को 83 रन का लक्ष्य दिया। दिल्ली टीम 12 ओवर में महज 74 ही बना सकी। हिमाचल की टीम में बिलासपुर से कप्तान रचना कुमारी, रंजना ठाकुर, हेमलता, सपना, मीना, तृप्ता देवी, रेणु कुमारी, जिला हमीरपुर से सोमा देवी, कांगड़ा से उपकप्तान निशा भाटिया, कुल्लू से कांता, ज्योति, किन्नौर से माला भगती शामिल रहीं।

## पंजाब की प्रॉपर्टी विवाद बनी हत्या की वजह

कुल्हाड़ी से सर और फेस पर किया 7-8 बार वार

आरोपी को कोर्ट में किया पेश,तीन दिन का मिला रिमांड

केटीएस पब्लिक स्कूल के एमडी जितेंद्र सिंह की हत्या का मामला



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन ।** सोलन के ओच्छघाट स्थित केटीएस पब्लिक स्कूल के एमडी जितेंद्र सिंह (निंदी) की हत्या मामले में पुलिस ने कुछ घंटो में ही गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस ने आरोपी को रोपड़ से गिरफ्तार कर मामले को ब्रेकथ्रू दिया है। आरोपी तेजेंद्र सिंह उर्फ सोनू (39) ने अपना गुनाह भी कबूल कर लिया है।

**आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने पंजाब में प्रॉपर्टी**


विवाद के चलते हत्या की है। पुलिस ने वीरवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया है। यहां से उसे तीन दिन के रिमांड पर भेजा गया है। यह जानकारी सोलन एसपी गौरव सिंह ने पत्रकारवार्ता के दौरान दी। उन्होंने कहा कि आरोपी के पूर्व अपराधिक मामलों की भी जांच की जा रही है। साथ ही उन्होंने बताया कि तेजेंद्र सिंह 26 दिसबंर को अपने मामा जितेंद्र सिंह उर्फ निंदी के पास रहने आया था। इस बीच कई बार प्रॉपर्टी को लेकर उन दोनों में बहस भी हुई। बुधवार सुबह करीब साढे आठ बजे उसने अपने मामा का कत्ल किया और मोटर साईकिल लेकर फरार हो गया। मोटर साईकिल को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। फिल्हाल शिमला में शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। इसके बाद बॉडी परिजनों को हैंड ओवर कर दी जाएगी। उन्होंने बताया हत्या के समय स्कूल की डायरेक्टर भी घर में मौजूद थी। उसे आरोपी ने वॉशरूम में बंद कर दिया था।

### 7 से 8 बार किया फेस और हेड पर वार

पुलिस की शुरूआती जांच में पाया गया है कि आरोपी ने निंदी के सर और फेस पर कुल्हाड़ी से करीब सात से आठ बार वार किया है। ऐसे में यह साफ होता है कि वह सिर्फ उसे जान से मारने की मंशा थी। निंदी 62 वर्ष के थे । पुलिस उसकी भी पूर्व अपराधिक मामलों की जांच में जुटी हुई है।

## युवक का फिसला पैर, बंदूक से चली गोली, साथी की मौत

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**गोहर।** गोहर उपमंडल के सराज क्षेत्र में नववर्ष की पूर्व संध्या पर शिकार करने गए युवक की गोली लगने से मौत हो गई। घटना सराज क्षेत्र की परवाड़ा पंचायत के टिकर गांव की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने लापरवाही का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 31 दिसंबर की शाम को 7.00 बजे चेतराम अपने पांच साथियों यशवंत सिंह, हेमराज, कृष्ण चंद, नंद लाल और इंद्र सिंह के साथ गढ़नाला जंगल में शिकार के लिए गया था।

हेमराज के पास सिंगल बैरल टोपीदार बंदूक थी। अचानक उसका पैर फिसलने से बंदूक जमीन पर लगी और गोली चल पड़ी, जो चेतराम की टांग में घुटने के पास लगी। लहूलुहान हालत में घायल युवक को बगस्याड़ अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने 32 वर्षीय चेतराम पुत्र आत्मा राम निवासी टिकर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बुधवार को घटनास्थल पर जाकर निशानदेही के बाद अवैध बंदूक कब्जे में ले ली है। एसपी साक्षी वर्मा ने बताया कि घटना के संबंध में धारा 125, 106 बीएनएस और 25-54-59 शस्त्र अधिनियम में मामला दर्ज कर लिया गया है। शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है और पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

### दम घुटने से 5 बेहोश, 2 की हालत गंभीर

**ऊना (अप्रस)।** ऊना में रात को अंगीठी जलाकर सो रहे एक ही परिवार के 5 लोग बेहोशी की हालत में मिले हैं। इन सभी को इलाज के लिए जिला के सरकारी अस्पताल दाखिल करवाया गया है। इनमें से 2 लोगों की हालत नाजुक है। घटना धमांदरी गांव की है।

परिवार बीती रात खाना खाने के बाद ठंड से बचने के लिए अपने कमरे में अंगीठी जलाकर सो गया था। सुबह काफी देर तक जब घर का दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोसी को किसी अनहोनी का शक हुआ और उसने उनके घर जाकर देखा। उन्होंने पाया कि घर के 5 सदस्यों को बेहोश पड़े हुए हैं। वह इन सभी लोगों को तुरंत इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया। डॉक्टर ने इनमें से 2 लोगों की हालत नाजुक होने की जानकारी दी है। ये उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। इससे पहले भी जिला में घर में आग की अंगीठी जलाकर सोने और दम घुटने से 2 लोगों की मौत हो चुकी है।

## कांग्रेस सरकार ने दो वर्ष में 31 हजार से ज्यादा सरकारी नौकरियां निकाली: अवस्थी

### झूठ बोलने की बजाय दिल्ली में हिमाचल के हित उठाएं जय राम ठाकुर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** विधायक संजय अवस्थी ने कहा है कि कांग्रेस सरकार नौकरियां देने वाली सरकार है और मात्र दो वर्ष में ही वर्तमान सरकार ने 31 हजार सरकारी नौकरियां निकाली हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर हर दिन नया झूठ बोलते हैं और जनता को गुमराह करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि जय राम ठाकुर को अपने कार्यकाल के पांच वर्षों का हिसाब भी प्रदेश की जनता को देना चाहिए। वास्तविकता यह है कि पूर्व भाजपा सरकार के समय पूरे पांच वर्षों में 20 हजार नौकरियां प्रदान की तथा वर्तमान कांग्रेस सरकार ने मात्र दो वर्षों में 31 हजार नौकरियां निकाली हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नौकरियां कानूनी पेचीदगियों में फंसी रही और प्रदेश के युवाओं के साथ धोखा किया गया। उन्होंने कहा कि जब मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार का गठन हुआ तो हमने प्राथमिकता के आधार पर अदालतों में मजबूती से पैरवी कर परिणाम निकलवाए और युवाओं के लिए सरकारी रोजगार का मार्ग प्रशस्त किया।

इसके अलावा राज्य सरकार स्वरोजगार को भी बढ़ावा दे रही है। राज्य सरकार ने 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना भी शुरू की है, जिससे युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं।

संजय अवस्थी ने कहा कि भाजपा नेता मात्र झूठ बोलने का काम करते हैं और प्रदेश की जनता को गुमराह करने का प्रयास करते हैं। अगर भाजपा नेता हिमाचल प्रदेश के इतने ही बड़े हिमायती हैं तो वह दिल्ली जाकर केन्द्र सरकार के पास राज्य के हितों को प्रमुखता से उठाएं, ताकि प्रदेश के लोगों को उनका हक मिल सकें। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता केंद्र से मिलने वाले हक को भी रुकवाने में लगे हैं। हिमाचल प्रदेश में इतिहास की सबसे बड़ी आपदा आए डेड़ वर्ष से अधिक समय हो गया है लेकिन आपदा प्रभावितों के लगभग 10 हजार करोड़ रुपए केंद्र सरकार के पास लंबित हैं।

इसके अलावा एनपीएस के लगभग नौ हजार करोड़ रुपये पर भी केंद्र सरकार कुंडली मारकर बैठी है। ऐसे में भाजपा नेताओं को इन बातों को केंद्र सरकार के समक्ष उठाकर हिमाचल प्रदेश के लोगों के हित में कार्य करना चाहिए।

## हिमाचल में 132 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

### दूसरे कर्मियों की कल से हड़ताल, 500 से ज्यादा नहीं देंगे सेवाएं

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** हिमाचल के प्रीमियम हेल्थ इंस्टीट्यूट द्ब्लरुष्ट शिमला के 132 आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। इसके विरोध में आज आईजीएमसी परिसर में आउटसोर्स कर्मचारियों ने गेट मीटिंग की और कल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का फैसला लिया।

राज्य सरकार द्वारा नौकरी से हटाए गए आउटसोर्स कर्मचारियों के समर्थन में आईजीएमसी के दूसरे आउटसोर्स कर्मी भी आ गए हैं। जिन्होंने कल से हड़ताल पर जाने का फैसला लिया है।

आईजीएमसी शिमला में पूरे प्रदेश से रेफर व गंभीर मरीज उपचार को पहुंचते हैं। यहां रोजाना 3200 से 3500 मरीज उपचार करवाते हैं। ऐसे में आउटसोर्स कर्मियों के हड़ताल पर जाने से स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ेगा। गेट मीटिंग के दौरान आउटसोर्स कर्मियों ने आईजीएमसी प्रशासन और सरकार को खरी खोटी सुनाई।

सफाई कर्मचारी यूनियन की उपाध्यक्ष निशा ने बताया कि उन्हें सुपरवाइजर के माध्यम से सेवाएं समाप्त करने का नोटिस मिला है। 1 जनवरी से उनकी रोजी-रोटी छीन ली गई है। उन्होंने बताया कि आउटसोर्स पर सेवाएं देने वालों में कई विधवाएं शामिल है, जो सालों से यहां सेवाएं दे रही हैं। अब उन्हें नौकरी से हटा दिया गया है।

### 500 से ज्यादा कर्मचारी हड़ताल पर जाएंगे

आईजीएमसी वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारी वीरेंद्र ने बताया, नौकरी से निकाले गए आउटसोर्स कर्मियों का साथ द्ब्लरुष्ट के दूसरे कर्मचारी भी साथ खड़े हैं। वह भी कल से हड़ताल पर जाएंगे। उन्होंने बताया कि कल 500 से ज्यादा आउटसोर्स कर्मचारी हड़ताल पर जाएंगे।

### आईजीएमसी में 50 प्रतिशत डॉक्टर पहले ही छुट्टी पर

बता दें कि, आईजीएमसी के 151 डॉक्टर पहले ही विंटर वेकेशन पर है। ऐसे में अब आउटसोर्स कर्मियों की हड़ताल से मरीजों की परेशानी बड़ने वाली है। अस्पताल में सफाई व्यवस्था ठप पड़ने वाली है। वार्ड-अटेंडेंट, सुरक्षा कर्मी, ओटीटी-बॉय अपनी सेवाएं नहीं देंगे।

### अवैध खनन करने वालों के खिलाफ हरियाणा सरकार कर रही सख्त कार्रवाई

# खननकारियों के खिलाफ न केवल एफआईआर बल्कि उनसे जुर्माना भी वसूल रही सरकार

अवैध खनन को लेकर पेश किए जा रहे विपक्ष के दावे पूरी तरह से निराधार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 2 जनवरी।** प्रदेश में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ हरियाणा सरकार सख्त कार्रवाई कर रही है। अवैध खननकारियों के खिलाफ न केवल एफआईआर दर्ज की जा रही है बल्कि उनसे जुर्माना भी वसूल किया जा रहा है। सरकार से जुड़े उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक राज्य में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और अवैध खनन गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से सरकार ने कई सख्त उपाय लागू किए हैं। प्रशासन ने खनन स्थलों पर नियमित निरीक्षण और निगरानी बढ़ा दी है। ड्रोन और अन्य आधुनिक तकनीकों का भी उपयोग किया जा रहा है ताकि अवैध गतिविधियों का पता लगाया जा सके। इसके अलावा, अवैध खनन में शामिल वाहनों को भी जब्त किया जा रहा है और दोषियों को कानून के तहत सख्त सजा दी जा रही है।

नूंह जिला के रवा गांव में अवैध खनन को लेकर कुछ समाचार पत्रों में प्रकाशित रिपोर्ट निराधार हैं, जिसमें दावा किया जा रहा है कि इससे राज्य के खजाने को 2200 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। साथ ही सोशल मीडिया पर भी इस संबंध में किए जा रहे दावे तथ्यों से परे हैं। जानकारी के मुताबिक सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से वर्ष 2002 से गुरुग्राम, फरीदाबाद और नूंह जिलों में अरावली क्षेत्र में खनन पर प्रतिबंध है। इस क्षेत्र में हरियाणा और राजस्थान के बीच सीमा को लेकर अंतर-राज्यीय विवाद भी है जिसका लाभ राजस्थान के खान पट्टाधारक उठा रहे हैं और हरियाणा के अंदर अतिक्रमण कर रहे हैं। इस संबंध में, खान एवं भूविज्ञान कार्यालय, गुरुग्राम/नूंह द्वारा फिरोजपुर झिरका पुलिस स्टेशन और हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो में समय-समय पर अब तक 8 एफआईआर दर्ज की गई हैं।

जानकारी के मुताबिक हाल ही में रवा में जो पहाड़ गिरा है, उसमें 6000 मीट्रिक टन पत्थर के अवैध खनन का आंकलन पाया गया, जिसकी कुल रॉयल्टी व कीमत 15 लाख रुपए आंकी गई है। 16 दिसंबर 2024 को रवा क्षेत्र में निरीक्षण में पाया गया कि हरियाणा की राज्य रेखा को चिह्नित करने वाले सीमा स्तंभ बरकरार है। इस मामले में 23 दिसंबर 2024 को पुलिस स्टेशन फिरोजपुर झिरका तथा हरियाणा प्रवर्तन ब्यूरो, नूंह में राजस्थान के पट्टाधारकों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाई गई, जिसमें मैसर्स पंच भाई स्टोन कंपनी, मैसर्स हाजी ट्रेडिंग कंपनी, आशु सरपंच धोलेट और दलसेर, नांगल, तहसील पहाड़ी, राजस्थान के नाम शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, जिस पहाड़ के खिसकने बारे समाचार पत्रों में आया है, उस बारे विभाग की सर्वेक्षण टीम द्वारा बताया गया है कि वह पहाड़ राजस्थान की सीमा में है तथा इस बारे राजस्थान द्वारा पहले ही एफआईआर दर्ज करवा दी गई है।

अवैध खनन के इस मामले को हल करने के लिए हरियाणा का खान एवं भूविज्ञान विभाग तथा राजस्थान का खान एवं भूविज्ञान विभाग मिलकर समन्वय कर रहा है। उल्लेखनीय है कि खान एवं भूविज्ञान विभाग, हरियाणा खनन माफिया पर लगातार नकेल कस रहा है। इसी का नतीजा है कि गत वर्ष हरियाणा के खान एवं भूविज्ञान विभाग को समस्त हरियाणा में संचालित माइनिंग लीज, लघु अवधि परमिट, भट्ठों से प्राप्त रायल्टी व अवैध खनन/अवैध खनिज परिवहन से जुर्माना राशि के लगभग 800 करोड़ रुपए हासिल हुए हैं।

## हरियाणा पावर इंजीनियर्स एसोसिएशन ने निजीकरण के विरोध में काली पट्टी बांधकर मनाया काला दिवस

अर्थ प्रकाश/अर्पण वधवा



**कुरुक्षेत्र, 2 जनवरी।** ऑल इंडिया पावर इंजीनियर फेडरेशन के आह्वान पर उत्तर प्रदेश, चंडीगढ़ और राजस्थान में निजीकरण के खिलाफ आज हरियाणा पावर इंजीनियर्स एसोसिएशन के बैनर नीचे गेट मीटिंग की और कर्मचारियों और अधिकारियों के समर्थन में निजीकरण के खिलाफ काली पट्टी बाँध कर काला दिवस मनाया गया। इस बैठक की अध्यक्षता हरियाणा पावर इंजीनियर्स एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव रविंद्र घनघस ने की। इस बैठक में हरियाणा पावर इंजीनियर संगठन के वरिष्ठ उप प्रधान बलजीत बेनीवाल, उप प्रधान सुदीप बामल व कार्यकारिणी सदस्य राहुल महला, सुमित कुमार के साथ सुरेंद्र रेड्डू, रविंद्र सिंह, प्रदीप ढुल, होशियार सिंह, आशीष मोदी, वीरेंद्र राणा, पंकज शर्मा, संदीप कुमार, सनी यादव, साहिल गर्ग, हेमंत जिंदल आदि इंजीनियरों ने भाग लिया। हरियाणा पावर इंजीनियर्स एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव रविंद्र घनघस ने बताया कि चंडीगढ़, राजस्थान और उत्तर प्रदेश बिजली विभागों को निजी हाथों में सौंपा जा रहा है जिसकी वजह से आने वाले समय में आम उपभोक्ता, किसान और कमर्शियल इंडस्ट्रियल टैरिफ निजी कंपनियां अपनी मनमर्जी से बढ़ाएंगी। जैसे कि जितने भी राजमार्ग जो कि प्राइवेट कंपनियों के अधीन हैं। वह भी अपनी मनमर्जी से टोल टैक्स को ब?ाते रहते हैं। जिस का आम जनता पर बोझ बढ़ता है। उन्होंने बताया कि चंडीगढ़ की लगभग 2000 करोड़ की सरकारी संपत्ति उन प्राइवेट कंपनियों को एक रुपए की लीज पर दी जा रही है, इसके बावजूद कि चंडीगढ़ बिजली विभाग मुनाफ़ा में चल रहा है। वहां के स्थानीय निवासियों को बहुत ही कम लागत पर बिजली मुहैया करा रहा है। इसी तरह राजस्थान और उत्तर प्रदेश में लाखों करोड़ों की सरकारी संपत्ति एक रुपए की लीज पर प्राइवेट कंपनियों के हवाले की जा रही है, जिसके कारण वहां के कर्मचारी और अधिकारी सरकार के खिलाफ काफी दिनों से आंदोलन छेड़े हुए हैं। हरियाणा पावर इंजीनियर्स एसोसिएशन के वरिष्ठ प्रधान बलजीत बेनीवाल ने बताया कि इस तरह के निजीकरण के कारण उत्तर प्रदेश में लगभग 55,000 कर्मचारियों की नौकरी दाव पर लगी है। साथ ही साथ निजीकरण के कारण से आने वाले टाइम में अनुसूचित जातियों और बैकवर्ड जातियों के बच्चों का आरक्षण भी खत्म हो जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### हवन यज्ञ के साथ हुआ नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ



**यमुनानगर (अप्रस/डा. आरके जैन)।** टीडीटीआर डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन के प्रांगण में नववर्ष के आगमन पर हवन यज्ञ समारोह का आयोजन किया गया। इस हवन यज्ञ का उद्देश्य नववर्ष की शुरुआत और नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ को चिन्हित करना था। इस पावन अवसर पर डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल्स के चेयरमैन विजय कपूर और उनकी धर्मपत्नी आशा कपूर ने अपनी उपस्थिति से छात्रों और स्टाफ को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य वी. के. कशिव ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। हवन यज्ञ का संचालन संस्थान के प्रधानाचार्य डा. हिमांशु शेखर बेहेरा ने किया, जिसमें सभी स्टाफ और छात्रों ने भाग लिया। हवन यज्ञ के समापन के बाद डा. हिमांशु ने सभी गणमान्य अतिथियों और छात्रों को नववर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और संस्थान की प्रगति में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने डी. ए. वी. संस्थानों की एक श्रृंखला स्थापित कर डी. ए. वी. आंदोलन को यमुनानगर में प्रारम्भ किया। जे. एन. कपूर ने स्वास्थ्य सेवाओं में भी अग्रणी भूमिका निभाई और 1997 में टी. डी. टी. आर. डी. ए. वी. इंस्टीट्यूट ऑफ फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन की स्थापना की। इस संस्थान की स्थापना का उद्देश्य दिव्यांग लोगों का पुनर्वास, उनके कष्टों को कम करना और क्षेत्र में कुशल फिजियोथेरेपिस्ट तैयार करना था। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ और सभी स्टाफ, छात्रों एवं मरीजों को मिठाई वितरण के साथ हुआ, जिससे नई शैक्षणिक यात्रा की शुरुआत सकारात्मकता और उल्लास के साथ हुई।

### श्री खाटू श्याम मंदिर में शीश नवाकर मनाया नया साल



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अर्पण वधवा)।** श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.),कुरुक्षेत्र द्वारा स्थापित श्री खाटू श्याम मंदिर में बुधवार को नववर्ष के प्रथम दिवस सुबह से रात तक श्याम भक्तों की भीड़ रही। जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और सचिव अटल शर्मा ने बताया कि कुरुक्षेत्र सहित आसपास के क्षेत्रों से सैंकड़ों श्याम भक्तों ने मंदिर में शीश नवांकर नया साल मनाया। बड़ी संख्या में आए भक्तों ने श्याम बाबा को निशान चढ़ाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए चाय नाश्ता के साथ साथ भंडारे की व्यवस्था की। श्री श्याम आरती में प्रधान सुभाष सुखीजा,उप प्रधान एल डी कंबोज, सचिव अटल शर्मा, कोषाध्यक्ष रमेश शर्मा, राजेश मोदगिल, आशीष चोपड़ा, विनीत राजपाल, हेमंत भारद्वाज,राजू छाबड़ा, अशोक शर्मा, अशोक अरोड़ा, सुरेन्द्र काठपाल, ललित अत्री, डॉ. घनश्याम शर्मा, सतीश कारसा, लवकेश शर्मा, जतिन शर्मा, विजय गुलाटी, डा.प्रवीण शर्मा, अनिरुद्ध,साहिल शर्मा, नरेश सैनी बिशनगढ़, जतिन सैनी बिशनगढ़, शेर सिंह शेरा, कृष्ण कुमार, हिमांशु मल्होत्रा, अंशु, अनमोल, गौरव, शंटी, अंशुमान, सर्वेश, शुभम, कपिल सोनी और राजीव बारना आदि शामिल रहे।

### अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**मुलाना (अप्रस/सचिन मलिक)।** थाना मुलाना क्षेत्र मार्कण्डेय पुल के पास से अवैध हथियार रखने के मामले में पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी गुरप्रीत निवासी गाँव डुलियानी थाना मुलाना जिला अम्बाला को अवैध चाकू सहित गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मुलाना पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी अवैध हथियार चाकू लेकर घूम रहा है जो किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना उपरान्त पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना मुलाना क्षेत्र मार्कण्डेय पुल के पास नाकाबंदी के दौरान सन्दिग्ध को टीम द्वारा काबू कर विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उससे अवैध चाकू बरामद किया। आरोपी की पहचान गुरप्रीत निवासी गाँव डुलियानी थाना मुलाना जिला अम्बाला के रूप में हुई, जिसे अवैध हथियार चाकू सहित गिरफ्तार कर थाना मुलाना में मामला दर्ज किया।

## लाइट माइक्रोफाइनेंस द्वारा टीक में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति

**पुंडरी, 2 जनवरी।** ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, अहमदाबाद स्थित लाइट माइक्रोफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड ने आज जिले के टीक गाँव में एक नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया।

शिविर में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में अनुभवी नेत्र विशेषज्ञों द्वारा ग्रामीणों की आँखों की जाँच की गई और उन्हें आँखों की देखभाल संबंधी उचित सलाह दी गई। इस दौरान करीब 600 लोगो की स्वास्थ्य जांच की गई और मुफ्त चश्मे बांटे गए। लाइट माइक्रोफाइनेंस की टीम ने स्थानीय आंगनवाड़ी के बच्चों को शिक्षा संबंधी छोटे उपहार भी वितरित किए, जिससे बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस मौके पर हरियाणा के स्टेट हेड संदीप जांगिर और कैथल ब्रांच से रवि भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि पिछले 15 वर्षों से, लाइट माइक्रोफाइनेंस ग्रामीण समुदायों के उत्थान के लिए सक्रिय रूप से कार्यरत है।

कंपनी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण भारत में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना और विभिन्न सामुदायिक पहलों के माध्यम से सामाजिक और आर्थिक विकास में योगदान करना है। यह नेत्र जाँच शिविर इसी दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर आंगनवाड़ी वर्कर शकुंतला देवी, अंजू, किरणा, राजविंदर कौर तथा आंगनवाड़ी हैल्पर्स उपस्थित रही।

## समाधान शिविर में सुनी गई नागरिकों की समस्याएं

### नागरिकों को एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की समस्याओं को रखने का एक बहुत ही बेहतरीन प्लेटफार्म समाधान शिविरों के तौर में मिला है : एसडीएम

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार



**नारायणगढ़, 2 जनवरी।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम (बराड़ा) अमित भारद्वाज ने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। समाधान शिविर में 8 समस्याएं आई जिनमें से 5 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया।

बता दे कि नारायणगढ़ के एसडीएम शाश्वत सांगवान के अवकाश पर होने के कारण यहां का चार्ज एसडीएम बराड़ा के पास है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10:00 से 12:00 बजे तक समाधान शिविर लगाया जा रहा है।

एसडीएम ने कहा कि नागरिकों को एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की समस्याओं को रखने का एक बहुत ही बेहतरीन प्लेटफार्म समाधान शिविरों के तौर में मिला है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का निवारण संबंधित अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर करें। उन्होंने कहा की समस्याओं का निवारण करने के साथ-साथ अधिकारी अपने विभाग से संबंधित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी लोगों को दें जिससे की पात्र लोग उन योजनाओं का लाभ उठा सके।

समाधान शिविर में वार्ड 9 के मनीष कुमार ने प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित अपनी समस्या रखी, गांव लालपुर के राहुल ने दिव्यांग पेंशन से संबंधित, वार्ड 8 की स्नेहा ने परिवार पहचान पत्र अलग करवाने के बारे में अनुरोध किया।गांव नेकानावा की उर्मिला ने श्रमिक कॉपी में नाम ठीक करवाने के लिए, नारायणगढ़ के चमन लाल ने गोहर की निशानदेही करवाने बारे, गांव बुर्ज के विक्रम सिंह ने बिजली संबंधी समस्या रखी तथा गांव बरौली की सीता देवी ने मकान के ऊपर से जा रही बिजली की तारों को हटवाने का अनुरोध किया।

इस मौके पर नायब तहसीलदार संजीव अत्री, स्टेनो नवीन सैनी के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## विदेश भेजने के नाम पर 24 लाख की ठगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**घरौंडा, 2 जनवरी।** विदेश जाने के सपने को सच करने की चाह में एक व्यक्ति से ठगी का मामला सामने आया है। घरौंडा निवासी प्रवीण कुमार ने 24 लाख रुपये गंवाने के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। आरोप है कि पंचकूला निवासी साहनू धारीवाल और उनके पति अकुंश धारीवाल ने कनाडा भेजने का झांसा देकर न केवल प्रवीण से मोटी रकम ऐंठी, बल्कि उसके दोस्तों और रिश्तेदारों को भी शिकार बनाया।

पुलिस को दी शिकायत के अनुसार, 15 नवंबर 2023 को प्रवीण की पहली मुलाकात आरोपियों से हुई थी। दोनों पक्षों में विदेश भेजने के नाम पर बातचीत शुरू हुई। इसके बाद साहनू और अकुंश ने प्रवीण से धीरे-धीरे 30 जनवरी 2024 तक 24 लाख रुपये वसूले। उन्होंने प्रवीण का पासपोर्ट, आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य जरूरी दस्तावेज भी जमा करवा लिए।

आरोपियों ने प्रवीण को कहा कि अगर वह अपने दोस्तों और रिश्तेदारों की फाइलें जमा करवाएगा, तो उसकी फीस कम हो जाएगी। इस लालच में आकर प्रवीण ने अपने दोस्त अभय और रिश्तेदार सुनीता देवी की फाइलें भी जमा करवा दीं। आरोपियों ने इनसे भी एडवांस पेमेंट ले ली।

जब प्रवीण ने दस्तावेज और पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने न केवल गाली-गलौज की बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। प्रवीण अपने दोस्त नीतीश कुमार के साथ उनके घर गया, लेकिन वहां भी उसे धमकाया गया

घरौंडा पुलिस ने साहनू धारीवाल और अकुंश धारीवाल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी राजकुमार ने बताया कि आरोपियों के मोबाइल नंबर और बैंक डिटेल के आधार पर जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

## जयराम पब्लिक स्कूल में एनएसएस शिविर का समापन

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अमित)।** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) शिविर का वीरवार को समापन कर दिया गया। समापन दिवस की शुरुआत स्वयंसेवी विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना के साथ की। इसी के साथ विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार एवं योगाभ्यास किया। शिविर के अंतिम दिन स्वयंसेवी विद्यार्थियों ने स्कूल परिसर में सफाई की और सभी ने मिलकर ब्रेड पकोड़े, उपमा व इटली इत्यादि व्यंजन बनाए। स्कूल प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल ने विद्यार्थियों के किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि शिविर में मिले अनुभवों को जीवन में अपनाना चाहिए।

## अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया ने बच्चों संग मनाया नववर्ष

अर्थ प्रकाश/अर्पण वधवा

**कुरुक्षेत्र, 2 जनवरी।** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया द्वारा सेक्टर 2, सुंदर पुर, देवीदास पुरा, रतगल व आसपास के क्षेत्रों में झुग्गी झोंपड़ियों में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों के बच्चों के संग नव वर्ष धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कला रागिनी ट्रस्ट से रजनी मधाडिया ने की। कला रागिनी ट्रस्ट द्वारा इन सभी बच्चों को निशुल्क कोचिंग दी जाती है। पवन मित्तल ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी देते हुए सभी बच्चों के जीवन में खुशियां एवं कामयाब इंसान बनने की कामना की। इस अवसर पर करीब 100 जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को ट्रस्ट की को स्पॉन्सर डाबर के सहयोग से उनकी जरूरत का समान जैसे हेयर ऑइल, टूथपेस्ट, रियल जूस, स्केच पैन, स्टेशनरी व बच्चों को सर्दियों में बैठने के लिए दरी इत्यादि वितरित की गई। सेवा ट्रस्ट के सिटी प्रधान योगेश शर्मा व नरेश शर्मा ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म का कार्य है। इस अवसर पर कला रागिनी ट्रस्ट से रजनी मधाडिया ने कहा कि कला रागिनी संस्था निरंतर बच्चों को शिक्षा के साथ खुशियां बांटने में प्रयासरत है। बच्चों ने संस्था के साथ भाषण, रंगोली व सुंदर चित्र बनाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया द्वारा कला रागनी संस्था के जरूरतमंद बच्चों को जरूरत का सामान वितरित किया गया।

## शिक्षा को बनाया व्यवसाय का अड्डा

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 2 जनवरी।** टोहाना शहर वह ग्रामीण क्षेत्र में लगभग सैकड़ो प्राइवेट स्कूल चल रहे हैं कई स्कूल तो भिडी गलियों में भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में चल रहे हैं इनमें से कई स्कूलों के पास कोई भी मानता नहीं है कई तो सिर्फ पांचवी तक की मान्यता है और दसवीं तक के स्टूडेंट इन स्कूलों में पढ़ते हुए देखे जा सकते हैं कई विद्यार्थियों के बताने पर यह भी पता लगा है। कि बच्चे विद्यार्थी पढ़ते तो किसी और स्कूल में हैं और उन विद्यार्थियों को पढ़ाई होने पर एसएलसी किसी और स्कूल की दी जाती है और उन विद्यार्थियों से मनमानी फीस भी प्राइवेट स्कूलों द्वारा ली जाती है कई प्राइवेट स्कूलों के भवन भी सरकार के नियमों की अनदेखी किए हुए हैं इन प्राइवेट स्कूलों में वर्दियों से लेकर स्टेशनरी तक मोटे कमीशन के रूप में स्कूल चालक दुकानदारों से लेते हैं और यह सब कुछ देखकर भी टोहाना शहर के शिक्षा अधिकारी व जिला अधिकारी चुप्पी सादे हुए हैं सुनने में यह भी आया है कि कई स्कूल तो एक नाम से दो दो स्कूल गैर मान्यता प्राप्त स्कूल खुले हुए हैं कई स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या तो बहुत है पर उनमें विद्यार्थियों के लिए सुविधा नाम मात्र है कई स्कूलों में तो ने तो अग्निशामक यंत्र और नए ही क्लासों में फास्टेड बॉक्स का भी प्रबंध नहीं है।यह भी पता चला है कि यह प्राइवेट स्कूल जब अपने स्कूलों में कोई भी एनुअल फंक्शन करते हैं तो नाम तो अपने स्कूलों का होता है और फंक्शन के रूप में खर्चा बच्चों से लिया जाता है इन सब प्राइवेट स्कूलों में हो रही धांधली यो का मुख्य कारण सभी अधिकारियों का स्कूल संचालकों से मिली भगत होना है।

### श्याम बाबा के दर्शन कर एसपी लोकेंद्र सिंह ने सुनी समस्याएं, जल्द समाधान के दिए निर्देश

## युवा नशे से दूर रहकर पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भविष्य बनाए : डीएसपी

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 2 जनवरी।** पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने गांव भ्रमण कार्यक्रम के तहत अधिकारियों के साथ वीरवार को हल्के के गांव चुलकाना में पहुंच कर चुलकाना धाम श्याम बाबा मंदिर परिसर में ग्रामीणों से बातचीत की। ग्रामीणों से गांव की सुरक्षा व पुलिस से संबंधित समस्याओं के बारे में पूछा और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। इससे पूर्व पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने श्याम बाबा मंदिर परिसर में श्याम बाबा के दर्शन किए और वहां पर शीश झुक आशीर्वाद लिया। श्याम बाबा मंदिर समिति की ओर से पुलिस अधीक्षक श्री लोकेंद्र सिंह का स्वागत कर उन्हें प्रसाद भी वितरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने इस दौरान मौजूद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस का प्रयास है कि पुलिस व आमजन में दुरी न रहकर आपसी समन्वय रहें। सरकार द्वारा नशे के विरुद्ध मुहिम चलाई गई हैं और सभी चाहते है कि हमारा राज्य हरियाणा नशे से मुक्त हो।

हम सब की ये नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम सब नशे से दूर रहे और दूसरो को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करे। पुलिस नशा करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उनका सिविल अस्पताल के डी एडिक्शन सेंटर में इलाज भी करवाया जा रहा है। इसके साथ युवाओं के लिए खेल प्रतियोगिता आयोजित करवाई जा रही है। ताकि वे अपनी उर्जा का सहि दिशा में प्रयोग करें। नशे पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रयासरत है। गांव में किसी भी नागरिक को नशा तस्करी के बारे में सूचना मिले तो तुरंत पुलिस कंट्रोल में सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जायेगा।

पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने कहा कि गांव की कोई भी समस्या हो पुलिस व सिविल प्रसाशन को बताए। पुलिस व सिविल प्रसाशन हमेशा आपके साथ है।

पुलिस की प्राथमिकता है कि गांव में शांति का माहौल बना रहे और आम जनता में सुरक्षा की भावना बनी रहे। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि गांव में किसी भी प्रकार की गुटबाजी से दुर रहें। युवा वर्ग पढाई व खेलों में रुचि लेकर अपने गांव व अपने माता पिता का नाम रोशन करें।

पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने इस दौरान ग्रामीणों की समस्यों का मौके पर ही समाधान करते अधिकारियों को गांव के अड्डा पर पुलिस की गश्त बढाने व शराब पीकर हुड़दंग बाजी करने वालों पर सख्त प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही बुलेट बाइक से पटाखे बजा हुड़दंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए।

इस दौरान एसडीएम समालखा अमित कुमार, डीएसपी समालखा नरेंद्र कादियान, एसएचओ समालखा इंस्पेक्टर कैलाश, सरपंच सतीश, मंदिर प्रधान रोशल लाल छौक्कर, ग्रामीण शेखपाल, राजकुमार, बल्ली व टोनी इत्यादी मौजूद रहें।

गुरू गोविंद सिंह जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने की सिख समाज के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

# 6 जनवरी को डीसीआरयूएसटी मुरथल में आयोजित होगा भव्य राज्य स्तरीय कार्यक्रम

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सैनी करेंगे बतौर मुख्यातिथि शिरकत

प्रदेश के अलग-अलग जिलों से कार्यक्रम में पहुंचेंगी सिख संगत

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत, 2 जनवरी।** संत महापुरूष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के अंतर्गत गुरू गोविंद सिंह जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने गुरूवार को अपने कार्यालय में सिख समाज के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए आप लोगों के सहयोग की सबसे ज्यादा जरूरत है इसलिए सिख समाज के सभी प्रतिनिधि कार्यक्रम में बढ़चढ़कर हिस्सा लें।

उपायुक्त ने बताया कि 06 जनवरी को दीनबंधू छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल( डीसीआरयूएसटी) स्थित सभागार में आयोजित किए जा रहे जिला स्तरीय कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए जिला प्रशासन ने तेजी से तैयारियों शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। कार्यक्रम को भव्य आयोजन को लेकर प्रदेश के अलग-अलग जिलों सिख संगत कार्यक्रम में पहुंचेंगी।

बैठक के पश्चात सिख समाज के प्रतिनिधियों ने मुरथल विश्वविद्यालय स्थित सभागार का भी दौरा किया और वहां पर उन्होंने लोगों के बैठने व अन्य व्यवस्थाओं के बारे में आपस में चर्चा की।

सभी प्रतिनिधियों ने कहा कि कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए उनके द्वारा जिला प्रशासन को पूरा सहयोग दिया जाएगा और उनके द्वारा कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

### ये रहे मौके पर मौजूद

इस मौके पर एसडीएम अमित कुमार, डीडीपीओ जितेन्द्र कुमार, डीआईपीआरओ राकेश गौतम, सिख समाज से मोहन सिंह मनोचा, परमजीत सिंह, कुलदीप सिंह, सुरेन्द्र सिंह, हरदीप सिंह, हरजीत सिंह, मंजीत सिंह, जगमोहन, ललित तलवार, मंजीत सिंह बिल्लू, सुरीन्द्र सिंह तथा गुरजीत सिंह सहित अनेक प्रतिनिधि मौजदू रहे।

# जेडी इंटरनेशनल स्कूल के जागृति समारोह में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली

अर्थ प्रकाश/दीवान



**सफीदों, 2 जनवरी।** नगर के असंध रोड़ स्थित जेडी इंटरनेशनल स्कूल में जागृति समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्यातिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने शिरकत की। विद्यालय के चेयरमैन एसके भारद्वाज, डायरेक्टर विजय भारद्वाज और प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने मोहन लाल बडौली व अन्य अतिथियों का बुके देकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती प्रतीमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया गया। जागृति थीम पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। विभिन्न राज्यों की संस्कृति को झांकियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं समेत अनेक प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज में फैली बुराइयों को दर्शाया गया। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए। अपने संबोधन में मुख्यातिथि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने कहा कि किसी भी राज्य की प्रगति वहां की शिक्षा के स्तर और गुणवत्ता पर निर्भर करती है। पहले अनपढ़ लोग ज्यादा मिलते थे, लेकिन अब ढूंढने से ही कोई अनपढ़ व्यक्ति मिलता है। हरियाणा प्रदेश में साक्षरता की दर बढ़ी है और यह सब हरियाणा सरकार की बेहतरीन शिक्षा नीतियों का प्रभाव है। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। हर बच्चे को अपने माता-पिता व गुरू का सम्मान करना चाहिए। बच्चों में इस प्रकार के संस्कार स्कूलों में ही पैदा हो सकते हैं। स्कूलों में पढ़ाई के साथ-साथ संस्कारों का ज्ञान भी दिया जाना बेहद जरूरी है। स्कूल के चेयरमैन एसके भारद्वाज व डायरेक्टर विजय भारद्वाज ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# इग्नू में दाखिला लेने के लिए यूजीसी डीईबी आईडी अनिवार्य : डॉ. धर्म पाल

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत, 02 जनवरी।** इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने बताया की इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के जनवरी 2025 सत्र के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी है। इग्नू का उद्देश्य विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन करके उनके लिए उत्थान के समान अवसर उपलब्ध करवाना है। इग्नू रिमोट एरिया, गांव देहात के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया की यूजीसी-डीईबी ने सभी ओपन और डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) और ऑनलाइन (ओएल) कार्यक्रमों के लिए एक नई प्रवेश प्रक्रिया शुरू की है। यूजीसी-डीईबी सार्वजनिक सूचना के अनुसार, अब प्रत्येक शिक्षार्थी (अंतर्राष्ट्रीय शिक्षार्थियों को छोड़कर) के लिए किसी भी ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) या ऑनलाइन (ओएल) पाठ्यक्रम में नामांकन से पहले अपनी एबीसी आईडी का उपयोग करके एक डीईबी-आईडी बनाना अनिवार्य है। इच्छुक शिक्षार्थी यूजीसी-डीईबी वेब पोर्टल https://deb.ugc.ac.in/StudentDeBID पर जाएं और अपने अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) आईडी का उपयोग करके डीईबी-आईडी जेनरेट करें। यदि आपके पास एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) आईडी नहीं है, तो आप डिजीलॉकर https://www.digilocker.gov.in के माध्यम से बना सकते हैं या www.abc.gov.in पर जाकर अपने आधार कार्ड, पैन कार्ड या अपार आईडी से अपनी एबीसी आईडी बना सकते है डीईबी आईडी एक बार जेनरेट होने के बाद फिर शिक्षार्थी के जीवन काल के लिए वैध रहेगी। वैध डीईबी-आईडी के बिना, ओडीएल/ओएल कार्यक्रमों में प्रवेश ले पाना संभव नहीं है।

इग्नू में दाखिला लेने के लिए छात्र आधिकारिक वेबसाइट www.ignou.ac.in पर जाएं और होमपेज पर दिए गए फ्रेश एडमिशन लिंक पर क्लिक करें। इसके बाद डीईबी-आईडी व अपना व्यक्तिगत विवरण जैसे ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर आदि डालें तथा मांगे गए दस्तावेज अपलोड करें। इसके बाद ऑनलाइन माध्यम से डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड से अपना दाखिला फीस का भुगतान कर सकते है। दाखिला प्रक्रिया में उम्मीदवार द्वारा दर्ज किया गया नाम और अन्य विवरण शैक्षिक दस्तावेजों के सामान होना चाहिए। इच्छुक छात्रों से अनुरोध है की केवल अपनी रजिस्टर्ड ईमेल आईडी का उपयोग करके ही पोर्टल पर लॉगिन करें और फीस का भुगतान अपने क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड से ही करें। इग्नू के विभिन्न सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, ग्रेजुएशन तथा पोस्ट ग्रेजुएशन पाठ्यक्रमों में जनवरी 2025 सत्र में दाखिले अभी चल रहे है जिसकी अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 है।

# एसडीएम ने शहर में करवाए जा रहे विकास कार्यों का किया निरीक्षण

अर्थ प्रकाश/दीवान



**सफीदों , 2 जनवरी।** एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने वीरवार को शहर में नगर परिषद द्वारा नागक्षेत्र, रामसर पार्क तथा हांसी ब्रांच के सर्विस रोड़ पर चल रहे विकास कार्यो का निरीक्षण किया तथा बाजार में दुकानों के आगे दुकानदारों द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण जैसे कार्यो को भी जांचा । इस दौरान उन्होंने शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को भी देखा और शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों को जरूरी निर्देश भी दिए।

एसडीएम श्री पुलकित मल्होत्रा ने नगर परिषद द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यो के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि विकास कार्यो में प्रयोग की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता की जांच समय-समय पर करते रहें और सभी कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण करवाएं,ताकि विकास कार्यो के पूर्ण होने पर आमजन को इनकी सुविधाएं लम्बे समय तक मिलती रहे। इस दौरान उन्होंने नप अधिकारियों के साथ सबसे पहले नागक्षेत्र पार्क,रामसर पार्क में झूलों व डस्टबीनों तथा साफ सफाई व्यवस्था को देखा, उन्होंने कहा कि यह दोनों पार्क शहर की मुख्य पार्क है , वैसे भी यह दोनों पार्क सफीदों के इतिहास तथा धार्मिक आस्था से जुड़ी हुई है। लिहाजा इन पार्को में साफ-सफाई व्यवस्था तथा इनके रखरखाव में कोई कमी नही आनी चाहिए। इस पर उन्होंने नप अधिकारियों को निर्देश दिए कि पार्को में जो भी कमी है उनको दुरूस्त करवाया जाए। उन्होंने कहा कि डस्टबीन सही नहीं होने पर पार्को में कचरा बिखर जाता है। इसी प्रकार से झूलें सही नहीं होने की स्थिति में बच्चे खेल नहीं पाते। इस दौरान एसडीएम ने बाजार मे दुकानदारों द्वारा किये जा रहे अतिक्रम को लेकर आहवान किया कि वे अपनी अपनी दुकानो के आगे से अतिक्रमण हटा लें ताकि आमजन को पैदल चलने व वाहनों को लाने व ले जाने में सुविधा हो सके।

# वरदान आयुर्वेदिक के एम.डी सुभाष गोयल अपनी विशेषज्ञों की टीम के साथ शनिवार को होटल रैनेसेंस, फिरोजपुर व रविवार को होटल एमसन प्राईड, बठिंडा देंगे अपनी सेवाएं



**चंडीगढ़।** वरदान आयुर्वेदिक के एम.डी सुभाष गोयल जी अपनी विशेषज्ञों की टीम के साथ 4 जनवरी (शनिवार) को होटल रैनेसेंस, फिरोजपुर और 5 जनवरी (रविवार) को होटल एमसन प्राईड, बठिंडा में अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।

आप जानते हैं कि पेड़-पौधे से निकलने वाला गोंद सरल भाषा में स्नेहन या ग्रीज़ के रूप में कार्य करता है मानव शरीर में. अगर आप इस गोंद जैसी औषधि का सेवन डॉक्टर की सलाह से करेंगे तो कोई भी बीमारी इंसान के शरीर को जल्दी छू भी नहीं पाएगी। जैसा कि एक पेड़ का उपहार है - काला रस, जिसके सेवन से मानव शरीर में गठिया, साइटिका, पीठ दर्द, रीढ़ की हड्डी (डिस्क) में दर्द, मांसपेशियों/नसों में दर्द, घुटनों में दर्द/गैप, गर्दन में दर्द, सर्वाइकल, कोहनी का दर्द, कलाई/ बांह का दर्द, माइग्रेन का दर्द जैसी शारीरिक, मानसिक समस्याओं के साथ- साथ शरीर की 100 बीमारियों के लिए एक दवा के रूप में काम कर सकता है। हां-हां इससे पंचम रस बनता है। पंचम रस में कई तरह के पोषक तत्व होते हैं पंचम गोंद पेट की सभी प्रकार की समस्याओं जैसे कब्ज, गैस, एसिडिटी, खट्टी डकारें, आदि में उपयोगी है। यह पाचन क्रिया को बेहतर बनाकर भोजन पचाने में भी सहायक है। ये दोनों डायबिटीज को भी जड़ से नियंत्रित करते हैं। चंडीगढ़ के प्रसिद्ध आयुर्वेदिक संस्थान वरदान आयुर्वेदिक प्रो. लिमिटेड एससीओ 372, सेक्टर 44-डी, चंडीगढ़, मुख्य चिकित्सक आयुर्वेदाचार्य, वैदिक विद्वानों ने मूल स्नेहन (ग्रीस से बना) से भरपूर एक पदार्थ (काला रस) तैयार किया है जो एक विशेष प्रकार का पौधा है, जो गले से काली चर्बी की तरह बहता है। इस काले रस पर कई प्रयोगों के बाद वरदान आयुर्वेदिक प्रो. लिमिटेड ने जीएमपी सरकार द्वारा प्रमाणित होने के बाद हमेशा के लिए असली ब्लैक गम को 2 गमी टैबलेट के रूप में 'कॉमरी गम ब्लैक कैप्सूल' के रूप में पेश किया है। सुभाष गोयल (एमडी) वरदान आयुर्वेदिक और हर्बल मेडिसिन प्राइवेट लिमिटेड के साथ चंडीगढ़ के मुख्य चिकित्सक डॉ. अनिल कुमार जी ने अपनी टीम का ध्यान पंचम गोंड की ओर दिलाते हुए कहा कि मानव शरीर में नीम, चिलगोजा, मोरिंगा, बबूल और पीपल से बना पंचम रस मधुमेह, बवासीर, गुर्दे, हृदय की कमजोरी में मदद करता है। मस्तिष्क, लीवर, अग्न्याशय, स्त्रावी, पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए फायदेमंद, आप अपने डॉक्टर की सलाह के अनुसार इस गोली और कैप्सूल को एक साथ लें, यह जोड़ों के दर्द, गठिया और घुटने के गैप के लिए काम करता है। 5-6 माह तक लगातार दवा का सेवन करने से शरीर की गुप्त शक्ति (महाशक्ति) जागृत होकर व्यक्ति को 70 वर्ष तक स्वस्थ रखने की शक्ति मिलती है।

'कामारी काले गम दी गोली' और कामारी पंचम गम कैप्सूल इन दवाइयों को 2-3 साल तक लगातार लेने से शरीर में छिपे कई रोग खत्म हो जाते हैं क्योंकि यह पेट-पाचन, मस्तिष्क-नींद और लैट्रिन-बाथरूम क्रिया में अद्भुत है। वरदान आयुर्वेदिक के एम.डी सुभाष गोयल जी अपनी विशेषज्ञों की टीम के साथ 4 जनवरी (शनिवार) को होटल रैनेसेंस, प.डॉ. अनिल बाघी रोड, फिरोजपुर और 5 जनवरी (रविवार) को होटल एमसन प्राईड, अमरीक सिंह रोड, वीर कालोनी, बठिंडा में अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। अधिक जानकारी के लिए आप फेसबुक, इंस्टाग्राम, वेबसाइट और यूट्यूब पर सुभाष गोयल लिखकर सारी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### सार्वजनिक नोटिस

यह आम जनता की जानकारी के लिए है कि श्री कप्तान पुत्र श्री रूपला निवासी गाँव सिल्ला खेड़ी, तहसील सफीदों, जिला जींद, जिसका आधार संख्या 623798382212 है, ने घोषणा की है कि उन्होंने अपने 208.287 वर्ग मीटर आवासीय घर जिसका एलजीडी आईडी 602440091 और यूआईडी डब्लूजी0एम1एस00आर0091ए है, जो गाँव सिल्ला खेड़ी(लाल डोरा सीमा के भीतर), तहसील सफीदों जिला जींद में स्थित है पर हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, करनाल शाखा से 20,00,000/- रुपये का सुरक्षित ऋण प्राप्त किया है, जिसका प्रमाण पत्र/शीर्षक विलेख/स्वामित्व संख्या 2017/1 दिनांक 10.09.2021, सब-रजिस्ट्रार सफीदों के पास पंजीकृत है। प्रमाण पत्र/शीर्षक विलेख/स्वामित्व संख्या 2017/1 दिनांक 10.09.2021 श्री मनजीत खर्ब (ग्राम सचिव) गाँव सिल्ला खेड़ी, तहसील सफीदों जिला जीन्द द्वारा श्री कप्तान पुत्र श्री रूपला निवासी गाँव सिल्ला खेड़ी, तहसील सफीदों, जिला जींद निष्पादित किया गया है। यदि किसी के पास रजिस्टर प्रमाण पत्र के अनुसार उपरोक्त संपत्ति में किसी भी तरह से पूर्व हित के किसी भी अधिकार / शीर्षक / मुकदमेबाजी / दावा है, तो वह नीचे हस्ताक्षरकर्ता से संपर्क कर सकता है और इस सार्वजनिक सूचना की तारीख से 7 दिनों के भीतर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। इस अवधि की समाप्ति के बाद कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा और ऐसा दावा झूठा, नकली, तुच्छ, धोखाधड़ी और निराधार दावा माना जाएगा और कानून की नजर में इसका कोई मूल्य नहीं होगा।

**एडवोकेट हिमांशु मोंगिया, चैंबर नं. 360, सेक्टर-12, जिला न्यायालय, करनाल- 132001, रू 89503-76606**

एपी-7646

bdK ll scn

m m-Kx isG p-qr kSmlr isG vsl ipf imAxl bsql, qihsll v ijlw Pizlkw ibAwn krdw h ik mrw p-qr rwijdr isG mr kihx snx q bwhr h Aq as n Awpxl mrjl nwl iCdr kr pqrl rSm isG vsl ipf Abdl ^wilk arP imAwxl bsql qihsll vl ijlw Pwizlkw nwl mwnXg pjwb Aq hirAwxw hwel krt d iv-c Awrfr nbr (CRWP -10488 -2024) d nwl ivAwh klqw h[ ies lel m Awpx p-qr rwijdr isG f Awpxl cl Acl spql q bd^l krdw h[ j kel vl as d nwl lx dx krgw Kd izmvwr hvgw[

AP-7655

### आवश्यक सूचना

नगर परिषद गोहाना के प्रोपर्टी टैक्स रिकार्ड से अनुसार वर्तमान में PUID No. 3F6BED15 वार्ड नं0 7 पर स्व. मूर्ति देवी पत्नी रामकुमार के नाम पर दर्ज है। अब इस प्रोपर्टी आई डी पर अपना नाम पर दर्ज करवाने के लिये नाम नीचे दिए गए हैः निवासी वार्ड नं 7, गोहाना, जिला सोनीपत, मोबाईल नं 9034920830 ने इस कार्यालय में अपना आवेदन पत्र स्व. श्री राम कुमार पुत्र रुलिया का मृत्यु प्रमाण पत्र व तहसीलदार गोहाना द्वारा तसदीक / सत्यापित वारिसान रिपोर्ट तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज सहित प्रस्तुत किया है। अतः आम जन साधारण को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि यदि इस प्रोपर्टी आईडी पर उपरोक्त आवेदक/आवेदकों का नाम दर्ज करने पर कोई एतराज/आपत्ति है तो वह इस नोटिस प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अन्दर नगरपरिषद कार्यालय गोहाना में अपना एतराज/आपत्ति मय दस्तावेजी सबूतों सहित प्रस्तुत करें। अन्यथा नोटिस अवधि गुजरने के बाद PUID No. 3F6BED15 पर उपरोक्त आवेदकों का नाम स्व? मूर्ति देवी,सोमनाथ, ईश्वर, सीताराम, धनपत विजय कुमार, चंद्र कांता, लक्ष्मी, बिमला देवी पत्नी स्व. हरीराम पुत्र संदीप कुमार, सुनील, अनिल दर्ज कर दिया जायेगा। जिसके उपरान्त नगरपरिषद गोहाना की किसी प्रकार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**कार्यकारी अधिकारी/सचिव नगर परिषद, गोहाना।**

एपी-7651

### सार्वजनिक सूचना

मैं, नीतू पत्नी श्री भीम मेहता पुत्र श्री ओम प्रकाश मेहता निवासी म०न० 26,एकता नगर,हिसार ब्यान करती हूं कि बिक्री विलेख नं० 8295 दिं 08.11.2023 अनुसार एक प्लॉट 68.00 वर्ग गज यानि 2.2 मरला स्थित एकता नगर,हिसार की मालिक व काबिज हूं। उपरोक्त प्लॉट से संबंधित पिछले मूल बिक्री विलेख नं० 8073 दिं 05.09.2012 जोकि कमलेश सलूजा पत्नी लीला कृष्ण के नाम से हैं कोर्ट कॉम्प्लेक्स,हिसार में दिं 01.12.2024 को कहीं खो गया है व मिल नही रहा है। मैरे द्वारा उक्त दस्तावेज का दुरूपयोग नही किया गया है। मैंने उक्त दस्तावेज को ऋण/सीमा सुविधा प्राप्त करने के लिए किसी बैंक या अन्य वित्तीय संस्था के पास गिरवी नही रखा है। अब मैं उपरोक्त प्लॉट को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, आर.ए.सी.पी.सी., हिसार के पास होम लोन लेने के लिए गिरवी रख रही हूं। यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपति है तो वह उपरोक्त प्रकाशन कि तिथि से 15 दिन के भीतर आपति दर्ज करा सकता है तो कृप्या स्टेट बैंक ऑफ इंडिया,आर.ए.सी.पी.सी., हिसार को सुचित करें।

**प्रार्थी**

AP-7650

### सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है ज्ञाना पुत्र निहाला पुत्र माडु निवासी कारसा चोर तहसील असंध जिला करनाल ने एक वसीयत नामा जिसका वसीका न. 57/3 दिनांक 16/07/2020 दफ्तर सब रजिस्ट्रार असंध में बाहक संदीप कुमार दयानंद पुत्रान ज्ञानचंद उर्फ ज्ञाना पुत्र न्याहला निवासी कारसा चोर तहसील असंध जिला करनाल में पंजीकृत कराई है। ज्ञाना वसीयतकर्ता का स्वर्गवास दिनांक 27/01/2023 को हो चुका है। ज्ञाना मृतक की विरासत का इंतकाल न.2562 बजरिये वसीयतनामा बाहक संदीप कुमार - दयानंद पुत्रान ज्ञानचंद उर्फ ज्ञाना पुत्र न्याहला निवासी कारसा चोर तहसील असंध जिला करनाल रिकॉर्डमाल में दर्ज है।उपरोक्त इंतकाल 2562 का फैसला होना शेष है।उपरोक्त इंतकाल न.2562 का फैसला होने में किसी शख्स व आम को कोई एतराज है तो वह अपना एतराज अखबार में प्रकाशित होने के एक माह के अंदर कार्यालय ए.सी. सेकंड ग्रेड असंध में कर सकता है।बाद गुजरने मियाद उपरोक्त इंतकाल का फैसला कर दिया जावेगा।

**ए.सी. सेकंड ग्रेड असंध जिला करनाल**

AP-7648

### सार्वजनिक सूचना

मैं अनुप कुमार शर्मा पुत्र स्व. हरबंस लाल शर्मा और रश्मी शर्मा पत्नी अनुप कुमार शर्मा, निवासी #5792-ए, सेक्टर 38 वेस्ट, चंडीगढ़। हम मकान नंबर 3046, सेक्टर 21-डी, चंडीगढ़ के 1/3 हिस्से के सह-मालिक हैं। हम इसके द्वारा सूचित करते हैं कि मूल पंजीकृत विक्रय विलेख नं. 750, दिनांक 29.05.2002 और मूल पंजीकृत विक्रय पत्र संख्या 1499, दिनांक 18.09.1997 खो गए हैं। हमने डीडीआर नंबर एल.ए.आर. नं 2025/000106 दिनांक 02.01.2025. भी दर्ज कर दिया है। उपरोक्त संपत्ति यूनियन बैंक, सेक्टर 44 शाखा, चंडीगढ़ के पास बंधक है। स्वामित्व, डुप्लिकेट रजिस्ट्री, या बंधक पर कोई भी आपत्ति हो तो इस नोटिस के प्रकाशन से 7 दिनों के भीतर उपरोक्त पते पर या बैंक को लिखित रूप में प्रस्तुत की जानी चाहिए। आपत्तियां प्राप्त न होने पर, बंधक प्रक्रिया किसी के भी अधिकार, स्वामित्व या हित पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हुए आगे बढ़ेगी।

एपी-7643

## अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

आज ही बुक करें

PH. : 0172-2638515, 98140-19928
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

### ऋण


**Equitas Small Finance Bank Solution Limited**
(1995 से आपके सेवा में)
सरकारी योजना के अंतर्गत सभी प्रकार के मार्कशीट, पर्सनल, प्रॉपर्टी, एग्रीकल्चर, ईंट भट्टा, बिज़नेस, होमलोन, सभी लोन
50000 – 95 लाख तक
घर बैठे 72 घंटे मे पाएं
सरकारी कर्मचारी , महिलाओं हैंडीकैप्ड को भारी छूट
2 % ब्याज सालाना
40 % की छूट
70 लाख संतुष्ट ग्राहक
नोट : नार्मल डाक्यूमेंट्स और नेगेटिव एरिया और खराब सिबिल स्कोर पर भी लोन उपलब्ध
9335436289, 9064554675


मैं शकुंतला पत्नी राजू निवासी 358-ए, छोटा प्लैट, हाउसिंग बोर्ड कॉम्प्लेक्स, धनास, चंडीगढ़ ने अपना नाम शकुंतला से बदलकर शकुंतला देवी कर लिया है।

एपी-7639

मैं चिराग सिंह पुत्र श्री कृष्ण पल सिंह निवास हाउस नो. 2582, सेक्टर- 39-सी, चंडीगढ़7 घोषणा करता हूँ की मैंने अपना नाम 'चिराग' से बदलकर 'चिराग सिंह' रख दिया है। सभी कृपया नोट करें।

एपी-7640

मैं, मंजू हांडा पत्नी सुरिन्द्र कुमार निवासी मकान नं. डी-10, नजदीक बस स्टैंड, टैगोर गार्डन, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर ने अपना नाम मंजू हांडा से बदलकर मंजू सोबती रख लिया है।

एपी-7641

I, Anhad Pal Singh Bawa s/o Ravinder Singh r/o 3121 Sector 23-D, Chandigarh 160023 have changed my name from AnhadPal Singh Bawa to Anhad Pal Singh

AP-7644

I, GOVIND RAJ son of Service No JC-132036-F Nb Sub Hari Ram resident of # 1754, Dadu Majra Colony, Sector 38 (West), Chandigarh, have changed my name from GOVIND RAJ to GOVIND and my correct date of birth is 21.08.1980 vide Affidavit dated 01.01.25 at Chandigarh.

AP-7642

मैं दीपशिखा सौंधी पत्नी योगेश सौंधी निवासी 76, कृष्ण कालोनी, यमुनानगर अपने नाबालिग पुत्र का नाम आरव से बदलकर आरव सौंधी करती हूं।

एपी-7647

मैं मुकेश कुमार पुत्र रमेश चंद वासी मकान नं. PB 145, सैक्टर 45, CHD सिटी, करनाल, हरियाणा 132001, ने अपना नाम बदलकर मुकेश कुमार सिंगला से मुकेश कुमार रखा है

मैं आशु Teotia पत्नी मनोज कुमार Teotia वासी मकान नं. 210, सैक्टर 32 ए, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर आशु चौधरी रखा है

मै, बाल बहादुर थापा सुपुत्र श्री भूप बहादुर थापा निवासी कुंजपुरा रोड बजाज इम्प्लेमेंट्स नजदीक आई टी आई चौक जिला करनाल हरियाणा ने अपना नाम बाल बहादुर थापा से बदल कर अशोक कुमार रख लिया है।

मैं राम प्रकाश Maken पुत्र Arjan Dass Maken वासी मकान नं 40, रणधीर Lane, नजदीक दयाल सिंह कॉलेज, दयाल सिंह कोलोनी, करनाल ने अपना नाम बदलकर राम प्रकाश Marken से राम प्रकाश Maken रखा है

मैं रमेश कुमार सुखीजा पुत्र राम किशन वासी मकान नं 424, सैक्टर 16, अर्बन एस्टेट, करनाल ने अपना नाम बदलकर रमेश कुमार से रमेश कुमार सुखीजा रखा है

मैं मनदीप कौर बेदी पत्नी अवतार सिंह वासी मकान नं 300, सैक्टर 5, अर्बन एस्टेट, करनाल, हरियाणा ने अपना नाम बदलकर मनदीप कौर से मनदीप कौर बेदी रखा है

एपी-7649

मैं, अस्मिता जैन पत्नी श्री साक्षर बंसल निवासी मकान नं. 321 सेक्टर-7 पंचकुला हरियाणा ने अपना नाम अस्मिता जैन से बदलकर अस्मिता जैन बंसल कर लिया है।

मैं, राजीव कुमार वालिया पुत्र श्री. एम.एल. वालिया निवासी मकान नं. 458 सेक्टर 16 पंचकुला, ने अपना नाम राजीव कुमार वालिया से बदलकर राजीव वालिया कर लिया है।

मैं मयंक पुत्र श्री भूषण पाल निवासी मकान नं. 56 सेक्टर-12ए पंचकुला हरियाणा ने अपना नाम मयंक से बदलकर मयंक गर्ग कर लिया है।

मैं किशोर कुमार जैन पुत्र श्री पान मल जैन निवासी मकान नं. 1606 सेक्टर-15 पंचकुला, हरियाणा अपना नाम किशोर कुमार जैन से बदलकर किशोर बोथरा कर लिया है।

मैं, रसाल सिंह पुत्र श्री अनन्त राम, निवासी हाउस नंबर 260, मॉडल टाउन, अम्बाला सिटी, हरियाणा ने अपना नाम रसाल सिंह से बदलकर रिसाल सिंह वालिया कर लिया है।

मैं गौतम पुत्र श्री किशोर बोथरा निवासी मकान नं. 1606 सेक्टर-15 पंचकुला हरियाणा ने अपना नाम गौतम से बदलकर गौतम जैन कर लिया है।

मैं No. JC-390325L Rank Sub Name Vijayan A P पुत्र K V Narayanan निवासी Kandanmar Veettil, Edoli, Vellora PO, Vellora, Kannur, Kerala ब्यान करता हूं कि मेरी मां का नाम A P Kunjiparvathi मेरे सर्विस रिकॉर्ड में गलत दर्ज है उनका सही नाम A P Kunhiparvathi है संबंधित नोट करें

एपी-7646

मैं, राजबीर कौर सैन्य संख्या-18007783एफ रैंक-नायक नाम-गुरजोग सिंह की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हुं जो वर्तमान में यूनिटः सीएमई, पुणे महाराष्ट्र-411031 में तैनात है स्थायी पताः गाँव डूल्ट, भुना, फतेहाबाद, हरियाणा, दुल्लत (76) , फतेहाबाद, हरियाणा, 125111 घोषणा करती हूं कि मैंने अपनी जन्मतिथि 14/01/1991 से 14/01/1990 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्याः 48AA 901312, दिनांकः 02/01/2025

मैं कलसुमन पुत्री लियाकत अली गांव इस्मिलपुर तहसील साढौरा जिला-यमुना नगर हरियाणा घोषणा करती हूं कि मैंने अपना धर्म मुस्लिम से हिंदू में बदल लिया है।

एपी-7652

मैं, कुलदीप सिंह पुत्र राम नारायण निवासी गांव सिल्लाखेडी, तहसील सफीदों, जिला जीन्द, (हरियाणा) मैंने अपना नाम बदलकर कुलदीप सिंह से बदलकर कुलदीप रख लिया है।

मैं, मुकेश कुमारी पत्नी कुलदीप निवासी गांव सिल्लाखेडी, तहसील सफीदों, जिला जीन्द, (हरियाणा) मैंने अपना नाम मुकेश कुमारी से बदलकर मुकेश रानी रख लिया है।

एपी-7653

मैं रितु रानी पुत्री सोमपाल निवासी मकान नंबर 9, निर्मल विहार, साईं मंदिर के पास करनाल हरियाणा ने अपना नाम रितु रानी से बदलकर रितु काम्बोज रख लिया है।

मैं संदीप पुत्र फूल चंद, मकान नं. 154, सेक्टर 19-ए, चंडीगढ़ ने अपना नाम संदीप से बदलकर संदीप शर्मा रख लिया है।

एपी-7642

मैं, गुरजीत सिंह पुत्र कुलवंत सिंह, Bhankar, पटियाला घोषणा करता हूं कि गुरजीत मेरा नाम है और सिंह सरनेम है।

एपी-7657

I, Mahesh Kumar Sharma S/o Late Kamlesh Kumar R/o #2606, Sector 20-C, Chandigarh, have changed my name from Mahesh Kumar Sharma to Mahesh Kumar. Concerned Note.

AP-7658

मैं Rajaish कुमार पुत्र श्री प्रेमचंद निवासी मकान नंबर 482 मांडखेडी की टपरिया, जगाधरी जिला यमुनानगर की मैंने अपना नाम Rajaish कुमार से बदलकर Rajesh कुमार रख लिया है।

एपी-7662

मैं हेमा पत्नी तरुण शर्मा निवासी मकान न.2927 शिव कॉलोनी गली न.1 ब्यान करती हूं कि हेमा पांडे और हेमा दोनों मेरे ही नाम है। मुझे दोनों नामों से जाना जाता है।

एपी-7663

मै, Gurlab Singh पुत्र जोगिंदर सिंह निवासी अदोया दीवाना, पिहोवा, कुरूक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर Gurlabh Singh रख लिया है।

मै, विजय कुमार पुत्र जय भगवान निवासी मकान न 408,वार्ड न 12,आचार्य मोहल्ला, पेहोवा, कुरुक्षेत्र, हरियाणा ने अपना नाम विजय शर्मा रख लिया है।

मैं,कमलेश देवी पत्नी भूपिन्द्र सिंह गांव ढोल, पिहोवा, कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर कमलेश उपनाम रानी रख लिया है

कार्यालय सब रजिस्ट्रार पिहोवा, सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि सुखदेव सिंह पुत्र ईकबाल सिंह पुत्र श्री सौदागर सिंह निवासी छज्जुपुर तहसील पिहोवा जिला कुरूक्षेत्र ने एक प्रार्थना पत्र बाबत मरणो परान्त वसीयत रजिस्ट्रड करने हेतू ईकबाल सिंह पुत्र श्री सौदागर सिंह निवासी छज्जुपुर तहसील पिहोवा जिला कुरूक्षेत्र द्वारा सुखदेव सिंह, बलजीत सिंह पुत्रान श्री ईकबाल सिंह पुत्र श्री सौदागर सिंह निवासीयान छज्जुपुर तहसील पिहोवा जिला कुरूक्षेत्र के पक्ष में तहरीर शुदा वसीयत दिनांक 17.11.2023 है प्रस्तूत की है। यदि उक्त वसीयत को रजिस्टर्ड करने बारे किसी को कोई भी एतराज हो तो वह इस इश्तहार के समाचार पत्र मे प्रकाशन होने के 30 दिनों के अन्दर अन्दर पेश कर सकता है। अन्यथा नियमानुसार उक्त वसीयत पंजीकृत कर दी जायेगी। कि सनद रहे दिनांक 31.12.2024, Tehsildar सब-रजिस्ट्रार, Pehowa (KKR: पेहवा (कुरूक्षेत्र) 01.01.2025

एपी-7664

मैं हश्र. 15739400F, रैंक SIGMN नाम Surendra Kumar Gochhi पुत्र Sh Mana Gochhi निवासी Mardarajpur, Nayagarh Odisha ब्यान करता हूं कि मेरे पिता का नाम Managobinda Gochhi मेरे सर्विस रिकॉर्ड में गलत लिखा हुआ है. उनका सही नाम Mana Gochhi है संबंधित नोट करें

एपी-7646

I, Renu W/o Sh. Hardeep Kumar R/o house no. 135, Kishan Garh, Manimajra, Chandigarh I have changed my name from Renu Bala to Renu. Future I may be known to my new adopted name of Renu.

AP-7656

### बेदखली सूचना

हम दया सिंह सुपुत्र श्री रामजी दास और श्रीमती राम कौर पत्नी श्री दया सिंह गाँव रामपुर जंगी, तहसील कालका, जिला पंचकूला, हरियाणा, के निवासी हैं हमारा बेटा कृपाल सिंह हमारे कहने से बाहर है। हम उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।

एपी-7646

मैं, सुनहरी पत्नी श्री रणधीर सिंह, निवासी गांव जौरासी सर्फ तहसील समालखा जिला पानीपत ब्यान करती हूं कि मेरी पोती तन्नू मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। मैं इसको अपनी चल अचल संपति से बेदखल करती हूं। भविष्य में इसके साथ लेन-देन,कानूनी - गैर कानूनी कार्य व अन्य व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

एपी-7651

मैं राम कुमार (आधार नं0 2493 2306 6262 ) पुत्र रणजीत निवासी गांव हाट तहसील सफीदों जिला जींद अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा लड़का हरमीत मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मै इसको अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इसके साथ कोई भी किसी भी प्रकार का लेनदेन करता है तो इसका वह स्वयं जिम्मेवार होगा। इसमें मेरे और परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

एपी-7653

मैं, जय सिंह पुत्र श्री रति राम निवासी राझेड़ी, डा. नाचरौन, तह. रादौर, जिला यमुनानगर, हरियाणा अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि मेरा लड़का मोन्टू मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और कभी भी हमारा कहना नही मानता, और बार-बार मेरे व मेरे परिवार के साथ झगड़ा करता है। इसके चाल-चलन से तंग आकर मैं अपने लड़के मोन्टू को अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। आज के बाद यदि कोई भी व्यक्ति इसके साथ लेन देन करेगा वह स्वयं जिम्मेवार होगा। आज के बाद मेरा वा मेरे परिवार के किसी सदस्य का इसके साथ कोई वास्ता नही है और न ही भविष्य में रहेगा।

एपी-7660

मैं मनमोहन बक्शी पुत्र बरकत राम निवासी मकान नंबर 976 गाँव व डाकघर बोह नजदीक बस स्टैंड अम्बाला छावनी कि मेरा लड़का नरेन्द्र बक्शी और उसकी पत्नी प्रिया बक्शी दोनों मेरे कहने सुनने से बाहर है मै इन्हे अपनी तमाम चल-अचल सम्पति से बे-दखल करता हूँ इनसे लेन-देन करने वाला नुकसान का खुद जिमेवार होगा मै या मेरा परिवार जिम्मेवार नही होगा। नोट करे।

एपी-7661

### खोया-पाया

मैं, दीप्ति मित्तल पत्नी मधुप कुमार मित्तल निवासी मकान नंबर 47, टाइप-3, थापर यूनिवर्सिटी कैंपस पटियाला (पंजाब)। मुझसे मेरी संपत्ति यूनिट नंबर के-31 तीसरी मंजिल जुबलि वॉक, सेक्टर 79, मोहाली पंजाब की मूल भुगतान रसीद संख्या 2627 दिनांक 28-07-2021 रुपये 763568 खो गई है। यदि किसी को मिले तो कृपया उक्त पते पर लौटा दें।

एपी-7645

मैं, अश्वनी कुमार मेहरा पुत्र श्री विद्या सिंह, निवासी फ्लैट नंबर 405, जीएचएस-8, सेक्टर-24 पंचकुला, घोषणा करता हूं कि मैंने उपरोक्त फ्लैट का दिनांक 26/03/2015 हस्तांतरण विलेख नंबर 3059/1, मार्केट सेक्टर- 25 पंचकुला में खो दिया है। डीडीआर- क्रमांक 13235020250000 9 दिनांक 02.01.2025 को पुलिस स्टेशन चंडीमंदिर में दर्ज किया गया है। यदि किसी को मिले तो कृपया उपरोक्त पते पर भेजें।

एपी-7646

### आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।




## सेक्टर 25 हत्याकांड सुलझा ▶ क्राइम ब्रांच और एसडीपीओ सेंट्रल की टीम को सफलता

# फरार आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

चंडीगढ़। यूटी पुलिस को उस वक्त एक बड़ी सफलता मिली। जब पुलिस ने सैक्टर 25 में एक युवक की हुई हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपियों को 24 घंटों के अंदर गिरफ्तार कर लिया है।पकड़े गए आरोपियों की पहचान सेक्टर 25 के रहने वाले 21 वर्षीय दीप कुमार,27 वर्षीय रोहित 27 वर्षीय राहुल और 21 वर्षीय विशांत के रूप में हुई है।

**क्या था मामला:** जानकारी के मुताबिक पता चला कि बीते सोमवार को शुभम की 6 साल की बेटी का जन्मदिन था। इसी दौरान सभी दोस्त पार्टी कर रहे थे। शुभम अपने दोस्तों के साथ सेक्टर 25 स्थित वाइन शॉप पर गया। जबकि आरोपी पहले से ही वहां पर मौजूद थे। इसी दौरान दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर बहस बाजी हो गई। बहस बाजी इतनी बढ़ गई कि आरोपियों ने शुभम पर चाकू से हमला कर दिया। जबकि उसके तीन साथियों को बुरी तरह से जख्मी कर दिया। खून से लथपथ जिन्हें तुरंत सेक्टर 16 के स्थानीय अस्पताल में पहुंचाया गया। यहां डॉक्टर ने शुभम को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके तीन साथी गंभीर रूप के जख्मी है। जिनका इलाज चल रहा है। वहीं पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए फरार हुए आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था।

पुलिस मामले में पकड़े गए आरोपियो को जिला अदालत में पेश कर रिमांड हासिल कर सकती है।

# प्रशासक ने किया यातायात और सड़क सुरक्षा जागरूकता वैन का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 2 जनवरी।** वीरवार को पंजाब के राज्यपाल और यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक द्वारा यातायात और सड़क सुरक्षा जागरूकता वैन का शुभारंभ किया गया।

सड़क सुरक्षा और जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, पंजाब के राज्यपाल और यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने सड़क सुरक्षा प्रदर्शनी वैन का शुभारंभ किया। इस मोबाइल पहल का उद्देश्य पूरे शहर में सड़क सुरक्षा प्रथाओं पर महत्वपूर्ण जानकारी फैलाना है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नागरिक सड़कों पर सुरक्षित निर्णय लेने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित हों।

इंटरैक्टिव डिस्प्ले, शैक्षिक सामग्री और सुरक्षा प्रदर्शनों से लैस यह वैन चंडीगढ़ के विभिन्न हिस्सों, स्कूलों, व्यस्त चौराहों और आवासीय क्षेत्रों में जाएगी। इसका उद्देश्य सुरक्षित ड्राइविंग, पैदल यात्रियों की सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

जनता से सीधे जुड़कर, अभियान स्कूली बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक सभी उम्र के नागरिकों को सड़क पर जिम्मेदार व्यवहार के बारे में शिक्षित करेगा।सड़क सुरक्षा प्रदर्शनी वैन चंडीगढ़ में शहरी गतिशीलता और सड़क सुरक्षा की चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक समय पर और प्रभावी उपाय है। यह पहल चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस की शहर की सड़कों को सभी के लिए सुरक्षित बनाने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

## तुम जियो हजारों साल



शौर्य बंसीवाल को उनके जन्मदिन पर परिवार व सगे संबंधियों की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

# जेबीटी संस्थानों को मिलेगी अटकी एलटीसी, 2 करोड़ का बजट जारी

डाइट व बाइट को वर्ष 2020-23 की एलटीसी की गई जारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 2 जनवरी।** जूनियर बेसिक प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) योजना के अंतर्गत ब्लाक वर्ष 2020-23 के लिए अवकाश यात्रा रियायत (एलटीसी) बजट जारी किया गया है। ब्लाक वर्ष 2020-23 के लिए डाइट व बाइट संस्थानों को एलटीसी का 2 करोड़ रुपये का बजट अलाट किया गया है।


माध्यमिक शिक्षा निदेशक की ओर से सभी डाइट, बाइट्स और गेटिस प्राचार्यों को पत्र लिखकर निर्देश जारी किए हैं कि ब्लाक वर्ष 2020-23 के दौरान एलटीसी के लिए बजट आवंटित किया जाता है। साथ ही यह भी हिदायत दी गई है कि किसी भी नए पद की रचना नहीं की जाएगी और खर्चा स्वीकृत बजट व्यवस्था के अंदर ही होगा तथा निर्धारित मानदंड व नियमानुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से किया जाएगा। सेलरी के मदों में स्वीकृत की गई राशि को बिना वित्त विभाग की अनुमति के डायवर्ट नहीं किया जाएगा और पदों के वेतनमान राज्य सरकार के नवीनतम व अनुमोदित वेतनमानों के अनुसार ही होंगे।

### नाम डाइट व बाइट आवंटित राशि करोड़ में

डाइट मोहड़ा (अंबाला) 900000
डाइट चरखी-दादरी 900000
डाइट फरीदाबार 664008
डाइट गुरुग्राम 377848
डाइट हिसार 1500000
डाइट जींद 800000
डाइट कैथल 800000
डाइट करनाल 1350000
डाइट कुरुक्षेत्र 510000
डाइट महेंद्रगढ़ 900000
डाइट पानीपत 1400000
डाइट पंचकूला 1309414
डाइट रेवाड़ी 1276424
डाइट रोहतक 1500000
डाइट सिरसा 800000
डाइट सोनीपत 1000000
डाइट यमुनानगर 1000000
डाइट फतेहाबाद 850000
डाइट झज्जर 850000
डाइट मेवात 368066
डाइट पलवल 201368
बाइट फतेहाबाद 284000
बाइट नूंह 219600
गेटिस नूंह 239272
कुल 20000000

**क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्यरत सहायकों की वरिष्ठता सूची होगी तैयार:** शिक्षा विभाग ने क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्यरत तृतीय वर्गीय सहायक कर्मचारियों की वरिष्ठता सूची तैयार करने की कवायद शुरू कर दी है। वरिष्ठता सूची के आधार पर सहायकों को उप अधीक्षक के पद पर पदोन्नत किया जाएगा। निदेशालय की ओर से एससीईआरटी गुरुग्राम, राज्य के सभी जिला शिक्षा व मौलिक अधिकारियों के साथ खंड शिक्षा अधिकारी और डाइट, बाइट व गेटीज प्राचार्यों को पत्र लिखक निर्देश जारी किए गए हैं कि क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्यरत सहायकों की अस्थाई वरिष्ठता सूची विभागीय वेबसाइट पर अपलोड की गई है, यदि किसी कर्मचारी को कोई ऐतराज है तो इस मामले में संबंधित पूर्ण दस्तावेज व प्रमाण सहित अपनी टिप्पणी आगामी सात दिन के भीतर निदेशालय में भिजवाई जाए। निर्धारित अवधि के बाद आने वाली आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।
















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)